# नई सोच एक्सप्रेस

हर खबर पर पैनी नजर

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

पेज : 12


मनिका ने एशियाई खेलों के लिए टीम चयन...




www.naisochlive.com | पटना, मंगलवार, 23 जून 2026, वर्ष- 09, अंक- 119, पृष्ठ-12, मूल्य - 3:00 | naisochexpress@gmail.com


# लखनऊ की 3 मंजिला इमारत में भीषण आग, 12 लोगों की मौत, कई झुलसे

**एजेंसी। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में सोमवार दोपहर तीन मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन दल ने बचाव और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग में फंसे कुछ लोगों ने कूद कर जान बचाई। अब तक इस अग्निकांड में 12 मौतें हो चुकी हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इसकी पुष्टि की है। अधिकारियों ने बताया कि अग्निशमन विभाग को अपराह्न करीब तीन बजे अलीगंज थाना क्षेत्र के उषा मेहता मार्ग पर स्थित एक तीन मंजिला इमारत में आग लगने की सूचना मिली।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग लगने के बाद कई लोग इमारत से बाहर निकलने में कामयाब रहे, जबकि कुछ अन्य लोगों के अंदर फंसे होने की आशंका जताई जा रही थी। घटनास्थल से सामले आई तस्वीरों में अग्निशमन कर्मी सुरक्षा उपकरणों से लैस होकर सीढ़ियों की मदद से बाहर से इमारत पर चढ़ते नजर आ रहे हैं। अग्निशमन कर्मियों की एक अन्य टीम को बगल की उतनी ही ऊंचाई वाली इमारत से ऊपर की तरफ से रास्ता बनाकर अंदर दाखिल होते देखा गया, जबकि अन्य टीम आग बुझाने की कोशिशें करती नजर आ रही थीं।बचाव अभियान में शामिल अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए हाइड्रोलिक सीढ़ी से लैस वाहन सहित 14 दमकल वाहन मौके पर भेजे गए हैं। एक अन्य स्थानीय निवासी ने बताया,''हो सकता है कि आग किसी चिंगारी से लगी हो। अपनी जान बचाने के लिए सात-आठ छात्र इमारत से कूद गए। हालांकि, अब भी करीब 20 से 25 छात्रों के अंदर फंसे होने की आशंका है। मौके पर मौजूद अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) बबलू कुमार ने पुष्टि की कि आग से बचने के लिए कुछ लोग इमारत से कूदे थे।

उन्होंने कहा कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इस घटना में किसी की मौत हुई है या नहीं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्राथमिकता इमारत के अंदर फंसे किसी भी व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकालना है। उन्होंने कहा कि कितने लोग फंसे हो सकते हैं, इस बारे में चश्मदीदों से अलग-अलग जानकारी मिल रही है। कुछ समय बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।पाठक ने बताया कि इमारत में स्थित एक कोचिंग संस्थान में आग लगी थी और सभी छात्रों को सुरक्षित बाहर निकालने की कोशिश की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि कुछ बच्चों को बचा लिया गया है।

## पीएम ने अग्निकांड पर जताया शोक, मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख की सहायता की घोषणा



**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हुई आग की घटना में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी संदेश में कहा कि लखनऊ में आग की दुर्घटना में हुई जनहानि से प्रधानमंत्री व्यथित हैं। उन्होंने कहा कि राहत एवं बचाव कार्य जारी है और स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध करा रहा है।

प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से मृतकों के निकटतम परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

## मुख्यमंत्री ने अपने सभी कार्यक्रम रद्द किए



**लखनऊ**। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में एक कोचिंग संस्थान में आग लगने की घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आगे के सभी कार्यक्रम रद्द कर अलीगढ़ से लखनऊ के लिए रवाना हुए। इससे पहले उन्होंने उप्र के पुलिस महानिदेशक और अपर मुख्य सचिव गृह समेत अन्य अधिकारियों को मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा, "मेरी हार्दिक इच्छा थी कि आज मैं अलीगढ़ में रहूं, लेकिन मुझे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि अभी-अभी मुझे जानकारी मिली है कि लखनऊ में एक आग लगने की दुखद घटना हुई है। उसकी चपेट में कुछ बच्चे आये हैं। उनकी दुखद मौत हुई है।

## दो घंटे में तय होगा दिल्ली से लखनऊ का सफर, हाई स्पीड कॉरिडोर को मिली मंजूरी

### देश को अगले साल मिल जाएगी पहली बुलेट ट्रेन, सात रूट्स पर चलेगी

**नई सोच एक्सप्रेस। नई दिल्ली**



देश को अगले साल के मध्य में पहली बुलेट ट्रेन मिल जाएगी। मुंबई से अहमदाबाद के बीच चलने वाली इस बुलेट ट्रेन के लिए काम कई सालों से जारी है। इस बीच देश के सात नए बुलेट ट्रेन हाई स्पीड कॉरिडोर को मंजूरी मिल गई है। इसके तहत दिल्ली से वाराणसी एक हाई स्पीड रेल कॉरिडोर बनेगा, जिसमें बुलेट ट्रेन महज दो घंटे में ही दिल्ली से लखनऊ पहुंचा देगी। वहीं, दिल्ली से वाराणसी के लिए महज तीन घंटे 15 मिनट का ही समय लेगा। ट्रेन की अधिकतम स्पीड 350 किलोमीटर प्रति घंटे होगी और यह हवा से बातें करेगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मुंबई से अहमदाबाद एक घंटे 57 मिनट, मुंबई से पुणे 48 मिनट, बेंगलुरु से चेन्नई 73 मिनट्स, बेंगलुरु से हैदराबाद 2 घंटे 10 मिनट, पुणे से हैदराबाद 2 घंटे 8 मिनट, दिल्ली से लखनऊ 2 घंटे, दिल्ली से वाराणसी 3 घंटे 15 मिनट, दिल्ली से सिलिगुड़ी 6 घंटे का समय लेगा। इन सात रूट्स पर हाई स्पीड बुलेट ट्रेन चलेगी। दिल्ली से वाराणसी तक लगभग 812 किलोमीटर लंबा रूट होगा। इस पर हाईस्पीड बुलेट ट्रेन की मैक्सिमम स्पीड 350 किलोमीटर प्रति घंटे होगी, जबकि संचालन की स्पीड 320 किलोमीटर प्रति घंटे होगी।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पीएम मोदी ने सात नए कॉरिडोर का फैसला लिया है। इसके तहत मुंबई से पुणे 170 किलोमीटर के कॉरिडोर पर सफर सिर्फ 48 मिनट में पूरा होगा। अच्छा इकनॉमिक कॉरिडोर बन जाएगा। पुणे से हैदराबाद जोकि 500 किलोमीटर है करीब, दो घंटे 8 मिनट में पूरा हो जाएगा। महाराष्ट्र में दो लाख करोड़ का निवेश हो रहा है। वहीं, लखनऊ से अयोध्या हाईस्पीड रूट की लंबाई 124 किलोमीटर होगी। दिल्ली से वाराणसी रूट पर चलने वाली बुलेट ट्रेन के लिए राज्य में कई शहरों में स्टेशन रखे गए हैं, ताकि आसपास के रहने वाले लोगों को फायदा मिल सके। दिल्ली, नोएडा, मथुरा, आगरा, इटावा, कन्नौज, लखनऊ, अयोध्या, रायबरेली, प्रयागराज, वाराणसी में स्टेशन का प्रस्ताव दिया गया है। हालांकि, आखिरी फैसला बाद में लिया जाएगा। रेल मंत्रालय के मुताबिक गुजरात में कई हिस्सों पर ट्रैक, स्टेशन और वायाडक्ट का काम तेजी से चल रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया है कि भारत को 15 अगस्त 2027 को अपनी पहली बुलेट ट्रेन मिलने की संभावना है। पहला सेक्शन सूरत से बिलिमोरा तक होगा, उसके बाद वापी से सूरत तक का सेक्शन होगा। वहीं मुंबई तक पूरी लाइन 2028-29 तक चालू किए जाने की संभावना है। पूरी तरह शुरू होने पर मुंबई और अहमदाबाद के बीच यात्रा का समय करीब 2 से 3 घंटे रह जाएगा, जो अभी 6-7 घंटे से ज्यादा है।

## संक्षिप्त समाचार

### आधार ऐप 5 महीने में 31 मिलियन से अधिक डाउनलोड



**नई दिल्ली**। केन्द्र सरकार की ओर से शुरू किए गए नए आधार ऐप को देश भर में जनता की भारी स्वीकृति मिल रही है। शुरू होने के 5 महीने से भी कम समय में इस ऐप के डाउनलोड का आंकड़ा 31 मिलियन (3.1 करोड़) के पार पहुंच गया है। यह तेजी से बढ़ती संख्या लोगों के बीच ऐप की उपयोगिता और इस पर बढ़ते भरोसे को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार 'ईज ऑफ लिविंग' यानी जीवन को सुगम बनाने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया यह नया ऐप लोगों को उनके स्मार्टफोन के जरिए ही कई जरूरी डिजिटल सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। ऐप के जरिए अब तक लगभग 40 लाख लोगों ने नए आधार ऐप का उपयोग करके अपने मोबाइल नंबर अपडेट किए हैं। वहीं, लगभग 8.5 लाख (8,50,000) लोगों ने ऐप का उपयोग करके अपना पता अपडेट किया है। यह ऐप आधार नंबर धारकों को उनकी पहचान दिखाने, साझा करने और सुरक्षित तरीके से सत्यापित करने का एक सुविधाजनक और 'गोपनीयता-प्रथम' जरिया प्रदान करता है। इसमें सुरक्षा और जनहित को ध्यान में रखते हुए कई आधुनिक फीचर्स दिए गए हैं। इनमें बायोमेट्रिक लॉक/अनलॉक, चेहरे से सत्यापन, प्रमाणीकरण इतिहास, क्यूआर-कोड आधारित संपर्क कार्ड और ऑनलाइन अपॉइंटमेंट शामिल है। मंत्रालय के मुताबिक, यह ऐप आम जिंदगी के कई जरूरी कामों में बेहद मददगार साबित हो रहा है।

### कामाख्या मंदिर में चार दिवसीय अंबुवाची मेला में आएंगे देश-विदेश के हजारों श्रद्धालु



**नई दिल्ली**। पूर्वी भारत में अंबुवाची मेला सोमवार से कामाख्या मंदिर में शुरू होने जा रहा है। चार दिन तक चलने वाले इस मेले में देश-विदेश से श्रद्धालु, तीर्थयात्री, साधु और पर्यटक शामिल होने की उम्मीद है। नारी शक्ति और प्रजनन क्षमता के प्रतीक के रूप में मनाया जाने वाला अंबुबाची मेला, देवी कामाख्या के वार्षिक मासिक धर्म चक्र का उत्सव है। देवी कामाख्या को दैवीय स्त्री रचनात्मक ऊर्जा का साक्षात् स्वरूप माना जाता है। यह त्योहार भारत में शक्ति उपासना से जुड़े सबसे अहम आयोजनों में से एक है, जिसका तांत्रिक परंपराओं को मानने वालों के बीच विशेष महत्व है। मीडिया रिपोर्ट में कामाख्या मंदिर प्रशासन के मुताबिक धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत सोमवार रात प्रवृत्ति समारोह के साथ होगी, जो इस पवित्र समय की शुरुआत का प्रतीक है। अनुष्ठान शुरू होने के बाद मंदिर के दरवाजे तीन दिनों तक बंद रहेंगे और इस दौरान भक्तों को गर्भगृह में प्रवेश करने की इजाजत नहीं होगी। मंदिर 26 जून की सुबह निवृत्ति अनुष्ठान और पारंपरिक नित्य पूजा पूरी होने के बाद खुलेगा। इसके बाद भक्तों को मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद ले सकेंगे। नीलाचल पहाड़ियों पर स्थित कामाख्या मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है और इसे हिंदुओं के लिए सबसे पवित्र तीर्थ स्थलों में से एक माना जाता है।

## विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगोलिया में अपने समकक्ष से की मुलाकात, द्विपक्षीय संबंधों और सहयोग हुई चर्चा



**नई दिल्ली**। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर अपनी चार दिन की विदेश यात्रा के पहले चरण में सोमवार को मंगोलिया पहुंचे और राजधानी उलानबटोर में अपने समकक्ष विदेश मंत्री बत्त्सेत्सेग बैटमुंख से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों और सहयोग की विकास परियोजनाओं, क्षमता निर्माण, संस्कृति, शिक्षा, सुरक्षा जैसे तमाम मुद्दों पर चर्चा की। जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि उन्हें विदेश मंत्री बत्त्सेत्सेग बैटमुंख से मुलाकात कर खुशी हुई। बातचीत में भारत-मंगोलिया रणनीतिक साझेदारी की गर्मजोशी, मजबूती और संभावनाएं झलकती हैं। दोनों नेताओं ने विकास परियोजनाओं, क्षमता निर्माण, संस्कृति, शिक्षा, सुरक्षा और बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही खनन, स्वच्छ ऊर्जा और कृषि प्रसंस्करण में अवसरों पर भी चर्चा की। जयशंकर ने कहा कि भारत मंगोलिया का तीसरा पड़ोसी और आध्यात्मिक साझेदार है और दोनों देशों के घनिष्ठ व सौहार्दपूर्ण संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। उल्लेखनीय है कि डॉ. जयशंकर 22 और 23 जून को मंगोलिया की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वे मंगोलियाई नेतृत्व से मुलाकात करेंगे। इसके बाद विदेश मंत्री 24 और 25 जून को दक्षिण कोरिया की यात्रा करेंगे। वहां वे विदेश मंत्री चो ह्यून के साथ बातचीत करेंगे और 25 जून को जेजू में आयोजित 'शांति और समृद्धि के लिए जेजू फोरम' में मुख्य भाषण देंगे।

## E20 से E85 तक: क्या एथेनॉल नीति भारत के वाहन चालकों पर पड़ रही भारी?

**एजेंसी। नई दिल्ली**




- वाहन मालिकों की बढ़ती शिकायतों के बीच एथेनॉल मिश्रण पर छिड़ी नई बहस
- नितिन गडकरी विपक्ष और सोशल मीडिया के निशाने पर
- एथेनॉल बना वाहन मालिकों की नई मुसीबत?
- गडकरी का ड्रीम प्रोजेक्ट या वाहन चालकों की परेशानी?

पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण बढ़ाने की केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अब देशभर में नई बहस का विषय बन गई है। सरकार जहां इसे ऊर्जा आत्मनिर्भरता, किसानों की आय बढ़ाने और विदेशी तेल आयात पर निर्भरता घटाने का माध्यम बता रही है, वहीं बड़ी संख्या में वाहन मालिक, मैकेनिक और ऑटोमोबाइल विशेषज्ञ इसके तकनीकी प्रभावों को लेकर सवाल उठा रहे हैं। स्थिति यह है कि सोशल मीडिया पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी लगातार आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं। भारत में फिलहाल E20 (20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल) को बढ़ावा दिया जा रहा है, लेकिन सरकार द्वारा E85 (85 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण) को भी मंजूरी दिए जाने के बाद बहस और तेज हो गई है। सवाल यह उठ रहा है कि जब देश की अधिकांश गाड़ियां अभी E20 के अनुरूप भी पूरी तरह तैयार नहीं हैं, तब E85 जैसे उच्च मिश्रण वाले ईंधन की दिशा में बढ़ना कितना व्यावहारिक होगा।

**वाहन मालिकों की बढ़ती शिकायतें** : देश के विभिन्न हिस्सों से वाहन चालकों द्वारा माइलेज कम होने, इंजन की परफॉर्मेंस प्रभावित होने, फ्यूल पंप और इंजेक्टर में खराबी आने तथा रखरखाव खर्च बढ़ने की शिकायतें सामने आ रही हैं। ऑटोमोबाइल तकनीशियनों का कहना है कि एथेनॉल पेट्रोल की तुलना में अधिक नमी आकर्षित करता है। इसके कारण लंबे समय तक खड़े रहने वाले वाहनों में फ्यूल सिस्टम से जुड़ी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

## सीबीआई ने धनबाद में एसबीआई से सवा करोड़ की धोखाधड़ी मामले में दो फरार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली**। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 1.25 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी के मामले में फरार घोषित दो आरोपियों को गिरफ्तार रविवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी बृजभूषण प्रसाद और करतार सिंह पर झारखंड के धनबाद की भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की मुख्य शाखा से नवंबर 2002 से जून 2005 के बीच 1,25,47,950 रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। सीबीआई ने बताया कि दोनों आरोपी जांच के दौरान नेपाल भाग गए थे, जिसके बाद न्यायालय ने उन्हें भगोड़ा घोषित किया और उनके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किए गए। दोनों आरोपियों को रविवार को दो अलग-अलग कार्रवाइयों में गिरफ्तार किया गया। एजेंसी ने बताया कि बृजभूषण प्रसाद को महाराष्ट्र में अहमदनगर जिले के कोपरगांव से जबकि करतार सिंह को छत्तीसगढ़ के रायपुर से गिरफ्तार किया गया। एजेंसी ने बताया कि नवंबर 2002 से जून 2005 के बीच 1,25,47,950 रुपये की इस धोखाधड़ी के मामले में सीबीआई ने अगस्त 2005 के मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान दोनों आरोपी देश छोड़कर नेपाल भागने में सफल रहे।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने इस हफ्ते होंगी कई दौर की बैठकें



**नई दिल्ली**। भारत-अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने के लिए बातचीत तेज करने जा रहे हैं। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने सोमवार को बताया कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर नई दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ कई दौर की बैठकें करेंगे। इन बैठकों का उद्देश्य अगले महीने लागू होने वाली अहम टैरिफ समयसीमा से पहले व्यापार समझौते को आगे बढ़ाना है। सर्जियो गोर ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि नई दिल्ली में राजदूत ग्रीर का स्वागत करने के लिए उत्साहित हूं। ग्रीर की पीयूष गोयल के साथ बातचीत ऐसे समय में हो रही है जब दोनों देश प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के ढांचे को अगले महीने की अहम टैरिफ समयसीमा से पहले अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। मंत्रिस्तरीय यह बैठक भारत और अमेरिका के बीच चल रही अंतरिम व्यापार समझौते की बातचीत का हिस्सा है। माना जा रहा है कि यह अंतरिम समझौता भविष्य में व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते का रास्ता तैयार करेगा। बीते रविवार को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि उनके अमेरिकी समकक्ष व्यापार समझौते पर चर्चा के लिए नई दिल्ली आने वाले हैं।

## ब्रिक्स बैठक में भाग लेने नई दिल्ली पहुंचे ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के उप सचिव नेजामी

**नई सोच एक्सप्रेस। नई दिल्ली**



ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के उप सचिव घादिर नेजामी सोमवार को ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों और सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों की बैठक में भाग लेने के लिए नई दिल्ली पहुंचे। भारत में ईरानी दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जानकारी दी कि घादिर नेजामी अपनी यात्रा के दौरान विभिन्न विशेष सत्रों में भाग लेंगे और सहभागी देशों के अधिकारियों से मुलाकात कर सुरक्षा मुद्दों तथा बहुपक्षीय सहयोग पर विचार-विमर्श करेंगे। दूतावास के अनुसार बैठक में आतंकवाद, साइबर सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा और बहुपक्षीय सहयोग जैसे विषयों पर चर्चा होगी। नेजामी इस दौरान सहभागी देशों के अधिकारियों से मुलाकात भी करेंगे। बैठक का उद्देश्य सदस्य देशों के बीच सुरक्षा मामलों पर सहयोग को और मजबूत करना है। उल्लेखनीय है कि यहां नई दिल्ली में 22 तथा 23 जून को ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों और सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों की 16वीं बैठक आयोजित हो रही है। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की अध्यक्षता में होने वाली इस दो दिवसीय बैठक में साइबर सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, आतंकवाद तथा अन्य गैर-पारंपरिक सुरक्षा चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा हो सकती है। यह बैठक सितंबर 2026 में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का हिस्सा है, जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका समेत विस्तारित ब्रिक्स सदस्य देश भाग लेंगे।

## संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई हैं : ईरानी विदेश मंत्री

**एजेंसी। तेहरान/स्विट्जरलैंड**



ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराक्ची ने कहा है कि पाकिस्तान और कतर की मध्यस्थता से क्षेत्रीय संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, लेकिन लेबनान में युद्धविराम (सीजफायर) का प्रभावी क्रियान्वयन अभी भी सबसे बड़ी परीक्षा बना हुआ है। ईरान की सरकारी समाचार संवाद समितित प्रेसटीवी ने बताया कि सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान में अराक्ची ने पाकिस्तान और कतर की "अथक मध्यस्थता" की सराहना करते हुए कहा कि संघर्ष समाप्ति की दिशा में कई सकारात्मक कदम उठाए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि तेल और पेट्रोकेमिकल निर्यात से जुड़ी रियायतें दी गई हैं, कुछ प्रतिबंधों में ढील मिली है तथा पुनर्निर्माण और विकास योजनाओं पर काम शुरू हुआ है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि इन प्रयासों की वास्तविक सफलता लेबनान में युद्धविराम को पूरी तरह लागू करने पर निर्भर करेगी। यह बयान उस समय आया है जब ईरान और अमेरिका के बीच स्विट्ज़रलैंड में उच्चस्तरीय तकनीकी वार्ता का पहला दौर संपन्न हुआ। ईरानी अधिकारियों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हालिया टिप्पणियों और धमकी भरे बयानों के बाद बहुपक्षीय (क्वाड्रिलेटरल) बैठकें रोक दी गईं, हालांकि तकनीकी स्तर पर बातचीत जारी रखने पर सहमति बनी है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने बताया कि वार्ता का मुख्य उद्देश्य पूर्व में हुए समझौतों के क्रियान्वयन पर चर्चा करना था। उन्होंने कहा कि युद्ध की समाप्ति और क्षेत्रीय स्थिरता के बिना किसी अंतिम समझौते तक पहुंचना संभव नहीं होगा। बातचीत में ईरान की तेल बिक्री से जुड़े प्राधिकरण, फ्रीज किए गए वित्तीय संसाधनों की रिहाई तथा होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की सुरक्षित आवाजाही जैसे मुद्दों पर भी प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि ईरान अमेरिकी प्रतिबद्धताओं के क्रियान्वयन पर कड़ी नजर रखेगा। इस बीच, कतर और पाकिस्तान ने एक संयुक्त बयान जारी कर वार्ता को सकारात्मक और रचनात्मक बताया। बयान में कहा गया कि भविष्य की तकनीकी चर्चाओं के लिए एक संस्थागत तंत्र विकसित करने तथा राजनीतिक निगरानी के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित करने पर सहमति बनी है।

## राष्ट्रपति ने चीता मित्रों से चीता संरक्षण पर की बातचीत

**श्योपुर**। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा दो दिवसीय कूनो नेशनल पार्क के प्रवास के दौरान आज ग्वालियर एयरबेस के लिए रवाना होने से पूर्व चीता मित्रों से चीता संरक्षण पर चर्चा की गई। इस अवसर पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा चीता मित्रों से चर्चा करते हुए उनके द्वारा चीतों की सुरक्षा और आमजन के बीच चीतो के व्यवहार को लेकर किये जा रहे जन जागरूकता के प्रयासों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। चीता मित्रों ने अवगत कराया कि कूनो नेशनल पार्क से लगे सभी ग्रामों में चीता मित्र मौजूद है, जिनके द्वारा ग्रामीणों को चीतो की सुरक्षा के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। चीतो के आबादी क्षेत्र में आवागमन की स्थिति पर किये जाने वाले कार्यो के संबंध में सभी को अवगत कराया गया है। ग्रामीणों को यह जानकारी भी दी जा रही है कि स्वभाविक रूप से चीते किसी को नुकसान नही पहुंचाते है, चीता जब आबादी क्षेत्र अथवा खेतो में दिखाई दे तो तत्काल वन विभाग को अवगत कराया जाये और चीतों को किसी भी प्रकार से नुकसान नही पहुंचाया जायें। भारत में चीतों की पुर्न बसाहट के लिए यह परियोजना अति महत्वपूर्ण है।

## राम मंदिर में 200 किलो चांदी की ईंटों पर विवाद

**अयोध्या**। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर एक नए विवाद के केंद्र में आ गया है। इस बार सिंधी समाज ने मंदिर निर्माण के लिए दान की गई 200 किलोग्राम चांदी की ईंटों के संबंध में गंभीर आरोप लगाए हैं, जिनका कहना है कि उन्हें आज तक इन दान की गई ईंटों की कोई रसीद या आधिकारिक जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। विश्व सिंधी सेवा संगम के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजू मनवानी के अनुसार, 26 जनवरी 2021 को दुनिया भर के सिंधी समाज के सहयोग से ये चांदी की ईंटें श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय को कारसेवक पुरम में सौंपी गई थीं। इन ईंटों पर समाज के पूजनीय देवता झूलेलाल की तस्वीर अंकित थी और इस कार्यक्रम में 12 विभिन्न देशों के सिंधी प्रतिनिधि उपस्थित थे। डॉ. मनवानी ने इसकी तस्वीरें भी साझा की हैं। उन्होंने बताया कि उस समय उन्हें आश्वासन दिया गया था कि चांदी की जांच के बाद उन्हें दान की रसीद प्रदान की जाएगी, लेकिन यह वादा कभी पूरा नहीं हुआ। डॉ. मनवानी का कहना है कि राम मंदिर में चढ़ावे और निर्माण कार्यों में कथित हेराफेरी को लेकर चल रही हालिया खबरों के बाद उनकी चिंता बढ़ गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### भगवान राम के भक्तों की आस्था भी लालच और भ्रष्टाचार से अछूती नहीं है : भाकपा

**पटना।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने बयान जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2024 के लोकसभा चुनाव में वोट का धुर्वीकरण करने के लिए अयोध्या में राम मंदिर का उदघाटन किया था जिसका भाजपा को चुनावी लाभ मिला। लेकिन अब मंदिर में 200 करोड़ रुपये से ज्यादा के चढ़ावा और बेशकीमती सोने, चांदी हीरे आदि के चोरी का मामला प्रकाश में आया है। मंदिर ने बाजार मूल्य से 500 से 800 फीसद अधिक कीमत पर 71 एकड़ भूमि की खरीद की है। यह पूरा मामला बड़े लूट की ओर इशारा कर रहा है। इस लूट में भाजपा और आरएसएस के लोग शामिल हैं। जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि आरएसएस-भाजपा के लिए राम मंदिर हमेशा से एक राजनीतिक परियोजना रही है, जिसका इस्तेमाल समाज को ध्रुवीकृत करने और भारी मात्रा में वित्तीय संसाधन जुटाने के लिए किया जाता रहा है। सैकड़ों करोड़ रुपये के वित्तीय गबन के हालिया आरोपों ने एक बार फिर आरएसएस-भाजपा के करीबी लोगों द्वारा मंदिर के प्रबंधन के तरीके पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। राम मंदिर के उद्घाटन के बाद से यह पहला विवाद नहीं है। इससे पहले भी मंदिर के आसपास बड़े पैमाने पर भूमि की सौदेबाजी और मुनाफाखोरी के आरोप सामने आए थे, जिनमें आरएसएस-भाजपा से जुड़े व्यक्तियों और नौकरशाहों द्वारा मंदिर के आसपास जमीन के बड़े-बड़े टुकड़े खरीदे जाने की बात कही गई थी।

### 06 जुलाई को विद्यापति भवन में होगी हम (से.) बिहार राज्य परिषद की बैठक

**पटना।** हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार बिहार प्रदेश राज्य परिषद की बैठक 06 जुलाई 2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे पटना स्थित विद्यापति भवन में आयोजित की जाएगी।उन्होंने कहा कि इस बैठक में पार्टी के संगठनात्मक चुनाव, संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान की समीक्षा तथा विभिन्न महत्वपूर्ण राजनीतिक एवं जनसरोकार से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत परिचर्चा की जाएगी। बैठक में राज्य परिषद के सदस्य, प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष एवं अन्य आमंत्रित प्रतिनिधि भाग लेंगे।राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा 03 जुलाई तक सभी राज्यों में राज्य परिषद की बैठक एवं संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में बिहार प्रदेश इकाई की बैठक आयोजित की जा रही है, जिसमें संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय तथा लोकतांत्रिक बनाने के लिए आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे।

### राइपनिंग चैंबर स्थापना पर 35 प्रतिशत अनुदान, अधिकतम 35,000 रुपये प्रति मीट्रिक टन सहायता : विजय

**पटना।** कृषि विभाग अंतर्गत उद्यान निदेशालय द्वारा राज्य में फलों के सुरक्षित, वैज्ञानिक एवं नियंत्रित परिपक्वन को बढ़ावा देने के लिए राइपनिंग चैंबर की स्थापना को प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह पहल मुख्यमंत्री के सात निश्चय-3 के अंतर्गत दोगुनी आय-दोगुना रोजगार के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से किसानों, किसान उत्पादक संगठनों, स्वयं सहायता समूहों, महिला उद्यमियों तथा युवाओं को आधुनिक बागवानी मूल्य-श्रृंखला से जोड़ते हुए उनकी आय बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। यह बात आज मीठापुर स्थित कृषि भवन में उद्यान निदेशालय की समीक्षा बैठक के दौरान कृषि मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा ने कही।बिहार में केला सहित विभिन्न फलों के उत्पादन के दौरान कटाई के समय बाजार में एक साथ अधिक मात्रा में उपज आने से किसानों को अक्सर कम कीमत पर फल बेचने के लिए मजबूर होना पड़ता है। पर्याप्त राइपनिंग चैंबर उपलब्ध नहीं होने के कारण उपज का वैज्ञानिक प्रबंधन नहीं हो पाता, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। वहीं बाद के महीनों में राज्य को अन्य प्रदेशों से पके फलों की आपूर्ति पर निर्भर रहना पड़ता है। राइपनिंग चैंबर की सुविधा उपलब्ध होने पर फलों को नियंत्रित वातावरण में सुरक्षित रखा जा सकता है तथा मांग और बेहतर बाजार मूल्य के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से बाजार में उपलब्ध कराया जा सकता है।राइपनिंग चैंबर में तापमान, आर्द्रता, वायु-संचार तथा एथिलीन गैस की वैज्ञानिक एवं नियंत्रित व्यवस्था होती है। इससे कैल्शियम कार्बाइड जैसे हानिकारक रसायनों के उपयोग की आवश्यकता समाप्त हो जाती है और फल प्राकृतिक, सुरक्षित तथा समान रूप से पकते हैं। इससे फलों की गुणवत्ता, स्वाद, रंग, सुगंध और शेल्फ-लाइफ में सुधार होता है, जिससे बाजार में उनकी मांग और मूल्य दोनों बढ़ते हैं। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि योजना के अंतर्गत राइपनिंग चैंबर की स्थापना पर 35 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। पात्र लाभार्थियों को अधिकतम 35,000 रुपये प्रति मीट्रिक टन क्षमता तक सहायता प्रदान की जाएगी। यह योजना किसान उत्पादक संगठनों, सहकारी समितियों, महिला स्वयं सहायता समूहों, उद्यमियों एवं फल उत्पादकों के लिए आधुनिक बागवानी अवसंरचना विकसित करने का उत्कृष्ट अवसर है। श्री सिन्हा ने कहा कि बिहार सरकार किसानों को केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि उन्हें वैज्ञानिक परिपक्वन, सुरक्षित भंडारण, बेहतर विपणन एवं आधुनिक मूल्य-श्रृंखला से जोड़कर उनकी आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करना चाहती है। उन्होंने किसानों, एफपीओ, महिला समूहों और युवाओं से इस योजना का लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि राइपनिंग चैंबर जैसी आधुनिक सुविधाएं बिहार को सुरक्षित, उच्च-मूल्य एवं आय-सृजन करने वाली बागवानी का अग्रणी राज्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

### गंभीर आरोपों पर सख्त कार्रवाई, लंबित फाइलों पर भी होगी जवाबदेही तय : नीतीश मिश्रा

**पटना।** नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा ने सोमवार को विभाग के आरोप एवं निगरानी प्रकोष्ठ तथा नगरपालिका प्रशासन से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति, लंबित मामलों, अनुशासनिक कार्रवाई तथा शहरी निकायों की कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान मंत्री श्री मिश्रा ने निर्देश दिया कि गंभीर प्रकृति के आरोपों वाले अधिकारियों एवं कर्मियों को चिन्हित कर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंत्री ने लंबित मामलों पर ध्यान आकृष्ट करते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी स्तर पर फाइलों की अनावश्यक पेंडेंसी नहीं रखी जाए। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों के पास फाइलें अत्यधिक दिनों तक लंबित रहती हैं, उन्हें भी चिन्हित किया जाए तथा उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। श्री मिश्रा ने कहा कि स्टेट क्वालिटी मॉनिटर प्रणाली के माध्यम से नगर निगम क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं एवं आधारभूत संरचना परियोजनाओं की गुणवत्ता की स्वतंत्र मूल्यांकन किया जाएगा, जिससे निर्माण कार्यों में निर्धारित मानकों का अनुपालन, पारदर्शिता तथा जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। बैठक में मंत्री नेआपदा प्रबंधन एवं शहरी क्षेत्रों की तैयारी पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि संभावित आपदाओं एवं आपात परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक नगर निगम को अत्याधुनिक मशीनों एवं आवश्यक संसाधनों से सशक्त बनाया जाए, ताकि किसी भी चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जा सके।श्री मिश्रा ने कहा कि नगर निगम स्तर पर आपदा जोखिम न्यूनीकरण को सुदृढ़ करना समय की आवश्यकता है। इसके लिए जल-जमाव एवं बाढ़ प्रबंधन, नालों की नियमित सफाई, भवन निर्माण नियमावली का अनुपालन, अग्नि सुरक्षा उपायों का सशक्तीकरण, आपदा पूर्व चेतावनी तंत्र का विकास तथा वार्ड स्तर पर जन-जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि इन उपायों से शहरी क्षेत्रों में आपदाओं के प्रभाव को कम करते हुए नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी तथा शहरों को अधिक सुरक्षित, सक्षम एवं आपदा-प्रतिरोधी बनाया जा सकेगा।

# मुख्यमंत्री ने 3.96 लाख से अधिक प्रभावित किसानों के खातों में 200 करोड़ रूपये से अधिक कृषि इनपुट अनुदान राशि का किया हस्तांतरण

नई सोच एक्सप्रेस



» सरकार किसानों के साथ हर परिस्थिति में मजबूती के साथ खड़ी है

**पटना।**मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प सभागार' में रबी 2025-26 के दौरान मार्च 2026 के तृतीय एवं चतुर्थ सप्ताह में आई आंधी-तूफान, असामयिक वर्षापात एवं ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को बड़ी राहत प्रदान करते हुए कृषि इनपुट अनुदान योजना के अंतर्गत 3.96 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में डी०बी०टी० (Direct Benefit Transfer) के माध्यम से 200 करोड़ रूपये से अधिक की अनुदान राशि का ऑनलाइन हस्तांतरण किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण असामयिक वर्षापात, आंधी-तूफान एवं ओलावृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है। आपदा पीड़ितों को सरकार अपने खजाने से हरसंभव सहायता उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार की कृषि इनपुट अनुदान योजना केवल आर्थिक सहायता प्रदान करने की योजना नहीं है, बल्कि यह किसानों में आत्मविश्वास और स्थिरता का संचार करने का भी माध्यम है। मुख्यमंत्री ने बताया कि मार्च 2026 के दौरान आई प्राकृतिक आपदा से राज्य के 13 जिलों-सहरसा, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, मधेपुरा, अररिया, बेगूसराय, पूर्णिया, दरभंगा, किशनगंज, खगड़िया, मधुबनी, सुपौल एवं भागलपुर में 33 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति की रिपोर्ट प्राप्त हुई थी। प्रभावित किसानों को त्वरित राहत उपलब्ध कराने के लिए आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा 200 करोड़ रूपये की राशि उपलब्ध कराई गई तथा कृषि विभाग के अनुरोध पर अतिरिक्त 60.71 करोड़ रूपये की राशि भी स्वीकृत की गई। इस प्रकार किसानों की सहायता के लिए कुल 260.71 करोड़ रूपये की राशि का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के कल्याण और कृषि क्षेत्र के सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। दो दिन पहले प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि की राशि किसानों को उपलब्ध करायी है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ किसान भाईयों को सीधा मिल रहा है। यहां के किसान भी इससे जुड़ें। केन्द्र की और राज्य की डबल इंजन सरकार मिलकर किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को अधिक सुरक्षित एवं टिकाऊ बनाने तथा प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। यह सहायता राशि प्रभावित किसानों को पुनः खेती-किसानी के कार्यों में संबल प्रदान करेगी तथा उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# बिहार में कानून का राज, आमजनों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता : श्रवण

नई सोच एक्सप्रेस

» निशांत जदयू का भविष्य, उनकी सक्रियता से कार्यकतार्ओं में नई ऊर्जा का हुआ संचार : लेसी

**पटना।**सोमवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार एवं भवन निर्माण मंत्री लेसी सिंह ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित मामलों के विधिसम्मत एवं त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी उपस्थित रहे। इस दौरान श्रवण कुमार ने कहा कि भोजपुर की घटना को लेकर सरकार पूरी तरह संवेदनशील एवं गंभीर है। इस संबंध में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा न्यायिक जांच के आदेश दिए गए हैं। जांच के उपरांत जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष अक्सर बिना पूरी जानकारी के हल्की बयानबाजी करते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 के बाद नीतीश कुमार ने बिहार में कानून के राज की स्थापना की है और उसी सुशासन मॉडल को वर्तमान मुख्यमंत्री ाम्राट चौधरी आगे बढ़ा रहे हैं। जान-माल की सुरक्षा एनडीए सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वहीं भवन निर्माण मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी द्वारा पत्र के माध्यम से नए आवंटित आवास पर जिन सुविधाओं की मांग की गई थी, उनके संबंध में विभाग युद्ध स्तर पर कार्य कर रहा है तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। लेसी सिंह ने कहा कि निशांत कुमार पार्टी का भविष्य हैं। उनकी सक्रियता से कार्यकतार्ओं के बीच नए उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में भी निशांत कुमार आमजनों की बेहतरी के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

# भाजपा ने अति पिछड़ों को सम्मानित किया है, आगे भी करेगी :- मुख्यमंत्री

नई सोच एक्सप्रेस




» प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछड़े और अतिपिछड़े समाज को सम्मान और अधिकार मिल रहा है

**पटना।**मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित अतिपिछड़ा वर्ग अभिनन्दन सह आभार समारोह कार्यक्रम में शामिल हुये। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने अति पिछड़ों को सम्मानित किया है, आगे भी करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष देश में विश्वास और विकास का वर्ष रहा है। प्रधानमंत्री का सपना विकसित भारत का निर्माण करना है और यह तभी संभव होगा जब विकास की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने गांवों में रहनेवाले श्रमिकों और परंपरागत रोजगार से जुड़े लोगों को सशक्त बनाने का कार्य किया है। गरीब, पिछड़े, अतिपिछड़े और वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं, जिनका लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार सरकार किसी भी अपराधी के सामने झुकनेवाली नहीं है। जो भी अपराध करेगा, उसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सरकार अपराधियों के खिलाफ लगातार सघन अभियान चला रही है और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अपराध और गलत काम करनेवाले लोग किसी भ्रम में न रहें। सरकार अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है और बिहार को अपराध मुक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। नीट परीक्षा में गड़बड़ी करनेवाले लोगों को नहीं छोड़ा गया और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। इससे सरकार की पारदर्शिता और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। बिहार की इस धरती से ही है लोकतंत्र का जन्म हुआ। देश ने मुगल शासन, अंग्रेजी हुकूमत और उसके बाद लंबे समय तक कांग्रेस शासन का दौर देखा, लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछड़े और अतिपिछड़े समाज को सम्मान और अधिकार मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव अपने परिवार और अपने आवास के लिये चिंतित हैं। उनकी सुरक्षा में 150 पुलिसकर्मी लगे हुये हैं। उन्होंने कहा कि अगर सारी सुरक्षा लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार को ही प्रदान कर दी जायेगी तो अति पिछड़ों की सुरक्षा कैसे होगी।

# श्रम कार्य करने को इच्छुक ग्रामीणो को मिलेगी 125 दिनों की रोजगार गारंटी : मंत्री

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**विकसित भारत- जी राम जी योजना के संबंध में उप विकास आयुक्तों, एनइपी निदेशकों एवं मनरेगा के जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों का एक-दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन मुख्य सचिवालय परिसर स्थित अधिवेशन भवन में आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी के तहत अब प्रतिवर्ष अकुशल श्रम कार्य करने के इच्छुक पात्र ग्रामीणों को प्रति वर्ष 125 दिनों के रोजगार की गारंटी मिलेगी। योजना के मुख्य बिन्दुओं की चर्चा करते हुए उन्होंने कृषि और मौसम आधारित योजनाओं को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया। श्री श्रवण कुमार ने केंद्र सरकार से सभी राज्यों में विकसित भारत जी राम जी के तहत एक समान मजदूरी निर्धारित करने का अनुरोध किया साथ ही उन्होनें केंद्र सरकार से पूर्व की लंबित राशि को शीघ्र जारी करने का अनुरोध किया। मंत्री ने ग्रामीण विकास विभाग की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होने कहा कि ग्रामीण विकास के क्षेत्र में कई मोर्चों पर राज्य की उपलब्धि सराहनीय रही है। जल संरक्षण हेतु बिहार के चेक डैम मॉडल को पूरे देश ने अपनाया है, साथ ही कुआँ एवं तालाब निर्माण में बिहार को राष्ट्रीय पुरस्कार भी दिया गया है। माननीय मंत्री ने कहा कि अब तक 20 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं, वर्तमान वर्ष में 1.25 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि जल-जीवन- हरियाली अभियान के शुरूआत में राज्य में हरित क्षेत्र 9 प्रतिशत था, जो बढ़ कर 16 प्रतिशत तक पहुंच गया है, उन्होंने इसे और बढ़ाकर राष्ट्रीय औसत 33 प्रतिशत तक ले जाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने राज्य में मनरेगा अंतर्गत खेल मैदान निर्माण के क्षेत्र में राज्य की उल्लेखनीय उपलब्धि की भी चर्चा की। इस अवसर पर ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में श्रमिकों को रोजगार देने की योजना प्राचीन काल से चली आ रही है। इसमें जरूरत के अनुसार समय-समय पर बदलाव किए जाते रहे हैं। विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम उसी का आधुनिक स्वरूप है, जो आज की आवश्यकताओं के अनुरूप है। उन्होंने बताया कि बड़े राज्यों में बिहार ही ऐसा पहला राज्य है जहां इस अधिनियम को सबसे पहले कैबिनेट से पारित किया गया। इस पूरी योजना को ग्रामीण क्षेत्र की आधारभूत संरचना, जीविका, जल प्रबंधन और प्राकृतिक आपदा से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि योजना के लागू होने के बाद गांवों में आधुनिक ग्रामीण हाट बनाने के साथ-साथ इनका राष्ट्रीय स्तर पर नेटवर्किंग भी किया जाएगा। किसानों के उत्पादों को भंडारित करने के लिए भी तकनीकी आधारित सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी।ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशक संजय कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तय किए गए विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए बिहार का विकसित होना जरूरी है। जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी श्री हिमांशु शर्मा ने कहा कि मनरेगा के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कई अहम कार्य किए गए। अब वीबी-जी राम जी अधिनियम के तहत ग्रामीण अर्थव्यवस्था को केंद्रीकृत करने की आवश्यकता है।

# चंपारण क्षेत्र को देश के प्रमुख गन्ना उत्पादन क्षेत्रों में विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य करें :मुख्यमंत्री

नई सोच एक्सप्रेस



» राज्य की 9 बंद चीनी मिलों के पुनर्जीवन तथा 25 नई चीनी मिलों की स्थापना की कार्ययोजना पर तेजी से काम करने का निर्देश

**पटना।**मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प सभागार' में गन्ना उद्योग विभाग की समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने राज्य में चीनी उद्योग के पुनरुद्धार, निवेश को बढ़ावा देने तथा किसानों की आय में वृद्धि के लिए आवश्यक कदम उठाने का अधिकारियों को निर्देश दिया। बैठक में गन्ना उद्योग विभाग के सचिव धर्मेन्द्र सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभाग की विभिन्न योजनाओं, चीनी मिलों की अद्यतन स्थिति, गन्ना उत्पादन की स्थिति तथा बिहार गन्ना उद्योग प्रोत्साहन नीति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही 9 बंद चीनी मिलों के पुनर्जीवन तथा 25 नई चीनी मिलों की स्थापना की कार्ययोजना की जानकारी दी। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में गन्ना आधारित उद्योगों के विकास की अपार संभावनाएं हैं। राज्य की बंद पड़ी चीनी मिलों के पुनर्जीवन और नई चीनी मिलों की स्थापना के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करें। रैयाम, सकरी, सासामुसा, मधौरा, मोतीपुर, समस्तीपुर, चकिया, चनपटिया एवं मोतिहारी सहित बंद चीनी मिलों वाले क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों को पुनर्जीवित करने के लिए तेजी से काम करें। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे और किसानों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि चंपारण क्षेत्र को देश के प्रमुख गन्ना उत्पादन क्षेत्रों में विकसित करने के लिए विभाग विशेष कार्ययोजना बनाकर तेजी से काम करें। गन्ना उत्पादन बढ़ाने, उत्पादकता में सुधार लाने तथा किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार गन्ना उद्योग प्रोत्साहन नीति-2026 के तहत अधिकाधिक निवेश आकर्षित करने, निवेशकों को प्रोत्साहित करने तथा चीनी उद्योग के आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की समृद्धि, औद्योगिक विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। गन्ना क्षेत्र के समग्र विकास हेतु सरकार आवश्यक सहयोग प्रदान करेगी। बैठक में गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, ऊर्जा विभाग के सचिव अजय यादव, उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार, गन्ना उद्योग विभाग के सचिव धर्मेन्द्र सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# शिक्षा विभाग के छह अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** शिक्षा विभाग के लापरवाह अधिकारियों पर गाज गिरनी शुरू हो गई है। कर्तव्य के प्रति लापरवाही और वित्तीय अनियमितता के आरोप में शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने सोमवार को छह अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की। यह आदेश 8 मई 2026 से प्रभावी होगा। शिक्षा मंत्री ने बताया कि बांका के तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पवन कुमार पर कार्य के प्रति लापरवाही का आरोप है। कुमार अभी पूर्वी चंपारण के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। भोजपुर के तत्कालीन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा व सर्व शिक्षा अभियान) मो. इरशाद अंसारी पर वित्तीय अनियमितता के आरोप में कार्रवाई की गई है। उनको सेवा से बर्खास्त करने की भी अनुशंसा की गई है। बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के तत्कालीन सचिव राजेश कुमार पर कर्तव्य के प्रति लापरवाही का आरोप है। शिक्षकों की नियुक्ति में अनियमितता के आरोप में सुपौल के तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी रामाशीष महतो पर कार्रवाई की गई है। बांका के तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी और फिलहाल सेवानिवृत्त हो चुके देवेन्द्र कुमार झा पर भी वित्तीय अनियमितता का आरोप है। अधिकारियों में एक महिला भी हैं। मधुबनी के मधेपुर की प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मरजीना खातून को विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र पर प्रतिहस्ताक्षर के लिए अवैध राशि लेने का आरोप है। उनके निलंबन का आदेश 18 मई से लागू होगा। अधिकारियों में से कुछ की वेतन-पेंशन से कटौती और वेतन वृद्धि पर रोक की भी अनुशंसा की गई है।

# बिहार के 15 आईएएस का तबादला

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**बिहार सरकार ने प्रशासनिक महकमे में बड़ा फेरबदल किया है। रविवार की छुट्टी के दिन सामान्य प्रशासन विभाग ने 15 आईएएस अधिकारियों के तबादले और नई पदस्थापना की अधिसूचना जारी कर दी। इस फेरबदल में 5 पूर्व डीएम को नई जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। 4 आईएएस को विभिन्न विभागों का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, जबकि एक को अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है। सभी को तत्काल नई जिम्मेदारी संभालने का निर्देश दिया है। तबादला सूची में सबसे अहम नाम उन 5 पूर्व डीएम का है जो पदस्थापना की प्रतीक्षा में थे। भागलपुर के पूर्व डीएम नवल किशोर चौधरी को बिहार राज्य संचरण कंपनी लिमिटेड का एमडी बनाया गया है। बांका के पूर्व डीएम नवदीप शुक्ला अब युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग में विशेष सचिव होंगे। गोपालगंज के पूर्व डीएम पवन सिन्हा को उच्च शिक्षा विभाग में विशेष सचिव और किशनगंज के पूर्व डीएम विशाल राज को बिहार राज्य पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड का एमडी नियुक्त किया गया है। नालंदा के पूर्व डीएम प्रमोद कुमार को उच्च शिक्षा विभाग में अपर सचिव की जिम्मेदारी मिली है। पूर्णिया, गया व बिहारशरीफ के नगर आयुक्तों का तबादला कर सचिवालय और अन्य विभागों में भेजा गया है। मुजफ्फरपुर, भागलपुर और औरंगाबाद के डीडीसी को भी नई जिम्मेदारी दी गई है। वित्त विभाग के विशेष सचिव मुकेश लाल को कृषि विभाग में निदेशक बनाया गया। नगर विकास एवं आवास विभाग में सचिव के रूप में अनिमेष कुमार पराशर और विशेष सचिव के रूप में निलेश रामचंद्र देवरे को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। राहुल कुमार को बिहार राज्य संचरण कंपनी लिमिटेड के एमडी पद के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है।

# पूरे बिहार में 30 जुलाई से होगा सफाईकर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**पूरे बिहार के नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत के कर्मचारी 30 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। उससे पहले 30 जून को सभी नगर निकायों में प्रदर्शन किया जाएगा। पटना नगर निगम मुख्यालय मौर्य लोक पर भी 30 जून को प्रदर्शन होगा। उसके बाद सभी अंचल पर प्रदर्शन और आमसभा कर कर्मियों को हड़ताल के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। बसे पहले बांकीपुर अंचल पर प्रदर्शन किया जाएगा। उसके बाद कंकड़बाग, पाटलीपुत्र, नूतन राजधानी अजिमाबाद और पटना सिटी अंचल पर प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद 29 जुलाई को हड़ताल के पूर्व संध्या पर मौर्य लोक से मशाल जुलूस निकाला जाएगा। पटना नगर निगम कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सिंह ने कहा हम लोगों ने सरकार को दो वर्षों का मौका दिया था। नगर विकास अधिकारी और यूनियन के पदाधिकारी की एक कमिटी बनी थी, जिसमें समान काम का समान वेतन को लेकर बात हुई थी। लेकिन एक साल से ऊपर हो गया, आज तक एक भी बैठक नहीं हुई, जिससे सरकार की मजदूर विरोधी मंशा स्पष्ट है। इसलिए इस बार सरकार को कोई मौका नहीं देना चाहते, जब तक मांग पूरा नहीं हो जाता। पटना नगर निगम कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के प्रवक्ता जितेन्द्र कुमार ने कहा, 'ये प्रदर्शन दैनिक कर्मियों के नियमित करने, आउटसोर्स व्यवस्था की समाप्ति कर आउटसोर्स कर्मियों का निगम कर्मी के रूप में एडजस्टमेंट, आउटसोर्स के द्वारा मानव बल की चोरी पर रोक, एसीपी और एमएसीपी पर नगर विकास विभाग द्वारा लगाए रोक को वापस लेने की मांग को लेकर किया जाएगा। बिहार के लोकल बॉडीज कर्मचारी अपने अपने क्षेत्र में आमसभा करेंगे। 5 जुलाई को मगध प्रमंडल का गया में, 6 जुलाई को पटना प्रमण्डल का पटना में, 10 जुलाई को तिरहुत प्रमण्डल का मुजफ्फरपुर में, 12 जुलाई को दरभंगा प्रमण्डल का दरभंगा में, 14 जुलाई को मुंगेर प्रमण्डल का बेगूसराय में और फिर कोसी, भागलपुर और पूर्णिया प्रमण्डल में आमसभा किया जाएगा। हड़ताल के पूर्व संध्या पर सभी निकाय में 29 जुलाई को मशाल जुलूस निकाला जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना में आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ

**पटना।**कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार द्वारा संचालित आम्रपाली प्रशिक्षण केन्द्र, पटना में नामांकन प्रक्रिया प्रांरभ कर दी गई है। प्रशिक्षण केन्द्र में शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय नृत्य (कथक, भरतनाट्यम) तथा वाद्य वादन (हारमोनियम / तबला) का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। आम्रपाली प्रशिक्षण केन्द्र स्थानीय प्रतिभाओं को कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगा। नामांकन पहले आओ, पहले पाओं के आधार पर किया जाएगा तथा प्रत्येक विधा में अधिकतम 40 छात्र-छात्राओं का चयन होगा। छह वर्ष से अधिक आयु के इच्छुक अभ्यर्थी आधार कार्ड एवं पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ आवेदन कर सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन प्रपत्र जिला कला एवं संस्कृति कार्यालय, (तृतीय तल, जिला विकास भवन, समाहरणालय पटना) से प्राप्त कर सकते है। आम्रपाली केंद्र का संचालन प्रेमचंद रंगशाला परिसर, राजेन्द्र नगर, पटना में किया जाएगा।

### पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी में छात्रों ने किया जमकर हंगामा

**पटना।** पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी में सोमवार को छात्रों ने जमकर हंगामा किया। यह प्रदर्शन सातवें सेमेस्टर में प्रवेश के लिए लगाए गए 7.5 सीजीपीए के नियम और नए सत्र में स्नातक में एडमिशन को लेकर था। दरअसल, अभी पाटलिपुत्र यूनिवर्सिटी में एडमिशन चल रहा है। इसकी मेरिट लिस्ट भी जारी कर दी गई है। कई छात्रों ने अपने एडमिशन फॉर्म में गलत कैटिगरी डाल दिया था, जिसके बाद उनका एडमिशन नहीं हो रहा है। इसे लेकर भी छात्रों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने 7.5 सीजीपीए को छात्र-विरोधी नियम बताया। एबीवीपी के छात्रों ने इसे लेकर यूनिवर्सिटी को एक ज्ञापन भी सौंपा है। इस ज्ञापन में छात्रों ने लिखा कि चल रहे चार वर्षीय स्नातक नामांकन प्रक्रिया के लिए अब तक कटऑफ सूची जारी नहीं किए जाने से छात्र-छात्राओं के बीच व्यापक असंतोष और भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। अभी चल रहे नामांकन व भविष्य में होने वाले नामांकन का कटऑफ जारी की जाए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत संचालित चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में 7.5 सीजीपीए से अधिक और कम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर विभिन्न प्रकार की भ्रामक जानकारियां छात्रों के बीच प्रसारित हो रही हैं। विश्वविद्यालय, महाविद्यालय और विभाग के स्तर पर एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए, जिसमें कक्षा 12वीं से लेकर स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा एवं पीजी तक की संपूर्ण शैक्षणिक यात्रा को स्पष्ट रूप से समझाया जाए।नामांकन पोर्टल में कैटेगरी चयन को लेकर व्यापक स्तर पर छात्रों में असंतोष व्याप्त है। अनेक छात्रों से आवेदन के दौरान त्रुटिवश गलत विकल्प चयन हो गया है, जिससे वे अपनी इच्छित विषय/महाविद्यालय में नामांकन से वंचित हो रहे हैं। अतः विश्वविद्यालय तृतीय मेरिट सूची के प्रकाशन के उपरांत छात्रों को कैटेगरी/विषय विकल्प एडिट का एक अंतिम अवसर प्रदान करने का प्रयास किया जाए।

### कैंपस एक्टिववियर ने लॉन्च किया एलन बाय कैंपस, जिम सर्भ बने नए कैंपेन का चेहरा

**पटना।** भारत के लीडिंग स्पोर्ट्स और एथलीजर फुटवियर ब्रांड्स में से एक, कैंपस एक्टिववियर ने तेजी से बढ़ती नियो-कैजुअल फुटवियर कैटेगरी में एंट्री करते हुए अपना नया कलेक्शन एलन बाय कैंपस लॉन्च किया है। यह कलेक्शन आज के उन मॉडर्न पुरुषों के लिए डिजाइन किया गया है जो स्टाइल, कंफर्ट और वर्सेटिलिटी का एक परफेक्ट कॉम्बिनेशन चाहते हैं। इस लॉन्च के साथ ही ब्रांड ने अपना नया कैंपेन ह्यमोस्ट एलीगेंट मैन इन टाउनह्व भी पेश किया है, जिसमें मशहूर एक्टर जिम सर्भ लीड रोल में नजर आ रहे हैं। कैंपस एक्टिववियर लिमिटेड के होल टाइम डायरेक्टर और सीईओ, निखिल अग्रवाल ने इस मौके पर कहा, हमारे पोर्टफोलियो के विकास में एक बड़ा कदम है और यह कस्टमर्स की जरूरतों को इनोवेशन के जरिए पूरा करने की हमारी स्ट्रेटजी को दिखाता है। इस कैंपेन से जुड़ने पर एक्टर जिम सर्भ ने अपनी खुशी जताते हुए कहा, एलन बाय कैंपसह्व की सबसे अच्छी बात यह है कि यह स्टाइल को बहुत ही सिंपल और रियल तरीके से पेश करता है।

### नवनिर्मित मकान में चोरों ने की डेढ़ लाख की संपत्ति चोरी

**दानापुर।** थाना क्षेत्र के लखनीबिगहा, द्वारिकापुरी कॉलोनी के रोड नंबर एक में स्थित नवनिर्मित मकान में तीन की संख्या में आये अज्ञात चोरों ने बिजली के तार व टाइल्स मशीन के अलावा कई कीमती सामानों की चोरी कर डाली। इस संबंध में पीड़ित घर मालिक प्रवीण कुमार ने स्थानीय थाना में चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत किया है। पीड़ित हर मालिक ने बताया कि वह हार्डवेयर का व्यापार करते हैं और द्वारिकापुरी रोड नंबर एक में अपना तीन मंजिला मकान बनवा रहे हैं। मकान में कार्य करने वाले मजदूर व मिस्त्री रोज की तरह कार्य कर अपने घरों में चले गये थे। सोमवार की सुबह जब वह मकान पर पहुंचे तो पाया कि सभी कमरे में लगे बिजली के तार कटे हुए है वही टाइल्स कटिंग मशीन, फर्स बनाने वाली मशीन के अलावा कई कीमती मशीन नदारत है। उन्होंने बताया कि पड़ोस में लगे सीसीटीवी फुटेज में तीन की संख्या में चोरों ने रस्सी के व दीवार के सहारे उनके मकान में चढ़ते नजर आए है। चोरों ने उनके मकान से करीब डेढ़ लाख की संपत्ति की चोरी कर ले गये। वहीं इस चोरी की सुचना स्थानीय थाना पुलिस को दी जो मौके पर पहुंच छानबीन करते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में जुट गई है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर टीचर्स ऑफ बिहार की अनूठी पहल

» ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में तीन हजार से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग, सभी को मिला डिजिटल प्रमाणपत्र

**पटना।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से टीचर्स ऑफ बिहार की ओर से आयोजित "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस विशेष ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता-2026" को शानदार सफलता मिली। इस ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में तीन हजार से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा सफलतापूर्वक क्विज पूर्ण करने वाले सभी प्रतिभागियों को निःशुल्क डिजिटल प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस प्रतियोगिता में योग से संबंधित रोचक एवं ज्ञानवर्धक प्रश्नों के माध्यम से प्रतिभागियों को योग के महत्व, इतिहास एवं स्वास्थ्य लाभों से अवगत कराया गया। प्रतियोगिता में शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक बड़ी संख्या में शामिल हुए। टीचर्स ऑफ बिहार के फाउंडर शिव कुमार एवं टेक्निकल टीम लीडर ई. शिवेंद्र प्रकाश सुमन ने कहा कि डिजिटल माध्यम से इस तरह की रचनात्मक गतिविधियों का उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य और जीवनशैली से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे जन-जन तक पहुंचाने के लिए ऐसे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। क्विज क्रिएटर अनुपमा प्रियदर्शिनी एवं क्विज ऑर्गनाइजर मृत्युंजयम ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रतियोगिता को लेकर शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में काफी उत्साह देखने को मिला। सभी प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी ने इस पहल को सफल बनाया। वहीं प्रदेश प्रवक्ता रंजेश कुमार एवं प्रदेश मीडिया संयोजक मृत्युंजय कुमार ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि टीचर्स ऑफ बिहार सदैव नवाचार, डिजिटल लर्निंग एवं शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों और विद्यार्थियों को जोड़ने का कार्य कर रहा है। भविष्य में भी ऐसी ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहेगा। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि— "करें योग, रहें निरोग" का संदेश जन-जन तक पहुंचाना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है।

## धरती की हरियाली में ही जीवन की खुशहाली है : विधायक अरुण कुमार

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**विश्व पर्यावरण दिवस माह के अवसर पर प्रेम यूथ फाउंडेशन एवं विश्व युवक केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को वृहद पौधारोपण अभियान चलाया गया। "धरती मां को बचाना है, हर घर हरियाली लानी है" के नारे के साथ आयोजित इस अभियान में स्वयंसेवकों ने 500 से अधिक छायादार एवं फलदार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अरुण कुमार ने फलदार पौधा लगाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि "धरती की हरियाली में ही जीवन की खुशहाली है। प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को और गति देने की आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम पांच पेड़ अवश्य लगाने चाहिए।" स्वयंसेवक रंजन ने कहा कि पेड़ लगाकर हम धरती का कर्ज उतारने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक पेड़ वर्षों तक ऑक्सीजन प्रदान करता है और पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। फाउंडेशन के सचिव गोपी ने बताया कि 5 जून से 5 जुलाई तक एक माह का सघन पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत राज्य के 50 स्कूलों और कॉलेजों में 10 हजार पौधे लगाए जाएंगे। इसके अलावा दीघा से बख्तियारपुर तक गंगा तट पर 5 हजार वृक्षों की हरित पट्टी विकसित की जाएगी। वहीं, "घर-घर मिशन" के तहत प्रत्येक स्वयंसेवक अपने जन्मदिन पर एक पौधा लगाएगा और उसकी एक वर्ष तक देखभाल करेगा। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण भी जरूरी है। इसी उद्देश्य से प्रत्येक पौधे के साथ एक "पेड़ मित्र" जोड़ा गया है, जो पूरे वर्ष उसकी देखरेख की जिम्मेदारी निभाएगा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और युवाओं की भागीदारी दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। युवाओं की सक्रिय सहभागिता से बिहार को हराभरा बनाने का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इस दौरान पीपल, बरगद, नीम, आम, सहजन और बांस सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। फाउंडेशन ने "हरित उद्यमिता" मॉडल भी प्रस्तुत किया। इसके तहत लगाए गए पौधों से भविष्य में स्वरोजगार के अवसर विकसित किए जाएंगे, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ युवाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए पेड़ लगाने, प्लास्टिक न जलाने और जल संरक्षण का संकल्प लिया। फाउंडेशन ने लोगों से अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं और अधिक से अधिक पौधे लगाकर धरती को हरा-भरा बनाने में योगदान दें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### सौहार्दपूर्ण माहौल में मोहर्रम मनाने की अपील, असामाजिक तत्वों पर रहेगी पैनी नजर



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**सोमवार को सौहार्दपूर्ण माहौल में मोहर्रम पर्व मनाने को लेकर की खगौल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। थानाध्यक्ष रंजन कुमार अध्यक्षता में आहूत बैठक में शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मोहर्रम पर्व संपन्न कराने को लेकर जनप्रतिनिधि व प्रबुद्धजनों के साथ विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान पुलिस प्रशासन से लेकर शांति समिति सदस्य एवं जनप्रतिनिधियों की जिम्मेवारी तय की गई। बैठक में थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने जिला प्रशासन से प्राप्त दिशा निर्देश से उपस्थितजनों को अवगत कराया और पर्व के दौरान विधि व्यवस्था में अपेक्षाकृत सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि मोहर्रम जुलूस निकालने के लिए लिखित अनुमति लेना अनिवार्य है और निर्गत लाइसेंस में उल्लेखित रूट चार्ट के अनुसार ही जुलूस निकालने की अनुमति होगी, ताकि शांतिपूर्ण जुलूस के लिए उचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। बताया कि चिंहित स्थानों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस की तैनाती रहेगी और जूलूस के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सोशल साइट्स पर पैनी नजर रखी जाएगी तथा शांति और सद्भाव बिगाड़ने वाले असमाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर पूर्व नप उपाध्यक्ष सुनील कुमार, जितेंद्र वत्स, प्रशांत कुमार, आनंद गांगुली, रितेश उर्फ बिट्टू, सोएब कुरैशी, मोहम्मद अजमल अंसारी, मनऊअर आदि मौजूद थे।

## मुहर्रम पर्व-2026 के अवसर पर राज्य में कानून-व्यवस्था एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने हेतु मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (DGP) ने दिए निर्देश

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**आगामी मुहर्रम पर्व (संभावित तिथि 26 जून 2026) के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में राज्य के सभी जिलों के जिलाधिकारियों (DM), वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों (SSP) तथा पुलिस अधीक्षकों (SP) को सांप्रदायिक सौहार्द, निरोधात्मक सुरक्षा एवं प्रशासनिक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत एवं पुलिस महानिदेशक (DGP) ने राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति को हर हाल में अक्षुण्ण रखने का संकल्प दोहराया। विगत वर्षों की आसूचनाओं को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य सचिव ने कड़े निर्देश दिए हैं कि राज्य के सभी जिलों में कोई भी मुहर्रम जुलूस बिना पूर्व लाइसेंस के नहीं निकाला जाएगा। सभी संवेदनशील थानों और अनुमंडलों में शांति समितियों की बैठकें तुरंत बुलाकर सामुदायिक समन्वय स्थापित किया जाए। असामाजिक तत्वों की पहचान में स्थानीय समिति के सक्रिय सदस्यों का सहयोग लिया जाए। भड़काऊ गानों और डीजे जुलूस के लाइसेंस की मुख्य शर्त के तहत डीजे का प्रयोग, सांप्रदायिक नारेबाजी और उत्तेजक/भड़काऊ गानों पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। लाउडस्पीकर के उपयोग को विनियमित करने हेतु पूर्व में जारी विभागीय परिपत्रों का अक्षरसः कड़ाई से पालन कराया जाए। निर्धारित डेसिबल सीमा का उल्लंघन करने पर दंडात्मक कार्रवाई होगी तथा रात्रि के प्रतिबंधित समय में लाउडस्पीकर बजाने की अनुमति नहीं होगी। **संवेदनशील क्षेत्रों की सघन गश्तीः** थानावार पूर्व में चिन्हित सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील हॉटस्पॉट्स में विशेष और सघन पुलिस गश्ती सुनिश्चित की जाए। जुलूस के गैर-पारंपरिक या विवादास्पद मार्गों पर कड़ी नजर रखी जाए। सोशल मीडिया पर विभिन्न धर्मों, जातियों या समुदायों के बीच घृणा, वैमनस्य या भड़काऊ टिप्पणियां फैलाने वालों पर 24/7 पैनी नजर रखी जा रही है। ऐसी किसी भी पोस्ट पर भारतीय न्याय संहिता (BNS) की सुसंगत धाराओं के तहत त्वरित एफआईआर (FIR) दर्ज की जाएगी। शांति भंग करने का इरादा रखने वाले संदिग्ध उपद्रवियों को तुरंत हिरासत में लिया जाएगा। असामाजिक कृत्यों में संलिप्त पाए जाने पर गैर-जमानती धाराओं के तहत त्वरित गिरफ्तारी की जाएगी। जुलूस के दौरान सांप्रदायिक तनाव पैदा करने वाली किसी भी विवादास्पद या आपत्तिजनक झांकी/व्यंग्य चित्रों के प्रदर्शन पर रोक रहेगी। इसके अतिरिक्त, लाइसेंस के दायरे से बाहर किसी भी प्रकार के घातक, धारदार या गैर-कानूनी हथियारों के खुले प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। आयोजकों से अनुमंडल प्रशासन द्वारा पर्याप्त सुरक्षा बंधपत्र (Security Bond) भरवाया जाना अनिवार्य है। किसी भी वर्ग के धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचाने या अपवित्र करने की चेष्टा करने वाले अराजक तत्वों को तत्काल चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बिहार सरकार राज्य के सभी नागरिकों से अपील करती है कि वे मुहर्रम पर्व को पारंपरिक, शांतिपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।

## श्री अमरनाथ जी यात्रा 2026 के दौरान स्वास्थ्य सेवाएं देंगे एम्स पटना के चिकित्सक

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**आगामी 3 जुलाई से शुरू होने वाली पवित्र श्री अमरनाथ जी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार द्वारा व्यापक चिकित्सा व्यवस्था की गई है। यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य शिविर, मेडिकल क्लीनिक, आईसीयू, आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं, शल्य चिकित्सा एवं अस्थि रोग (ऑर्थोपेडिक) सुविधाएं तथा कई ऑक्सीजन केंद्र स्थापित किए गए हैं। इस राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा अभियान में योगदान देते हुए एम्स पटना के पांच चिकित्सक यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेंगे। ये चिकित्सक तीन अलग-अलग चरणों में अपनी सेवाएं देंगे। पहले और दूसरे चरण में दो-दो तथा तीसरे चरण में एक चिकित्सक शामिल होगा। प्रथम चरण में सीटीवीएस विभाग के डॉ. कौशिक बनर्जी तथा इमरजेंसी मेडिसिन विभाग के डॉ. विनय कुमार सिंह शामिल हैं। दोनों चिकित्सक 27 जून से 19 जुलाई 2026 तक पंचतरणी बेस कैंप में अपनी सेवाएं देंगे। प्रस्थान से पूर्व उन्होंने सोमवार को एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक प्रो. (ब्रिग.) डॉ. राजू अग्रवाल से मुलाकात की। इस अवसर पर डॉ. संजीव कुमार, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, सीटीवीएस तथा फैकल्टी (प्रशासन), भी उपस्थित थे। डॉ. संजीव कुमार को श्री अमरनाथ जी यात्रा में एम्स पटना की भागीदारी के समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही इस मौके पर नीलोत्पल बल, उपनिदेशक (प्रशासन) भी उपस्थित थे। कार्यकारी निदेशक प्रो. (ब्रिग.) डॉ. राजू अग्रवाल ने प्रथम चरण में शामिल चिकित्सकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सेवा एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है और उन्हें विश्वास है कि एम्स पटना के चिकित्सक अपनी विशेषज्ञता और समर्पण से इस दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे। डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि भारत सरकार ने श्री अमरनाथ जी यात्रा के लिए "जीरो मॉर्टेलिटी" का लक्ष्य निर्धारित किया है जिसके तहत यात्रियों को समय पर और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सेवा अभियान में योगदान देना एम्स पटना के लिए गर्व की बात है। एम्स पटना पिछले दो वर्षों से श्री अमरनाथ जी यात्रा के चिकित्सा मिशन में सक्रिय भागीदारी निभा रहा है। वर्ष 2026 में संस्थान लगातार तीसरी बार इस पहल से जुड़कर श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा।

### योग और फिजियोथेरेपी के समन्वय से स्वस्थ जीवन का संदेश, विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एल.एस. मेमोरियल हेल्थ केयर एंड वेलनेस सेंटर, मोहनिया द्वारा निःशुल्क विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर योग और आधुनिक फिजियोथेरेपी के महत्व को समझा तथा स्वास्थ्य संबंधी उपयोगी जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताया कि योग और फिजियोथेरेपी दोनों मिलकर शरीर को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। योग शरीर और मन के संतुलन, लचीलापन, श्वास नियंत्रण तथा मानसिक शांति प्रदान करता है। वहीं फिजियोथेरेपी दर्द, चोट, लकवा, जोड़ों की समस्या, सर्वाइकल, कमर दर्द तथा ऑपरेशन के बाद पुनर्वास में प्रभावी उपचार के रूप में काम करती है। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को सही शारीरिक मुद्रा, रीढ़ की देखभाल, श्वास संबंधी व्यायाम, जोड़ों के व्यायाम और दैनिक जीवन में अपनाई जाने वाली स्वस्थ आदतों की जानकारी दी गई। डॉ. संदीप कुमार (पीटी) ने कहा कि योग और फिजियोथेरेपी का समन्वय दवाओं पर निर्भरता कम कर दर्द से राहत दिलाने और जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने में सहायक है। शिविर में सभी प्रतिभागियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क परामर्श भी दिया गया।

## बढ़ते अपराध पर करिश्मा पटेल ने जताई चिंता, महिलाओं की सुरक्षा पर उठाए सवाल

नई सोच एक्सप्रेस



**फतुहा।**बिहार में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता करिश्मा पटेल ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अपराध का बढ़ता ग्राफ समाज में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ हो रही जघन्य घटनाएं कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। करिश्मा पटेल ने मसौढ़ी थाना क्षेत्र में 22 वर्षीय युवती के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म तथा गोपालगंज के कटेया थाना क्षेत्र के पटोहवा गांव में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान महिला डांसर की गोली मारकर हत्या की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं दर्शाती हैं कि अपराधियों के मन से कानून का भय कम होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि केवल अपराध होने के बाद कार्रवाई करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि ऐसी व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता है जिससे अपराधियों में पहले से ही कानून का डर बना रहे। उनके अनुसार महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की बढ़ती क्रूरता सामाजिक चेतना के क्षरण का भी संकेत है। करिश्मा पटेल ने कहा कि यदि बेटियां घर से बाहर निकलने में असुरक्षित महसूस करें और सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी सुरक्षा की गारंटी न हो, तो विकास और सुशासन के दावों पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। उन्होंने राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों से अपराध के मुद्दे पर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एकजुट होने की अपील की। उन्होंने सरकार से मांग की कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामलों की त्वरित जांच कर दोषियों को शीघ्र और कठोर सजा दिलाई जाए। साथ ही पीड़ितों को सुरक्षा और न्याय उपलब्ध कराने तथा पुलिस व्यवस्था को अधिक जवाबदेह बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। करिश्मा पटेल ने कहा कि अपराध के विरुद्ध समाज की चुप्पी अपराधियों का मनोबल बढ़ाती है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जनता को सुरक्षित वातावरण और त्वरित न्याय चाहिए, केवल आश्वासन नहीं। उन्होंने कहा कि सरकार, प्रशासन और समाज को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि अपराधी चाहे कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, उसे कानून के दायरे में लाया जाए।

## अग्रसेन सेवा न्यास के निःशुल्क चिकित्सा शिविर में एक सौ से अधिक लोगों की हुई जांच

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा शक्तिधाम, बैंक रोड, पटना में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया. मौके पर न्यास के अध्यक्ष अमर अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन सेवा न्यास द्वारा प्रत्येक माह को यह चिकित्सा शिविर आयोजित होता है। अग्रवाल ने बताया कि आज के इस चिकित्सा शिविर में एक सौ से अधिक मरीजों ने अपनी जांच करवाई। अग्रवाल ने बताया कि सभी मरीजों को निःशुल्क चाय बिस्कुट दिया गया . शिविर में डॉ बी के अग्रवाल द्वारा हेपेटाइटिस की जांच की गई। शिविर में इसके अतिरिक्त हेपेटाइटिस 'B' की जांच के लिए 21 मरीजों का खून लिया गया. मौके पर शिविर में 81 मरीजों के आँखों की जांच श्री बालाजी नेत्रालय के प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शशि मोहनका द्वारा किया गया. इनमे 21 मरीजों का मोतियाबिंद काफी बढ़ा हुआ था. इन सभी का निःशुल्क फेको विधि द्वारा आपरेशन श्याम मंदिर, न्यूबहादुरपुर के पास स्थित श्री बालाजी नेत्रालय में किया जाएगा। आज 16 मरीजों को निःशुल्क चश्मा भी उपलब्ध कराया गया। मौके पर डॉ रचना जैन ने 19 महिला मरीजों की जांच की। डॉ सुनील अग्रवाल ने 26 मरीजों की जांच की। डॉ सुभाष कुमार ने मधुमेह के 37 मरीजों को देखा। डॉ कन्हैया अग्रवाल ने 29 मरीज को होमियोपैथिक की दवा दी। डॉ नितिन मैतिन ने 18 मरीजों के दांतों की जांच की। मौके पर ब्लड प्रेशर की जांच जितेंद्र द्वारा की गई। एम पी जैन ने बताया कि शिविर को सफल बनाने में मुख्य भूमिका अमर अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, संजय भलोटिया, संतोष केडिया, राहुल अग्रवाल, शशांक अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, , अनिल गुप्ता, राजकुमार खेमका, ललन लाठ एवं अन्य पदाधिकारियों की रही।

## संक्षिप्त समाचार

### बीपीएससी 70वीं परीक्षा में शानदार सफलता, अत्ताउल हक़ बने डीएसपी

**बेतिया**।मझौलिया थाना क्षेत्र के परसा डुमरिया निवासी एवं पूर्व कर्नल मो. मंजर साहब के पुत्र अत्ता उल हक़ ने बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) की 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में 71वीं रैंक प्राप्त कर उप पुलिस अधीक्षक डी एस पीपद पर चयनित होकर जिले और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अत्ताउल हक़ की इस ऐतिहासिक सफलता से पूरे परिवार, गांव तथा क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।पूर्व कर्नल मो. मंजर साहब ने अपने पुत्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि "सच्ची लगन, कठोर परिश्रम और अनुशासन से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। मुझे विश्वास है कि मेरा पुत्र अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन कर समाज और राष्ट्र की सेवा करेगा।वहीं नवचयनित डीएसपी अत्ता उलहक़ ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों को देते हुए कहा कि "पिता का आशीर्वाद और सही मार्गदर्शन मेरी सबसे बड़ी ताकत रहे हैं। यदि व्यक्ति दृढ़ संकल्प और मेहनत के साथ आगे बढ़े तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता।अत्ताउल हक़ की इस उपलब्धि को क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत माना जा रहा है। उनकी सफलता ने यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण परिवेश से निकलकर भी कठिन परिश्रम और समर्पण के बल पर उच्च प्रशासनिक पद प्राप्त किया जा सकता है।क्षेत्रवासियों ने दी शुभकामनाएं, घर पर बधाई देने वालों का लगा तांतापरसा डुमरिया गांव में सुबह से ही बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। लोगों ने मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया तथा अत्ता उल हक़ की सफलता को पूरे क्षेत्र की उपलब्धि बताया।

### भरत भूषण तिवारी को श्रद्धांजलि, युवाओं ने जताया आक्रोश; परिवार को न्याय और आर्थिक सहायता की मांग



**मोतिहारी**। बाबा जयराम दास मठ, सुगौली के प्रांगण में रविवार को निरंजन दुबे की अध्यक्षता में स्वर्गीय भरत भूषण तिवारी की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में क्षेत्र के सैकड़ों युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने भाग लेकर दिवंगत भरत तिवारी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निरंजन दुबे ने भरत भूषण तिवारी को शोषित, वंचित, गरीब, पीड़ित एवं सरकारी तंत्र द्वारा प्रताड़ित लोगों की आवाज बताते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि भरत तिवारी का व्यक्तित्व युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत था और उनकी मृत्यु ने पूरे प्रदेश के लोगों को झकझोर कर रख दिया है। सभा में उपस्थित वक्ताओं ने बिहार के शासन-प्रशासन के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तथा पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा और समाज के लोग परिवार के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे।श्रद्धांजलि सभा के दौरान दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भरत तिवारी के संघर्षों को याद करते हुए उनके अधूरे सपनों को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया।कार्यक्रम को सफल बनाने में बाबा जयराम दास मठ के मठाधीश मनीष दास, मिथिलेश तिवारी, शंकर पांडेय, अनमोल सिंह, बब्लू गुप्ता, नवीन तिवारी, हिंदू युवा संघ सुगौली के सदस्य आकाश कुमार, अमित कुमार, नितेश कुमार सहित अनेक युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं रूपेश मणि शास्त्री, चंद्रभानु सिंह, दीपु मिश्रा, डॉ. रवि तिवारी एवं धीरेंद्र किशोर सहित बड़ी संख्या में अभिभावक, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### वियाहुत सभा का त्रैवार्षिक चुनाव अवैध घोषित, पूजा संचालन समिति गठन का निर्णय



**मुजफ्फरपुर**। वियाहुत सेवा ट्रस्ट भवन में आयोजित वियाहुत समाज के वरिष्ठ सदस्यों एवं पूर्व पदाधिकारियों की बैठक में 2 अक्टूबर को माता की चौकी में हुए वियाहुत सभा के त्रैवार्षिक चुनाव को अवैध घोषित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही हाल के दिनों में व्हाट्सएप पर प्रसारित 78 सदस्यीय समिति को भी मान्यता देने से इनकार किया गया। बैठक की अध्यक्षता वियाहुत सभा के पूर्व अध्यक्ष दिनेश चंद्र आजाद ने की। उन्होंने कहा कि निर्धारित कोरम पूरा किए बिना चुनाव की प्रक्रिया अपनाई गई, इसलिए चुनाव को वैध नहीं माना जा सकता। उपस्थित सदस्यों ने उनके विचारों का समर्थन करते हुए चुनाव प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं पर आपत्ति जताई। बैठक में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव प्रभारी श्रीकांत चौधरी द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया वियाहुत सभा के संविधान के अनुरूप नहीं थी। सदस्यों का कहना था कि संविधान के प्रावधानों की अनदेखी कर चुनाव कराए गए, जिसके कारण चुनाव की वैधता पर प्रश्नचिह्न लग गया है। आगामी वर्ष 2026 में आयोजित होने वाले सभा के वार्षिक उत्सव एवं श्री बलभद्र पूजा की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए एक पूजा संचालन समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। समिति की जिम्मेदारी पूर्व उपमहापौर, ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा जिला अध्यक्ष (मुजफ्फरपुर पूर्वी) विवेक कुमार को सौंपी गई। बैठक में सभा के कई पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारी, ट्रस्टी तथा समाज के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व महामंत्री मनोज कुमार चौधरी ने किया। बैठक के समापन के बाद भगवान बलभद्र की आरती श्रद्धापूर्वक संपन्न हुई, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने भाग लिया।

### विद्यालय के संस्थापक की 30 वीं पुण्यतिथि मनाई गई




**कांटी/मुज़फ्फरपुर**।क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सादतपुर के संस्थापक स्व० पंडित धरणीधर चौबे की 30 वीं पुण्यतिथि सोमवार को विद्यालय प्रांगण में नम आंखों से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक नजरें आलम द्वारा संस्थापक के तैल चित्र पर पुष्प व माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दुहराया। उनके शिक्षा के प्रति समर्पण, समाज के विकास के लिये त्याग, व कर्तव्यपरायणता के याद करते हुए नमन किया, उन्होंने कहाकि ऐसे युग पुरुष की कमी सदैव समाज को रहेगी। विद्यालय संस्थापक के पुत्र व समाजसेवी पंडित शम्भूनाथ चौबे ने अपने के अपने पिता के बताए मार्ग पर चलते हुए उनके द्वारा जलाए शिक्षा के प्रकाश को अनवरत प्रकाशित करने का संकल्प दुहराया गया, ताकि समाज के गरीब, वंचित व अंतिम पायदान के परिवार के बच्चे भी पढ़लिख कर एक शिक्षित समाज का निर्माण कर सके। इस मौके पर शिक्षक अशोक कुमार, राजकुमार साह, राजकमल, रेणु कुमारी, श्वेता कुमारी, संस्थापक के पौत्र प्रकाश भूषण, प्रपौत्र शिवार्थः प्रकाश सहित बड़ी संख्या में शामिल छात्र -छात्राएं व शिक्षा प्रेमियों ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी , चाणक्य विद्यापति सोसाइटी के संरक्षक पंडित शम्भुनाथ चौबे ने किया।

# ग्रामीण विकास को मिली नई रफ्तार, पांच महत्वपूर्ण सड़क निर्माण योजनाओं का शुभारंभ

नई सोच एक्सप्रेस



» विधायक माधव आनंद बोले सड़कें सिर्फ आवागमन का साधन नही विकास और समृद्धि की आधारशिला है

**मधुबनी/बिहार**।मधुबनी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देते हुए सोमवार को पांच महत्वपूर्ण सड़क निर्माण योजनाओं का विधिवत शुभारंभ किया गया। इन योजनाओं के पूरा होने से हजारों ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध होगी तथा क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक विकास को नया आयाम मिलेगा।शुभारंभ की गई योजनाओं में गांधी चौक से कंजर टोली तक, भच्छी स्टेडियम चौक से महादलित टोला तक, मकसूदा से पासवान टोला तक, एमएमजी एसवाई सड़क से झखराही तक तथा खजूरी मेडिकल से महादलित टोला तक सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं। लंबे समय से इन सड़कों के निर्माण की मांग स्थानीय लोगों द्वारा की जा रही थी। निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल देखा गया।इस अवसर पर मधुबनी विधायक माधव आनंद ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास की बुनियाद मजबूत सड़क नेटवर्क पर टिकी होती है। सड़कें केवल लोगों को जोड़ने का माध्यम नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, व्यापार और रोजगार के नए अवसरों का मार्ग भी प्रशस्त करती हैं। बेहतर सड़क संपर्क से ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलती हैं।उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता मधुबनी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव, टोला और मोहल्ले तक विकास की किरण पहुंचाना है। बिना किसी भेदभाव के सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल एवं अन्य जनसुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। क्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगातार योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए जा रहे हैं।विधायक ने कहा कि जनता के विश्वास और सहयोग के बल पर विकास की यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना ही उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि विकास तभी सार्थक माना जाएगा, जब हर गांव में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों और प्रत्येक नागरिक के चेहरे पर खुशहाली एवं उम्मीद की मुस्कान दिखाई दे। सड़क निर्माण योजनाओं के शुभारंभ को लेकर स्थानीय लोगों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इन सड़कों के निर्माण से आवागमन की वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान होगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को नई गति मिलेगी।

## मशरक के लाल ने बढ़ाया सारण का मान, 70वीं बीपीएससी में बने डीएसपी

नई सोच एक्सप्रेस



**छपरा**।मशरक प्रखंड अंतर्गत चांदबरवा गांव के युवा अभिषेक कुमार ने बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में 371वीं रैंक प्राप्त कर डीएसपी पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे गांव, परिवार और जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। अभिषेक कुमार चांदबरवा गांव निवासी प्रमोद कुमार बैठा के पुत्र हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा ब्रजकिशोर किंडरगार्टन स्कूल से प्राप्त की। बचपन से ही मेधावी और लक्ष्य के प्रति समर्पित अभिषेक ने आगे की पढ़ाई देश के प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली से पूरी की। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी उनका सपना प्रशासनिक एवं पुलिस सेवा के माध्यम से समाज और राज्य की सेवा करना था। इसी लक्ष्य को लेकर उन्होंने कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ बीपीएससी परीक्षा की तैयारी की। उनकी मेहनत रंग लाई और 70वीं बीपीएससी परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए उनका चयन डीएसपी पद के लिए हो गया। अभिषेक की सफलता से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों ने इसे गांव के युवाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया है। उनकी सफलता यह साबित करती है कि लगन, मेहनत और सही दिशा में किए गए प्रयास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

## सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता : डीएम

नई सोच एक्सप्रेस




**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिलाधिकारी छिरिङ वाई भूटिया की अध्यक्षता में मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिले के विकास, जनसुविधाओं और प्रशासन की प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा की। जिलाधिकारी ने कहा कि ज़िला की प्रमुख समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। अस्पतालों में उपलब्ध सुविधाओं में सुधार तथा ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे, ताकि विशेषकर गर्भवती महिलाओं एवं ग्रामीण मरीजों को इलाज के लिए किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं और चुनौतियों का आकलन किया जा रहा है। संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कमियों को दूर करने और विकास कार्यों को गति देने का प्रयास किया जाएगा। प्राप्त सुझावों एवं आवश्यकताओं के आधार पर योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा। डीएम ने कहा कि सरकार ने उन्हें जनता की सेवा के लिए यहां भेजा है और उनकी प्राथमिकता होगी कि राज्य एवं केंद्र सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने विशेष रूप से मुख्यमंत्री द्वारा संचालित कल्याणकारी एवं विकास योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ जिले के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रशासन सक्रिय रूप से कार्य करेगा। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि जनता दरबार में आने वाले लोगों की समस्याओं का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। किसी भी आवेदन या शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखा जाएगा ताकि लोगों को शीघ्र न्याय और राहत मिल सके। मीडिया संवाद के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन जनता के प्रति जवाबदेह है और जनहित से जुड़े प्रत्येक मुद्दे पर गंभीरता से कार्य करेगा। जिले के समग्र विकास, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से आम लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

## स्कूल के रात्रि प्रहरियों का विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना डीएम को सौंपा गया ज्ञापन

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर बिहार स्कूल रात्रि प्रहरी यूनियन के बैनर तले समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरना को संबोधित करते हुए यूनियन के नेताओं ने कहा कि विद्यालयों में आउटसोर्सिंग और ठेका प्रथा के माध्यम से कार्यरत रात्रि प्रहरी वर्षों से विद्यालयों की सुरक्षा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं लेकिन उन्हें कई बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई रात्रि प्रहरियों का नियुक्ति पत्र समय पर नवीनीकरण नहीं किया जाता है, पहचान पत्र उपलब्ध नहीं कराया गया है तथा बीमा जैसी आवश्यक सुविधाएं भी नहीं दी गई हैं। यूनियन के प्रतिनिधियों ने कहा कि विद्यालयों के विलय के बाद प्रभावित रात्रि प्रहरियों का समायोजन नहीं किया गया है। इसके अलावा सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण एवं आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की भी व्यवस्था नहीं है। इन समस्याओं के समाधान के लिए संगठन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सरकार तक उनकी मांगों को पहुंचाने का आग्रह किया। इस धरना से सम्बंधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर अपनी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में रात्रि प्रहरियों की नौ प्रमुख मांगें शामिल हैं। इनमें बकाया मजदूरी का अविलंब भुगतान, 11 माह के बाद नियुक्ति पत्र का तत्काल नवीनीकरण, सभी रात्रि प्रहरियों को पहचान पत्र उपलब्ध कराना, बीमा सुविधा लागू करना, विलय हुए विद्यालयों के प्रहरियों का समायोजन, समुचित प्रशिक्षण की व्यवस्था, अवकाश के मामलों में अनावश्यक परेशानियों पर रोक, सुरक्षा किट एवं टॉर्च उपलब्ध कराना तथा आउटसोर्सिंग एवं ठेका प्रथा समाप्त कर सभी रात्रि प्रहरियों को स्थायी करने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है। धरना प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में रात्रि प्रहरी मौजूद थे। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक पहल नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## डीएम छिरिङ वाई भूटिया ने सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। जिले की नव पदस्थापित जिलाधिकारी छिरिङ वाई भूटिया ने पदभार ग्रहण करते ही अपनी कार्यशैली का परिचय देते हुए सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सीय व्यवस्था और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। डीएम ने ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, दवा वितरण केंद्र, अस्पताल परिसर की साफ-सफाई तथा विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गये। जिस पर उन्होंने नाराजगी जतायी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अनुपस्थित चिकित्सकों से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाये तथा पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये। एक चिकित्सक के अनुपस्थित पाये जाने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया। निरीक्षण के बाद डीएम छिरिङ वाई भूटिया ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जायेगी। मरीजों को बेहतर और समयबद्ध इलाज उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान शिकायत मिली थी कि इमरजेंसी वार्ड में अक्सर केवल एक ही डॉक्टर मौजूद रहते हैं। जांच के दौरान भी एक ही चिकित्सक उपस्थित पाए गए, जिसके बाद कार्रवाई की गई है। डीएम ने कहा कि सदर अस्पताल के नए भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है और भवन तैयार होते ही स्वास्थ्य सुविधाओं का और विस्तार किया जायेगा। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिया कि सभी चिकित्सक एवं कर्मी निर्धारित समय पर अपनी ड्यूटी निभाएं, मरीजों के साथ संवेदनशील व्यवहार करें तथा दवाओं और अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य विभाग सहित सभी सरकारी विभागों की नियमित निगरानी की जाएगी और अस्पतालों पर प्रशासन की विशेष नजर बनी रहेगी ताकि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी के इस औचक निरीक्षण से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। वहीं अस्पताल पहुंचे मरीजों और उनके परिजनों ने उम्मीद जतायी कि प्रशासन की सख्ती से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा और लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## रोगी कल्याण समिति की बैठक



नई सोच एक्सप्रेस

**वैशाली**।सीएचसी राजापाकर के परिसर में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष बीडीओ सूर्य प्रताप सिंह ने की व संचालन सचिव प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर एसपी उपाध्याय ने किया। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने स्वास्थ्य केंद्र में सरकार द्वारा मिल रही सभी सुविघाओं के बारे में बताया और कहा की स्वास्थ्य केंद्र में लगभग सभी दवाइयां उपलब्ध हैं। स्वास्थ्य केंद्र में डिजिटल एक्स-रे, ईसीजी एवं सभी जांच की व्यवस्था उपलब्ध है। समिति अध्यक्ष बीडीओ ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में समय पर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की आम जनता को जानकारी दी जाए। जिससे वह लाभ उठा सके।समय-समय पर आयोजित विभिन्न स्वास्थ्य शिविर की प्रचार-प्रसार किया जाए। वहीं बैठक में उपस्थित बीस सूत्री अध्यक्ष अवधेश राय ने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं को और बेहतर बनाने की बात कही। मौके पर रोगी कल्याण समिति के सदस्यों में महेश कुमार साह,प्रियंका कुमारी,आरती देवी,संजीत राम, अनिल कुमार,सुनील कुमार,अशोक पासवान सहित अनेक लोग शामिल हैं।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक, डीजे व लोहे के हथियारों पर रहेगा प्रतिबंध

नई सोच एक्सप्रेस



**मोतिहारी**।आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सुगौली थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया।बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष अवनीश सिंह ने कहा कि मुहर्रम के दौरान किसी भी परिस्थिति में डीजे, तेज साउंड सिस्टम तथा लोहे से बने हथियार जैसे तलवार, भाला आदि का प्रयोग नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन सभी धर्मों और परंपराओं का सम्मान करता है, लेकिन कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्धारित नियमों का पालन करना सभी के लिए अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि मुहर्रम जुलूस निकालने के लिए संबंधित समिति को लाइसेंस लेना आवश्यक होगा।अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि समाज, गांव और मोहल्लों के जिम्मेदार व्यक्ति, जनप्रतिनिधि तथा अभिभावक युवाओं को समय रहते जागरूक करें और यह संदेश घर-घर तक पहुंचाएं कि मुहर्रम के दौरान डीजे नहीं बजेगा तथा किसी प्रकार के लोहे के हथियारों का प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस निरीक्षक संजीव मऔवार ने कहा कि मुहर्रम एक पवित्र और महत्वपूर्ण पर्व है। सभी समुदाय आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ पर्व मनाएं तथा समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य करें। उन्होंने प्रशासन को सहयोग करने की अपील भी की।बैठक में बताया गया कि कुछ संवेदनशील एवं चिन्हित गांवों पर विशेष नजर रखी जाएगी। मुहर्रम के दौरान पुलिस पदाधिकारी लगातार क्षेत्र भ्रमण करेंगे तथा चौक-चौराहों एवं प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।मौके पर राजस्व अधिकारी राधेश्याम प्रसाद, उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि विकास शर्मा, नुरुल होदा कुरैशी, अकरम रेजा, मोहसिन कमाल, मुखिया नईम खान, अशोक कुमार गुप्ता, एनुल हक, संजय यादव, अनिरुद्ध सिंह, अरविंद यादव, अशोक सोनी, ताराचंद यादव, मो. जमालुदीन, प्रियांशु सराफ सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## 70वीं बीपीएससी परीक्षा में अविनाश राज ने हासिल की सफलता, अररिया में खुशी की लहर

नई सोच एक्सप्रेस



**अररिया**।अररिया नगर परिषद के वार्ड संख्या-16 निवासी एवं बैंक अधिकारी प्रवीण श्रीवास्तव के पुत्र अविनाश राज ने 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा में 1107वीं रैंक प्राप्त कर अपने परिवार एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है और उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। अविनाश राज वर्तमान में लघु जल संसाधन विभाग में लेखा पदाधिकारी के पद पर नरपतगंज में कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के मार्गदर्शन, परिवार के सहयोग तथा अपनी निरंतर मेहनत और लगन को दिया है। अविनाश ने कहा कि यह उपलब्धि उनके लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, लेकिन उनका लक्ष्य अभी और ऊंचा है। वे भविष्य में पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करना चाहते हैं, ताकि आईएएस बनकर समाज और देश की सेवा कर सकें। उनकी सफलता पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। बधाई देने वालों में लोजपा नेता डॉ. ओमप्रकाश सोनू, उदित लाल दास, फुलेंद्र मलिक, कलाकंद सिंह, नगर पार्षद नीतू कुमारी, मनी श्रीवास्तव, बसंत वर्मा, सुदीप सागर, चंदन दास, गौरव कुमार सहित सैकड़ों गणमान्य लोग शामिल हैं। अविनाश राज की इस उपलब्धि को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताते हुए लोगों ने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उनकी सफलता से अररिया जिले के युवाओं में भी नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है।

संक्षिप्त समाचार

## सैमसंग ने रेजिडेंशियल क्लाइमेट सॉल्यूशंस की घोषणा की

**पटना।**सैमसंग ने अपने अगली पीढ़ी के रेजिडेंशियल क्लाइमेट सॉल्यूशंस की घोषणा की जो वींडफ्री कूलिंग, पीएम 1.0 एयर प्यूरिफिकेशन, स्मार्टथिंग्स कनेक्टिविटी और एआई सक्षम वीआरएफ तकनीक को एक साथ जोड़कर भारत में प्रीमियम रहने के अनुभव को नया रूप दे रहे हैं। भारत के बड़े शहरों में बढ़ते तापमान और खराब होती वायु गुणवत्ता जैसी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया सैमसंग का यह एकीकृत समाधान उपभोक्ताओं को बेहतर स्वास्थ्य, स्वच्छ इनडोर हवा, कनेक्टेड जीवनशैली और ऊर्जा दक्षता प्रदान करता है। सैमसंग इंडिया में एसएसी बिजनेस के प्रमुख विपिन अग्रवाल ने कहा कि सैमसंग में हमारा नवाचार हमेशा उपभोक्ताओं की वास्तविक जरूरतों और रोजमर्रा की चुनौतियों को समझने से शुरू होता है। आज के घर खरीदार केवल कूलिंग नहीं चाहते, बल्कि बेहतर हवा, स्मार्ट कनेक्टिविटी, बुद्धिमान ऊर्जा प्रबंधन और अधिक आराम की भी अपेक्षा रखते हैं। हमारे वींडफ्री क्लाइमेट सॉल्यूशंस इन सभी जरूरतों को एक ही इकोसिस्टम में पूरा करते हैं, जो सैमसंग की एक विशिष्ट पेशकश है।

## 425 थानों में अब इंस्पेक्टर होंगे थाना प्रभारी,217 नए थानों को किया गया अपग्रेड

**पटना।** बिहार सरकार और पुलिस मुख्यालय ने राज्य की कानून-व्यवस्था, विधि-व्यवस्था और अनुसंधान (जांच) प्रणाली को आधुनिक और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए एक ऐतिहासिक नीतिगत निर्णय लिया है। पुलिस महानिदेशक द्वारा 22 जून 2026 को जारी आदेश के तहत, अब राज्य के कुल 425 सामान्य श्रेणी के थानों में पुलिस निरीक्षक (इंस्पेक्टर) स्तर के पदाधिकारियों को थानाध्यक्ष के रूप में पदस्थापित किया जाएगा। वर्तमान में चिन्हित 208 थानों के अतिरिक्त, नए आपराधिक कानूनों की आवश्यकताओं को देखते हुए 217 और थानों को इस कोटि में उत्क्रमित किया गया है। इन नए 217 थानों का चयन उनके आकार, अपराध की संवेदनशीलता और वहां प्रतिवर्ष दर्ज होने वाले औसतन कम-से-कम 350 कांडों (केसों) के आधार पर किया गया है। इस बड़े प्रशासनिक फेरबदल की मुख्य वजह देश में 1 जुलाई 2024 से लागू हुए नए आपराधिक कानून—भारतीय न्याय संहिता , भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम हैं। दस्तावेजों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि इन नए कानूनों का मूल उद्देश्य 'नागरिक केंद्रित पुलिसिंग' को बढ़ावा देना, वैज्ञानिक साक्ष्यों को प्राथमिकता देना और मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना है। इंस्पेक्टर स्तर के अनुभवी अधिकारियों के हाथों में कमान सौंपने से गंभीर और संवेदनशील अपराधों की समयबद्ध वैज्ञानिक जांच सुनिश्चित हो सकेगी। साथ ही, जांच की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए फॉरेंसिक साइंस लैब को भी लगातार मजबूत किया जा रहा है। इस आदेश के जरिए पुलिस थानों के भीतर आंतरिक अनुशासन और प्रभावी नियंत्रण को एक नया ढांचा दिया गया है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 'प्रकाश सिंह बनाम अन्य' मामले में दिए गए ऐतिहासिक दिशा-निर्देशों तथा बिहार पुलिस अधिनियम-2007 के आलोक में थानों में 'अनुसंधान इकाई' और 'विधि-व्यवस्था इकाई' को पहले ही अलग किया जा चुका है। अब नए नियम के तहत, इंस्पेक्टर स्तर के थानाध्यक्ष के अधीन दो अलग-अलग सब-इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी क्रमशः 'अपर थानाध्यक्ष-अनुसंधान' और 'अपर थानाध्यक्ष-विधि-व्यवस्था' के रूप में कार्य करेंगे। इससे थानाध्यक्ष के लिए थाने के विभिन्न प्रभागों जैसे किशोर अपराध, महिला हेल्प डेस्क और विधि-व्यवस्था पर बेहतर ढंग से पर्यवेक्षण और नियंत्रण रखना आसान हो जाएगा। इस नीतिगत निर्णय की सबसे व्यावहारिक विशेषता यह है कि 425 थानों में इंस्पेक्टरों की तैनाती से राज्य सरकार पर कोई अतिरिक्त वित्तीय बोझ या नए पदों के सृजन की आवश्यकता नहीं पड़ेगी; इसे जिलों के वर्तमान स्वीकृत पदबल से ही समायोजित किया जाएगा। आदेश के अनुसार, इन चिन्हित थानों के थानाध्यक्ष अपने थाने के पदेन 'अंचल निरीक्षक' के रूप में भी कार्य करेंगे, जिससे उनके पास अंचल निरीक्षक की सभी शक्तियां और कार्य निहित रहेंगे, हालांकि उनका क्षेत्रीय क्षेत्राधिकार केवल उनके अपने थाने तक ही सीमित रहेगा।

## दानापुर मंडल द्वारा पुलिस भर्ती परीक्षा के मद्देनजर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**पटना।**पुलिस भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु दानापुर मंडल द्वारा दिनांक 23/24 जून 2026 को परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है।

**23.06.2026 को चलने वाली ट्रेनः**

पाटलिपुत्र से 20:00 खुलकर अगले दिन 5:00 बजे सहरसा को पहुंचने वाली ट्रेन, पटना से 20:50 बजे खुलकर अगले दिन 3:00 बजे भभुआ को पहुंचने वाली ट्रेन,पटना से 21:00 बजे खुलकर अगले दिन 5:00 बजे बेतिया को पहुंचने वाली ट्रेन, पाटलिपुत्र से 21:45 खुलकर अगले दिन 5:30 बजे पूर्णिया को पहुंचने वाली ट्रेन, दानापुर से 22:00 खुलकर अगले दिन 6:00 बजे अररिया को पहुंचने वाली ट्रेन, पटना से 23:00 खुलकर अगले दिन 3:00 बजे सिवान को पहुंचने वाली ट्रेन, **24.06.2026 को चलने वाली ट्रेनें:** बख्तियारपुर से 7:00 खुलकर 9:00 बजे राजगीर को पहुंचने वाली ट्रेन, किऊल से 12:30 खुलकर 16:30 बजे गया को पहुंचने वाली ट्रेन,राजगीर से 13:00 खुलकर 15:00 बजे बख्तियारपुर को पहुंचने वाली ट्रेन,नवादा से 13:00 खुलकर 16:45 बजे झाझा को पहुंचने वाली ट्रेन,बक्सर से 13:30 खुलकर 16:30 बजे दानापुर को पहुंचने वाली ट्रेन,झाझा से 17:00 खुलकर 21:00 बजे पटना को पहुंचने वाली ट्रेन,गया से 17:30 खुलकर 21:30 बजे किऊल को पहुंचने वाली ट्रेन

## बरसात से पूर्व पंचवटी नगर में जल जमाव, स्थानीय लोग कर रहें हैं गंदे नाले के पानी के बीच आवागमन



**दानापुर।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 18 के पंचवटी नगर में जल निकासी नहीं होने से सड़क पर जल जमाव से नरकीय स्थिति उत्पन्न हो गई है। स्थानीय लोग नाले के गंदे पानी में होकर आवागमन करने को विवश हैं। लोगों ने बताया कि बिना बारिश के ही सड़क पर जल जमाव से नरकीय स्थिति बन गई है और लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पंचवटी नगर के राकेश कुमार, अनुज कुमार, उमाकांत,शंकर कुमार, परशुराम कुमार ने बताया कि जल निकासी के लिए नाला निर्माण नहीं किया गया है, जिससे नाला के पानी सड़क पर बहने लगी है। इन्होंने बताया कि वार्ड 18, 19 के नाला का पानी वार्ड 22 से होते हुए गोला रोड मुख्य नाला में गिरते हैं, परंतु इसी रास्ते पर एक निजी व्यक्ति का कुछ जमीन आता है जिससे होकर यह नाले के पानी जाया करती थी, जिससे अब बंद कर दिया गया है और जल निकासी नहीं होने के कारण सड़कों पर जल जमाव से नरकीय स्थिति उत्पन्न हो गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि अभी बारिश शुरू भी नहीं हुई है तो यह हाल है और बारिश होने पर पूरे मोहल्ला जल जमाव से झील बन जाएगा। जबकि इस जल जमाव के मामले को परिषद के सफाई निरीक्षक ने निरीक्षण कर परिषद के ईओ सह प्रशासक को वस्तु स्थिति से अवगत कराया जा चुके हैं। इसके बाद भी अभी तक कोई उचित पहल नहीं किया गया है। जिससे लोगों में भारी असंतोष व्याप्त हो गया है। वही इस संबंध में नगर परिषद के ईओ सह प्रशासक ने बताया कि जल्द ही जल निकासी का कार्य कर दिया जाएगा।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : योग हर दिन कर के हम अपने शरीर को स्वस्थ और निरोग रख सकते है : एस के गुप्ता

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय योग संस्थान द्वारा बी बी मेमोरियल उच्च विद्यालय के मैदान में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पूर्णिया शहर स्थित विभिन्न केंद्रों के साधक-साधिकाएं और युथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया तथा भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।कार्यक्रम का प्रारंभ शंख ध्वनि और गायत्री मंत्र के साथ हुआ।तत्पश्चात नीता,बंदना और अंजना ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि योग संस्थान ,मध्य प्रदेश के राज्य प्रधान एस के गुप्ता ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल योग दिवस के अवसर पर नहीं करना है वरन इसे हर दिन करके हम अपने को स्वस्थ और निरोग रख सकते है।संस्थान के बिहार राज्य प्रधान अजय कुमार सिंह ने कहा कि योग भारत की अमूल्य धरोहर है जो तन ,मन और आत्मा को स्वस्थ,संतुलित और ऊर्जावान बनाता है। युथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राज्य सचिव सिद्धार्थ प्रताप उर्फ ऋषिजी ने कहा कि आज के भाग दौड़ वाले जिंदगी में योग का काफी महत्व है।उन्होंने कहा कि नियमित रूप में योग करने से हम स्वस्थ रह सकते हैं और योग मानसिक शांति और दीर्घायु के लिए एक अमूल्य उपहार है।भाजपा के जिला कार्यकारी अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने कहा कि योग देश की प्राचीन परंपरा है शारीरिक स्वास्थ,मानसिक शांति और आत्मिक विकास का आधार है।प्रशिक्षक प्रतिमा देवी,नूतन देवी,रीता देवी,समीर कुमार घोष,पूनम पांडे,बंदना देवी,रचना कुमारी ,शिव शंकर सिंहा,रवींद्र कुमार,अजय सिंह,कैलाश मंडल ने ताड़ासन,वृक्षासन,अर्ध चक्रासन,कपालभाति,अनुलोम विलोम,त्रिकोणासन,तितली आसन,वज्रासन,सिंह गर्जना,ग्रीवा चालन और प्राणायाम का अभ्यास उपस्थित योग प्रेमियों को कराया।धन्यवाद ज्ञापन करते हुए बी बी एम केंद्र प्रमुख पूनम पांडे ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर योग दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने और योग में भाग लेने के लिए सभी का आभार प्रकट किया।इस अवसर पर भाजपा के प्रफुल्ल रंजन वर्मा,पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज सिंह,युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित सिंह,भोला जी,मिथुन दास,युथ हॉस्टल्स एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष ए के बोस,कोषाध्यक्ष प्रियेश रंजन,मनोज मधुकर,गौतम भौमिक,शिव शंकर मंडल भी मौजूद थे।

# रोटरी क्लब 3250 का पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** पटना स्थित होटल में रोटरी जिला 3250 के 25 - 26 रोटरी वर्ष के पुरस्कारों का वितरण समारोह आयोजित किया गया इस कार्यक्रम का आयोजन रोटरी क्लब आफ चाणक्य के द्वारा किया गया. कार्यक्रम के संयोजक पूर्व अध्यक्ष विनोद तोदी थे एवं कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष अभिषेक अपूर्व एवं नमिता होरा के द्वारा किया गया। दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के उपरांत कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम की शुरूआत में 100 जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन प्रदान की गई। स्वागत संबोधन करते हुए पूर्व अध्यक्ष विनोद तोदी ने बिहार एवं झारखंड की विभिन्न शाखों से आए हुए पदाधिकारियों ,सदस्यों एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया कार्यक्रम के महत्व के बारे में जानकारी दी। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नम्रता ने अपने संबोधन में वर्ष भर किए गए उल्लेखनीय कार्यो के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी - उन्होंने बताया कि डायलिसिस , मेमोग्राफी मशीन, वॉटर सैनिटेशन, आई चेक अप वेन, तालाब निर्माण, सीएमएस कैपिटल मशीन, एशिया की सबसे बड़ी डीटीएमएस मशीन रांची के मेन्टल अस्पताल में लगाई गई है। पटना स्थित बांस घाट पर एलपीजी कृमेंशन मशीन, ईशा फाउंडेशन के सहयोग से लगाई गई है। इसके अतिरिक्त पटना हवाई अड्डा पर एईडी मशीन लगाई गई है। साथ हीं 21 ई रिक्शा ,100 साइकिल, 100 पिंक ठेला, इनके अलावा भी कई अनेकों छोटे-छोटे कार्यक्रम किए गए हैं ,साथ ही डिस्ट्रिक्ट की प्रायः सभी क्लब के द्वारा अनेकों उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं जिसके लिए आज उन्हें यहां अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईपीआरडी अनिरुद्ध राय चौधरी ने अपने संबोधन में डिस्ट्रिक्ट 3250 एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नम्रता द्वारा सामाजिक सेवा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय एवं महत्वपूर्ण कार्यों की भूरि - भूरि प्रशंसा की। आपने अपने संबोधन में रोटरी इंटरनेशनल द्वारा समाज के उत्थान एवं विशेष रूप से जरुरतमंद लोगों के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी सभा को दी। बिहार विधानसभा सदस्य मनोज शर्मा द्वारा अपने संबोधन में रोटरी क्लब्स द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नम्रता द्वारा किए गए कामों के बारे में कहा कि इतना अच्छा काम रोटरी क्लब करती है। यह समाज के उत्थान के लिए बहुत ही आवश्यक है। आज इन सभी कार्यक्रमों के बारे में जानकर मुझे अपार प्रसन्नता हो रही है।

# कुम्हरार में जेनियो एबेकस की नई शाखा का भव्य शुभारंभ, बच्चों के बौद्धिक विकास को मिलेगा नया आयाम

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**राजधानी पटना के कुम्हरार क्षेत्र में जेनियो एबेकस की नई शाखा का भव्य उद्घाटन समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर शाखा की सेंटर हेड प्रियंका मंडल, सेंटर मैनेजर मनीष कुमार सहित जेनियो परिवार के कई गणमान्य सदस्य एवं शिक्षा जगत से जुड़े लोग उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में जेनियो एबेकस के निदेशक श्री राजीव रंजन, शिक्षाविद् डॉ. प्रणिता प्रभांशु तथा जेनियो की ट्रेनिंग हेड शोभा श्रीवास्तव, नीलू कुमारी, स्वेता वर्मा, मीनाक्षी की विशेष उपस्थिति रही। अतिथियों ने फीता काटकर नई शाखा का शुभारंभ किया और इस पहल को क्षेत्र के बच्चों के शैक्षणिक एवं बौद्धिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए केवल पाठ्यपुस्तक आधारित शिक्षा ही पर्याप्त नहीं है। जेनियो एबेकस जैसी प्रशिक्षण पद्धति बच्चों की मानसिक गणना क्षमता, एकाग्रता, स्मरण शक्ति, तार्किक सोच, रचनात्मकता तथा आत्मविश्वास को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके माध्यम से बच्चे कम समय में जटिल गणितीय समस्याओं का समाधान करने में सक्षम बनते हैं। निदेशक श्री राजीव रंजन ने कहा कि जेनियो एबेकस का उद्देश्य बच्चों को ऐसी शिक्षा प्रदान करना है, जिससे उनका मानसिक विकास तेज हो और वे भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें। वहीं डॉ. प्रणिता प्रभांशु ने कहा कि एबेकस प्रशिक्षण बच्चों की सीखने की क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व विकास में भी सहायक सिद्ध होता है। नई शाखा के खुलने से कुम्हरार एवं आसपास के क्षेत्रों के बच्चों को अब गुणवत्तापूर्ण एबेकस प्रशिक्षण अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध हो सकेगा। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि यह केंद्र शिक्षा, कौशल विकास और व्यक्तित्व निर्माण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। उद्घाटन समारोह उत्साह, उल्लास और सकारात्मक ऊर्जा के माहौल में संपन्न हुआ, जिसमें अभिभावकों और बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकला वृद्ध लापता, परिजनों को अनहोनी की आशंका

नई सोच एक्सप्रेस



**दानापुर।** दानापुर थाना क्षेत्र स्थित रजिस्ट्री ऑफिस के पास बेलतल के रहने वाले 60 वर्षीय सत्यानंद कुशवाहा रहस्यमय ढंग से लापता हो गये है। लापता सत्यानंद विगत 17 जून की सुबह मॉर्निंग वॉक करने घर से निकले थे। इस संबंध में लापता वृद्ध के पुत्र अभिषेक कुमार ने स्थानीय थाने में गुमसुदगी का मामला दर्ज कराया है। दर्ज मामले में अभिषेक ने बताया कि उनके पिता विगत बुधवार की सुबह 4 बजे घर से टहलने के लिए निकले थे। परंतु दोपहर तक वह अपने घर नहीं पहुंचे। परिजनों को चिंता होने लगी। अपना मोबाइल भी घर पर ही छोड़ दिए थे। पूरा परिवार उनके सभी रिस्तेदारो व आसपास के क्षेत्रों पर खोजबीन की गईं पर उनका कहीं पता नहीं चला। वही लापता वृद्ध की पत्नी अपने लापता पति के तस्वीर को लेकर बदहवास होकर दिनभर रोया करती है। वहीं आवेदन मिलने के बाद स्थानीय पुलिस वृद्ध की खोजबीन में जुट गई है।

# नगर परिषद और छावनी परिषद ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

नई सोच एक्सप्रेस



**दानापुर।**दानापुर को जाम से मुक्त और सुगम बनाने के उद्देश्य से सोमवार को दानापुर नगर परिषद और छावनी परिषद ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस कार्रवाई से शहर के प्रमुख व्यावसायिक केंद्रों और मुख्य मार्गों पर अवैध कब्जा जमाए बैठे अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। नगर परिषद की टीम ने आज गोला रोड पेट्रोल पंप से लेकर टी प्वाइंट तक सड़क के दोनों किनारों पर किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्ती बरती। सड़क पर फैले अस्थाई निर्माण, ठेले-खोमचे और दुकानों के विस्तार को हटाते हुए नगर परिषद ने अतिक्रमणकारियों से कुल 18 हजार रुपया का जुर्माना भी वसूला। उधर छावनी परिषद के अधिकारियों ने बस पड़ाव और सदर बाजार में सघन अभियान चलाया। इन क्षेत्रों में सड़क पर किए गए अवैध कब्जों को बुलडोजर और प्रशासनिक टीम की मदद से साफ कर दिया गया। प्रशासन की इस संयुक्त पहल से व्यस्त रहने वाले इन इलाकों में काफी हद तक जगह खाली हो गई है। स्थानीय निवासियों और राहगीरों ने इस कार्रवाई का स्वागत किया है। लंबे समय से सड़क पर हो रहे अतिक्रमण के कारण आम लोगों को पैदल चलने और वाहनों के आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। प्रशासन ने दुकानदारों और व्यवसायियों को सख्त हिदायत दी

**» अतिक्रमणकारियों से वसूला गया जुर्माना**

है कि भविष्य में सड़क पर पुनः अतिक्रमण करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और जुर्माना भी वसूला जाएगा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि दानापुर को जाम मुक्त और सुंदर बनाने के लिए भविष्य में भी इस प्रकार के औचक निरीक्षण और अतिक्रमण हटाओ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# ग्लोबल स्किल्स चैलेंज 2026 के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया रवाना

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।**शंघाई में आयोजित होने वाली वर्ल्डस्किल्स 2026 प्रतियोगिता की तैयारियों के तहत कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने ऑस्ट्रेलिया में होने वाले ग्लोबल स्किल्स चैलेंज (जीएससी) 2026 के लिए भारतीय टीम को रवाना किया। 30 सदस्यीय दल में 15 प्रतियोगी और 15 एक्सपर्ट्स शामिल हैं, जो 23 से 29 जून तक विभिन्न कौशल प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय की सचिव देवश्री मुखर्जी ने कहा कि यह प्रतियोगिता टीम इंडिया के लिए अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त करने और वर्ल्डस्किल्स शंघाई 2026 की तैयारी को मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने प्रतिभागियों से अनुशासन, एकाग्रता और सीखने की भावना बनाए रखने का आह्वान किया। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के सीईओ अरुणकुमार पिल्लई ने कहा कि सभी प्रतिभागियों ने कठिन प्रतिस्पर्धा के बाद टीम में स्थान बनाया है। ऑस्ट्रेलिया का यह आयोजन शंघाई प्रतियोगिता से पहले अंतिम बड़ा मंच है, जहां उन्हें अपने कौशल को और निखारने का अवसर मिलेगा। भारत इस प्रतियोगिता में 3डी डिजिटल गेम आर्ट, ऑटोमोबाइल टेक्नोलॉजी, क्लाउड कंप्यूटिंग, ग्राफिक डिजाइन, हेयरड्रेसिंग, हेल्थ एंड सोशल केयर, इंडस्ट्रियल मैकेनिक्स, वेब टेक्नोलॉजी समेत कुल 15 कौशल श्रेणियों में भाग लेगा। ग्लोबल स्किल्स चैलेंज 2026 भारतीय प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अपनी क्षमता परखने तथा वैश्विक प्रतिस्पर्धियों के साथ अनुभव साझा करने का अवसर प्रदान करेगा, जिससे वर्ल्डस्किल्स शंघाई 2026 में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद बढ़ेगी।

# मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित, सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील

नई सोच एक्सप्रेस



**खगौल।**आगामी मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर सोमवार को खगौल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खगौल थाना अध्यक्ष रंजन कुमार ने की। बैठक में मुहर्रम के अवसर पर निकलने वाले ताजिया जुलूस की व्यवस्था, सुरक्षा और विधि-व्यवस्था बनाए रखने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। थाना अध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि ताजिया जुलूस निकालने के लिए लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य होगा तथा सभी जुलूस पूर्व निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार ही निकाले जाएंगे। उन्होंने उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारा, शांति एवं सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर भ्रामक या गलत जानकारी प्रसारित करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थाना अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और यदि कोई असामाजिक तत्व पर्व के दौरान माहौल बिगाड़ने का प्रयास करता है तो इसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस प्रशासन को दें। उन्होंने बताया कि ताजिया जुलूस के लिए आवेदन के साथ संबंधित समिति के कम से कम 10 सदस्यों के आधार कार्ड की प्रतियां एवं मोबाइल नंबर जमा करना अनिवार्य होगा। बैठक में सब-इंस्पेक्टर संजीव कुमार, नीतीश कुमार एवं अरविंद कुमार के अलावा पूर्व नगर उपाध्यक्ष सुनील कुमार, वार्ड पार्षद पिंटू कुमार, प्रशांत कुमार सिंह, महेंद्र कुमार सिंह, आरती कुमारी, मोहम्मद राजा, मोहम्मद दानिश, मोहम्मद अजमल, गौहर इकबाल, महफूज आलम, इरफान सिद्दीकी, शोएब कुरैशी, जितेंद्र वत्स, धर्मेंद्र सिंह, राकेश मेहता उर्फ पप्पू, पॉली गांगुली, संजय कुमार, समाजसेवी अजय कुमार यादव, रितेश कुमार, आशुतोष सहित दोनों समुदायों के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना तथा सामाजिक एकता एवं भाईचारे को मजबूत करना रहा।

## 28 जून को होगा मनेरशरीफ में भव्य सूफी महोत्सव, जिलाधिकारी ने की तैयारियों की समीक्षा

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**पटना के निकट स्थित मनेरशरीफ दरगाह, बिहार की सबसे प्रसिद्ध सूफी दरगाहों में से एक है। अपनी अद्भुत मुगलकालीन वास्तुकला, आध्यात्मिक महत्व और गंगा-जमुनी तहजीब के प्रतीक के रूप में मनेर शरीफ हर वर्ष हजारों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करता है। बिहार की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत का यह अनमोल केंद्र श्रद्धा, शांति और सद्भाव का संदेश देता है। महान सूफी संत मखदूम याहिया मनेरी और मखदूम शाह दौलत की याद में यहां हर वर्ष उत्साह के साथ उर्स का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी पर्यटन विभाग, बिहार सरकार एवं ज़िला प्रशासन, पटना के संयुक्त तत्वावधान में विश्वप्रसिद्ध दरगाह मनेरशरीफ के डाकबंगला परिसर मैदान में भव्य सूफ़ी महोत्सव का आयोजन होगा। 28 जून (रविवार) को आयोजित होने वाले सूफ़ी महोत्सव की तैयारियों की जिलाधिकारी, पटना द्वारा समीक्षा की गई। पदाधिकारियों को सभी स्टेकहोल्डर्स से समन्वय स्थापित कर उत्कृष्ट भीड़-प्रबंधन, सुदृढ़ विधि-व्यवस्था संधारण तथा सुचारू यातायात प्रबंधन के दृष्टिकोण से निर्धारित मानकों के अनुरूप सभी प्रशासनिक तैयारी सुनिश्चित करने एवं अनुमंडल पदाधिकारी, दानापुर तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, दानापुर को नियमित अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया। ज़िलाधिकारी ने लोगों से अपील किया कि वे इसमें अधिक-से-अधिक संख्या में भाग लें। पर्यटन के विकास के लिए सरकार सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध है।

हर खबर पर पैनी नजर
# नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



# ममता बनर्जी की राजनीतिक चुनौतियाँ और बदलता विपक्षी परिदृश्य





आरती कुमारी

भारतीय राजनीति में समय-समय पर ऐसे अवसर आते हैं जब सत्ता, प्रभाव और जनसमर्थन के समीकरण तेजी से बदलते दिखाई देते हैं। पश्चिम बंगाल की राजनीति भी इन दिनों इसी प्रकार की चर्चाओं के केंद्र में है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख और पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लेकर राजनीतिक गलियारों में अनेक तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। विपक्षी राजनीति में उनकी भूमिका, कांग्रेस के साथ उनके संबंध और टीएमसी के भविष्य को लेकर बहस तेज हो गई है। ममता बनर्जी ने लंबे समय तक पश्चिम बंगाल की राजनीति में प्रभावशाली नेतृत्व किया। कांग्रेस से अलग होकर उन्होंने तृणमूल कांग्रेस का गठन किया और धीरे-धीरे राज्य की प्रमुख राजनीतिक शक्ति बन गईं। एक समय ऐसा भी था जब राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी राजनीति में उन्हें एक महत्वपूर्ण चेहरे के रूप में देखा जाता था। कई राजनीतिक विश्लेषक उन्हें प्रधानमंत्री पद के संभावित दावेदारों में भी शामिल करते रहे। हालांकि हाल के वर्षों में बदले राजनीतिक हालात ने उनके सामने नई चुनौतियाँ खड़ी कर दी हैं। टीएमसी के कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं के पार्टी छोड़ने की खबरों ने संगठन की मजबूती को लेकर प्रश्न खड़े किए हैं। राजनीतिक विरोधियों का दावा है कि पार्टी के भीतर असंतोष बढ़ रहा है, जबकि टीएमसी नेतृत्व इन दावों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया राजनीतिक प्रचार बताता है। इसी बीच कांग्रेस और टीएमसी के संबंधों को लेकर भी चर्चाएँ तेज हुई हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राष्ट्रीय राजनीति में भारतीय जनता पार्टी के मुकाबले विपक्षी दलों के बीच सहयोग की आवश्यकता पहले की तुलना में अधिक महसूस की जा रही है। ऐसे में कांग्रेस और टीएमसी के बीच संवाद या राजनीतिक समीकरणों की संभावना को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि इन संभावनाओं पर दोनों दलों की ओर से कोई स्पष्ट और आधिकारिक घोषणा सामने नहीं आई है। ममता बनर्जी और कांग्रेस के संबंधों का इतिहास भी दिलचस्प रहा है। कांग्रेस से राजनीतिक जीवन शुरू करने वाली ममता बनर्जी ने बाद में पार्टी से अलग होकर अपनी स्वतंत्र पहचान बनाई। कई अवसरों पर उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व, विशेषकर सोनिया गांधी और राहुल गांधी की राजनीतिक रणनीतियों की आलोचना भी की। वहीं दूसरी ओर, राष्ट्रीय राजनीति में ऐसे भी दौर आए जब भाजपा के खिलाफ विपक्षी एकता के लिए दोनों दलों को एक मंच पर खड़ा होना पड़ा। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि यदि भविष्य में विपक्षी दलों के बीच कोई व्यापक गठबंधन बनता है तो उसमें कांग्रेस और टीएमसी दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। लेकिन यह भी सच है कि पश्चिम बंगाल में दोनों दलों के बीच प्रतिस्पर्धा और राजनीतिक मतभेद लंबे समय से मौजूद हैं। इसलिए किसी भी संभावित राजनीतिक समझौते की राह आसान नहीं मानी जा रही। विपक्षी राजनीति के संदर्भ में एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि क्षेत्रीय दलों की भूमिका लगातार बदल रही है। कभी राष्ट्रीय राजनीति में निर्णायक प्रभाव रखने वाले कई क्षेत्रीय दल आज अपने-अपने राज्यों में नई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। टीएमसी भी इससे अछूती नहीं है। पार्टी को एक ओर संगठनात्मक मजबूती बनाए रखने की चुनौती है तो दूसरी ओर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रासंगिकता कायम रखने की भी आवश्यकता है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले समय में ममता बनर्जी की रणनीति यह तय करेगी कि वह केवल पश्चिम बंगाल की राजनीति तक सीमित रहती हैं या राष्ट्रीय विपक्ष की राजनीति में भी प्रभावशाली भूमिका निभाने का प्रयास जारी रखती हैं। कांग्रेस के साथ उनके संबंधों की दिशा भी इसी रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा होगी। अंततः यह कहा जा सकता है कि भारतीय राजनीति में स्थायी मित्र और स्थायी विरोधी नहीं होते, बल्कि परिस्थितियाँ और राजनीतिक हित अक्सर नए समीकरणों को जन्म देते हैं। ममता बनर्जी, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के बीच बनते-बिगड़ते संबंध आने वाले वर्षों में भारतीय राजनीति की दिशा और विपक्षी एकता की संभावनाओं को प्रभावित कर सकते हैं। फिलहाल राजनीतिक घटनाक्रमों पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं और भविष्य के समीकरणों को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है।

# आकांक्षाओं का गणितः भारत में रोजगार का सवाल अब स्थिरता पर क्यों निर्भर है

डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन

जब 1954 में सर आर्थर लुईस ने गरीब अर्थव्यवस्थाओं के अमीर बनने की परिघटना को समझाने का काम शुरू किया, तो उन्होंने विकास की मुख्य प्रक्रिया को पूंजी के संचय के रूप में नहीं बल्कि कामगारों के जीवन-निर्वाह वाली खेती से हटकर अधिक कमाई वाले उद्योगों एवं सेवा क्षेत्रों की ओर मुड़ने के तौर पर पहचाना। उनका यह अनुमान बिल्कुल ही सही था कि यही बदलाव देर से औद्योगीकरण करने वाले हर देश का भविष्य तय करेगा। आज भारत ठीक इसी मोड़ पर खड़ा है और नीति-निर्माताओं के सामने सवाल पर्याप्त नौकरियां उपलब्ध कराने भर का नहीं है। बल्कि, उनके सामने इससे भी अधिक अहम सवाल यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ऐसी नौकरियां पैदा करने की स्थिति में है या नहीं जो पर्याप्त तादाद में हों, औपचारिक हों और एक युवा कामगार को जीवन भर बढ़ती उत्पादकता एवं सुरक्षा दे सकने लायक टिकाऊ हों। इस जिम्मेदारी के भार को काफी सटीकता से बताया जा सकता है। 'आर्थिक समीक्षा 2023-240 ने 'आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे)0 और आबादी से जुड़े अनुमानों के आधार पर यह अनुमान लगाया है कि इस दशक की बाकी अवधि में भारतीय अर्थव्यवस्था को हर वर्ष लगभग 78.5 लाख गैर-कृषि नौकरियां सृजित करनी होंगी। यह आंकड़ा दो बढ़ते दबावों का नतीजा है: पहला, कामकाज के क्षेत्र में लोगों की भागीदारी बढ़ने के साथ श्रमशक्ति में हो रही लगातार बढ़ोतरी; और दूसरा, संरचनात्मक बदलाव के कारण खेती से बाहर आने वाले कामगार। रोजगार में खेती की हिस्सेदारी अभी भी लगभग 46 प्रतिशत है। वर्ष 2047 तक इस हिस्सेदारी के घटकर एक-चौथाई तक आ जाने की संभावना है। जुलाई 2025 में केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूर की गई और उसके अगले महीने से शुरू हुई 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना0 उस अंतर को पाटने की अब तक की सबसे सोची-समझी कोशिश है। इस योजना के तहत, जुलाई 2027 तक की दो वर्षों की अवधि में 3.5 करोड़ से अधिक औपचारिक नौकरियां सृजित करने हेतु 'कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ)0 के जरिए 99,446 करोड़ रुपये लगाए जा रहे हैं। ईपीएफओ में पंजीकृत किसी कंपनी में पहली बार शामिल होने वाला और महीने में एक लाख रुपये से कम कमाने वाला कामगार, दो किस्तों में कुल 15,000 रुपये तक पाने का हकदार बन जाता है। दूसरी किस्त वित्तीय साक्षरता पाठ्यक्रम (फाइनेंशियल लिटरेसी कोर्स) करने पर और बचत (सेविंग्स) के तौर पर मिलती है। वहीं, निर्धारित आधार-रेखा (बेसलाइन) से अधिक लोगों को नौकरी पर रखने वाले नियोक्ताओं को हर नए कामगार के लिए महीने में 3,000 रुपये तक मिलते हैं। ये शर्तें कुछ इस तरह तय की गई हैं कि छोटी कंपनियां भी इसके दायरे से बाहर हो जाने के बजाय इसमें शामिल हो सकें। यह योजना भर्ती संबंधी सब्सिडी वाले आम व निराशाजनक तरीकों से इसलिए अलग और बेहतर है क्योंकि इसमें पहला लाभ मिलने से पहले छह महीने तक लगातार नौकरी करना आवश्यक है। ऐसा इसलिए है क्योंकि पहली बार काम करने वाले को नौकरी पर रखने का लाभ तभी मिलता है जब वह कर्मचारी काम में कुशल बन जाए और टिका रहे। यह शर्त शुरुआती भर्ती को एक पक्की प्रतिबद्धता में बदल देती है, जिससे नियोक्ता को प्रशिक्षण की लागत वसूलने के लिए पर्याप्त समय मिल जाता है और कर्मचारी को भी उतने महीने मिल जाते हैं जिनमें वह असली हुनर सीख सके और भरोसेमंद रिकॉर्ड बना सके। इस तरह, यह योजना केवल नौकरी देने के लिए नहीं बल्कि कर्मचारी को बनाए रखने वाली अपेक्षाकृत अधिक कठिन प्रक्रिया के लिए पुरस्कृत करती है और इसके बाद कर्मचारी के पास रोजगार क्षमता एक ऐसा ट्रैक रिकॉर्ड होता है जिसका वह कहीं भी सदुपयोग कर सकता है। इस योजना का सबसे अधिक झुकाव मैन्यूफैक्चरिंग की ओर है, जहां नियोक्ता को मिलने वाला प्रोत्साहन दो वर्ष के बजाय चार वर्ष तक मिलता है। समय-सीमा को दोगुना करने का यह निर्णय औद्योगिक क्षमता तैयार होने में लगने वाले अधिक समय को ध्यान में रखकर लिया गया है। साथ ही, इससे निर्माता (मैन्यूफैक्चरर) समय से पहले स्वचालित व्यवस्था (ऑटोमेशन) लाकर कामगारों को हटाने के बजाय श्रमशक्ति बढ़ाने की ओर प्रेरित होते हैं। अहम बात यह है कि सरकार ने इसे देश को वैश्विक मैन्यूफैक्चरिंग केन्द्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने की दृष्टि से जरूरी माना है। ईपीएफओ के जरिए, हर नए कामगार को एक यूनिवर्सल अकाउंट नंबर मिलता है और उन्हें सामाजिक सुरक्षा का पहली बार अहसास होता है। अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने वाले बहुत कम कामगारों को यह सुरक्षा मिल पाती है। इस योजना के शुरुआती नतीजे बेहद उत्साहजनक रहे हैं। इसके शुरू होने के बाद से लगभग 60 लाख नए कर्मचारी नामांकित हुए हैं। इनमें से अधिकतर 30 वर्ष से कम आयु के हैं और 18 लाख से अधिक महिलाएं हैं। वहीं, लगभग 1.77 लाख प्रतिष्ठानों ने 66 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित किए हैं। इन प्रतिष्ठानों में कई ऐसी छोटी कंपनियां शामिल हैं, जहां लंबे समय से अनौपचारिक काम का बोलबाला रहा है। हालांकि, एक अच्छी शुरुआत को पूरी तरह से सफल बदलाव मान लेना नासमझी होगी। इस योजना में धोखाधड़ी में शामिल कंपनियों को बाहर रखने, हर छह महीने में इलेक्ट्रॉनिक रिटर्न के जरिए यह सुनिश्चित करना कि नौकरी सिर्फ कागजों के बजाय असल में बनी हुई है और भुगतान की स्वचालित प्रणाली जैसी कई अच्छी बातें हैं। ये सभी खूबियां इस बात को दर्शाती हैं कि योजनाकारों को इस बात का अहसास है कि ऐसी योजना में उन भर्तियों को लाभ नहीं मिलना चाहिए जो अन्यथा भी हो जातीं। इसकी असली सफलता पहले वर्ष में नामांकित लोगों के आंकड़ों से नहीं, बल्कि इस बात से पता चलेगी कि वे नौकरियां उस प्रोत्साहन के समाप्त होने के बाद भी बनी रहती हैं या नहीं और इससे पैदा होने वाली मांग को पूरा करने के लिए काम के लायक युवा मौजूद हैं या नहीं। इसीलिए, इस योजना की सफलता कौशल को सिखाने में किए जा रहे निवेश से सीधे तौर पर जुड़ी हुई है।

# क्या बिहार से बदल जाएगी भारतीय राजनीति की दिशा?



जितेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना

दुनिया के विभिन्न हिस्सों में युद्ध चल रहे हैं। कहीं मिसाइलें दागी जा रही हैं, कहीं सीमाओं पर सेनाएँ आमने-सामने खड़ी हैं और कहीं सत्ता के लिए राजनीतिक संघर्ष अपने चरम पर है। लेकिन इन सबके बीच बिहार में भी एक ऐसी लड़ाई लड़ी जा रही है, जिसके हथियार न तो बंदूकें हैं और न ही टैंक। यह लड़ाई संविधान, सत्ता, राजनीति, नैतिकता और न्यायपालिका के बीच संतुलन की लड़ाई है। इस संघर्ष के केंद्र में हैं बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश, जो राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा के पुत्र हैं। पहली नजर में यह मामला केवल एक मंत्री के पद पर बने रहने का दिखाई देता है, लेकिन इसके पीछे भारतीय राजनीति के कई गहरे सवाल छिपे हुए हैं। सवाल केवल इतना नहीं है कि दीपक प्रकाश मंत्री बने रहेंगे या नहीं, बल्कि यह भी है कि क्या कोई गैर-विधायक लगातार छह-छह महीने की अवधि के सहारे मंत्री पद पर बना रह सकता है? क्या संविधान इसकी अनुमति देता है? क्या यह लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप है? और सबसे महत्वपूर्ण होगा, क्या सुप्रीम कोर्ट इस पर ऐसी व्याख्या देगा जो भविष्य की राजनीति की दिशा तय कर दे? बिहार की राजनीति में इस समय जो कुछ घट रहा है, वह केवल राज्य की सीमाओं तक सीमित नहीं है। यह मामला देश के संघीय ढाँचे, मंत्रिपरिषद की संवैधानिक संरचना और राजनीतिक दलों की रणनीतियों से जुड़ा हुआ है। यदि अदालत पुनर्नियुक्ति को असंवैधानिक ठहराती है, तो केवल बिहार सरकार ही कठघरे में नहीं खड़ी होगी, बल्कि देशभर में वर्षों से अपनाई जा रही एक राजनीतिक व्यवस्था पर भी प्रश्नचिह्न लग जाएगा। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 164(4) कहता है कि यदि कोई व्यक्ति मंत्री नियुक्त किया जाता है लेकिन वह राज्य विधानमंडल के किसी सदन का सदस्य नहीं है, तो वह अधिकतम छह माह तक मंत्री रह सकता है। इस अवधि के भीतर उसे विधानसभा या विधान परिषद का सदस्य बनना आवश्यक है। यदि वह ऐसा नहीं कर पाता, तो उसे मंत्री पद छोड़ना पड़ता है। संविधान निर्माताओं ने यह प्रावधान इसलिए रखा था ताकि किसी विशेष परिस्थिति में मुख्यमंत्री या सरकार किसी विशेषज्ञ, अनुभवी व्यक्ति या राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण नेता को मंत्री बना सके, भले ही वह तत्काल सदन का सदस्य न हो। लेकिन संविधान निर्माताओं की मूल भावना यह नहीं थी कि इस प्रावधान को स्थायी व्यवस्था बना दिया जाए। यहीं से विवाद शुरू होता है। दीपक प्रकाश बिहार विधानमंडल के किसी सदन के सदस्य नहीं हैं। इसके बावजूद उन्हें मंत्री बनाया गया। संविधान के अनुसार उनके पास छह महीने का समय है। विवाद इस बात को लेकर है कि यदि छह महीने के भीतर वे विधायक या विधान पार्षद नहीं बनते हैं, तो क्या उन्हें फिर से मंत्री नियुक्त किया जा सकता है? कानूनी विशेषज्ञों का एक वर्ग कहता है कि ऐसा करना संविधान की मूल भावना के खिलाफ होगा। दूसरा वर्ग मानता है कि यदि तकनीकी रूप से पुनर्नियुक्ति संभव है तो सरकार ऐसा कर सकती है। इसी प्रश्न ने मामले को सुप्रीम कोर्ट तक पहुँचा दिया है। भारतीय लोकतंत्र में संविधान की अंतिम व्याख्या का अधिकार सुप्रीम कोर्ट के पास है। अदालत का निर्णय केवल वर्तमान विवाद को नहीं सुलझाएगा, बल्कि भविष्य के लिए भी एक मिसाल बनेगा। यदि कोर्ट यह कहता है कि छह महीने बाद पुनर्नियुक्ति संभव नहीं है, तो राजनीतिक दलों की एक बड़ी रणनीति समाप्त हो जाएगी। यदि कोर्ट पुनर्नियुक्ति को वैध मान लेता है, तो भविष्य में कई राज्य सरकारें इस रास्ते का उपयोग कर सकती हैं। यही कारण है कि पूरे देश के राजनीतिक और संवैधानिक विशेषज्ञ इस मामले पर नजर बनाए हुए हैं। भारतीय राजनीति में ऐसे कई उदाहरण मौजूद हैं जब गैर-विधायकों को मंत्री या मुख्यमंत्री बनाया गया। सबसे चर्चित उदाहरणों में शामिल हैं ममता बनर्जी का केंद्रीय मंत्री बनना। मनमोहन सिंह का राज्यसभा सदस्य रहते हुए प्रधानमंत्री बनना। अशोक गहलोत और उद्धव ठाकरे सरकारों में कुछ गैर-विधायकों की नियुक्तियाँ। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में समय-समय पर गैर-विधायक मंत्रियों की नियुक्ति। लेकिन इन सभी मामलों में संबंधित व्यक्तियों ने निर्धारित अवधि के भीतर सदन की सदस्यता प्राप्त कर ली थी। यहीं दीपक प्रकाश का मामला अलग और अधिक संवेदनशील बन जाता है। 1990 के दशक में सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय दिया था जिसे आज भी इस विषय पर सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। एस.आर. चौधरी बनाम पंजाब राज्य (2001) मामले में अदालत ने कहा था कि कोई व्यक्ति लगातार छह महीने की अवधि पूरी होने के बाद पुनः मंत्री नियुक्त नहीं किया जा सकता यदि वह सदन का सदस्य नहीं बना है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अनुच्छेद 164(4) कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है, बल्कि केवल अस्थायी अपवाद है। इस फैसले को आज दीपक प्रकाश विवाद में सबसे महत्वपूर्ण कानूनी आधार माना जा रहा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सामने कई चुनौतियाँ है। एक ओर सहयोगी दल राष्ट्रीय लोक मोर्चा का राजनीतिक महत्व है। दूसरी ओर सरकार की संवैधानिक छवि और नैतिक वैधता का प्रश्न है। यदि दीपक प्रकाश को पद से हटाया जाता है, तो गठबंधन की राजनीति प्रभावित हो सकती है। यदि उन्हें बनाए रखने का प्रयास किया जाता है, तो कानूनी संकट गहरा सकता है। इस प्रकार सरकार राजनीतिक और संवैधानिक दोनों मोर्चों पर दबाव में दिखाई देती है।

# परिवर्तन की आहट या नई राजनीतिक संरचना का निर्माण? : भाजपा के संभावित महाफेरबदल के दूरगामी निहितार्थ



आचार्य अशोक चौधरी प्रियदर्शी

**कटिहार, बिहार।** भारतीय राजनीति में संगठन केवल चुनाव लड़ने का माध्यम नहीं होता, बल्कि वह किसी दल की वैचारिक शक्ति, कार्यकर्ता-आधारित संरचना, नेतृत्व निर्माण की क्षमता और भविष्य की राजनीतिक दिशा का आधार भी होता है। यही कारण है कि जब किसी राष्ट्रीय दल में व्यापक संगठनात्मक फेरबदल की चर्चा होती है, तो उसका महत्व केवल पदों के परिवर्तन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह आने वाले वर्षों की राजनीतिक रणनीति, नेतृत्व परिवर्तन, सामाजिक समीकरणों और चुनावी प्राथमिकताओं का संकेतक भी बन जाता है। वर्तमान समय में भारतीय जनता पार्टी के भीतर जिस प्रकार बड़े संगठनात्मक और राजनीतिक फेरबदल की संभावनाओं पर चर्चा चल रही है, उसे केवल एक नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया के रूप में नहीं देखा जा सकता। यह संभवतः उस व्यापक राजनीतिक पुनर्संरचना की शुरुआत है जिसके माध्यम से भाजपा आगामी विधानसभा चुनावों, 2029 के लोकसभा चुनाव और विकसित भारत 2047 के दीर्घकालिक लक्ष्य के अनुरूप स्वयं को पुनर्गठित करने का प्रयास कर रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शीर्ष नेतृत्व की लंबी बैठक तथा उसके बाद सामने आए संकेतों ने राजनीतिक हलकों में नई चर्चाओं को जन्म दिया है। यदि वास्तव में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में नई केंद्रीय टीम का गठन होने जा रहा है और सरकार तथा राज्यपालों के स्तर पर भी परिवर्तन की तैयारी है, तो यह भाजपा के संगठनात्मक इतिहास का एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जाएगा। विशेष रूप से इसलिए क्योंकि जनवरी 2020 में जेपी नड्डा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद से केंद्रीय संगठन में कोई बड़ा संरचनात्मक परिवर्तन नहीं हुआ है। छह वर्ष किसी भी राजनीतिक दल के लिए लंबा समय होता है। इस दौरान राजनीतिक परिस्थितियाँ बदलती हैं, सामाजिक अपेक्षाएँ बदलती हैं, चुनावी चुनौतियाँ बदलती हैं और नेतृत्व की नई पीढ़ियाँ उभरती हैं। ऐसे में परिवर्तन केवल विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन जाता है। भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक यह रही है कि उसने स्वयं को केवल व्यक्तिनिष्ठ दल के रूप में विकसित नहीं होने दिया। जनसंघ के दिनों से लेकर आज तक उसका संगठनात्मक ढाँचा लगातार विस्तार और पुनर्गठन की प्रक्रिया से गुजरता रहा है। अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, कुशाभाऊ ठाकरे, जनाकृष्णमूर्ति, वेंकैया नायडू, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, अमित शाह, जेपी नड्डा और अब नितिन नवीन जैसे नेताओं के माध्यम से संगठन ने समय-समय पर स्वयं को नए संदर्भों के अनुरूप ढाला है। यही कारण है कि भाजपा का संगठनात्मक परिवर्तन सामान्यतः संकट का संकेत नहीं, बल्कि विस्तार और पुनर्निर्माण का संकेत माना जाता है। आज भाजपा एक ऐसे दौर में खड़ी है जहाँ उसके सामने दोहरी चुनौती है। एक ओर उसे सत्ता में रहते हुए सुशासन और विकास के एजेंडे को आगे बढ़ाना है, दूसरी ओर संगठन को भी उतना ही जीवंत और सक्रिय बनाए रखना है। राजनीतिक इतिहास बताता है कि कई दल सत्ता में सफल हुए, लेकिन संगठन की उपेक्षा के कारण धीरे-धीरे कमजोर पड़ गए। भाजपा इस ऐतिहासिक अनुभव से भलीभांति परिचित है। संभवतः यही कारण है कि संगठनात्मक पुनर्गठन की प्रक्रिया को गंभीरता से लिया जा रहा है। नितिन नवीन की संभावित नई टीम को लेकर जो चर्चाएँ सामने आ रही हैं, वे केवल नामों की अदला-बदली तक सीमित नहीं हैं। कहा जा रहा है कि राष्ट्रीय उपाध्यक्षों, महासचिवों और अन्य महत्वपूर्ण पदों पर व्यापक बदलाव संभव हैं। यदि ऐसा होता है तो उसके पीछे सबसे बड़ा उद्देश्य सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन स्थापित करना होगा। भारतीय राजनीति में आज सामाजिक प्रतिनिधित्व एक केंद्रीय प्रश्न बन चुका है। कोई भी राष्ट्रीय दल तब तक व्यापक स्वीकृति प्राप्त नहीं कर सकता जब तक उसके नेतृत्व में समाज के विविध वर्गों की भागीदारी दिखाई न दे। महिलाओं, युवाओं, पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व को बढ़ाना केवल राजनीतिक रणनीति नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक आवश्यकता भी है। विशेष रूप से महिला नेतृत्व को लेकर भाजपा पर लंबे समय से अपेक्षाएँ रही हैं। यदि नई टीम में महिलाओं की संख्या और भूमिका बढ़ती है, तो यह केवल संगठनात्मक परिवर्तन नहीं होगा, बल्कि समाज को एक व्यापक राजनीतिक संदेश भी देगा। इसी प्रकार युवाओं को अधिक अवसर दिए जाने की चर्चा भी महत्वपूर्ण है। भारत विश्व का सबसे युवा देशों में से एक है। भाजपा यदि अगले दो दशकों की राजनीति को ध्यान में रखकर नेतृत्व तैयार करना चाहती है, तो उसे नई पीढ़ी को आगे लाना ही होगा। लेकिन केवल युवा नेतृत्व पर्याप्त नहीं होता; अनुभव और ऊर्जा के बीच संतुलन भी उतना ही आवश्यक है। इसलिए यह संभावना कि नई टीम में युवा और अनुभवी नेताओं का मिश्रण दिखाई देगा, राजनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। आगामी विधानसभा चुनाव भी इस संभावित फेरबदल के केंद्र में दिखाई देते हैं। उत्तर प्रदेश, गुजरात, उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों का महत्व केवल राज्यीय राजनीति तक सीमित नहीं है। ये राज्य राष्ट्रीय राजनीति की दिशा तय करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि इन राज्यों से प्रभावशाली नेताओं को संगठन में प्रमुख जिम्मेदारियाँ दी जाती हैं, तो उसका उद्देश्य केवल प्रतिनिधित्व देना नहीं होगा, बल्कि चुनावी तैयारी को मजबूत करना भी होगा। राजनीति में संगठनात्मक पद कई बार चुनावी रणनीति के उपकरण भी होते हैं। भाजपा और आरएसएस के संबंधों को भी इस संदर्भ में समझना आवश्यक है। दोनों संस्थाओं का संबंध केवल राजनीतिक सहयोग का नहीं, बल्कि वैचारिक संवाद का भी है। जब शीर्ष नेतृत्व की लंबी बैठकें होती हैं, तो उनमें केवल पदों पर चर्चा नहीं होती, बल्कि समाज, संगठन, राजनीति, राष्ट्र और भविष्य की दिशा पर भी विचार होता है। इसलिए राजनाथ सिंह के आवास पर हुई बैठक को केवल नियुक्तियों की बैठक मानना उचित नहीं होगा। संभवतः यह भाजपा के अगले चरण की रूपरेखा तय करने का प्रयास भी था। संगठनात्मक पुनर्गठन के साथ-साथ केंद्र सरकार में संभावित फेरबदल की चर्चाएँ भी महत्वपूर्ण हैं। किसी भी बड़े राजनीतिक दल के लिए संगठन और सरकार के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक होता है। कई बार संगठन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नेताओं को सरकार में अवसर दिया जाता है और कई बार सरकार का अनुभव रखने वाले नेताओं को संगठन में लाया जाता है। यदि भाजपा इस दिशा में कदम उठाती है, तो उसका उद्देश्य शासन और संगठन दोनों को अधिक प्रभावी बनाना हो सकता है। राज्यपालों के स्तर पर संभावित परिवर्तन भी इसी व्यापक रणनीति का हिस्सा माने जा सकते हैं। राजनीति में लंबे समय तक संगठन के लिए कार्य करने वाले नेताओं को संवैधानिक पदों पर नियुक्त करना केवल सम्मान का प्रश्न नहीं होता, बल्कि नेतृत्व के संक्रमण को सहज बनाने का माध्यम भी होता है। इससे संगठन में नए लोगों के लिए स्थान बनता है और अनुभवी नेतृत्व का सम्मान भी बना रहता है। राज्यसभा के माध्यम से नेतृत्व संतुलन स्थापित करने की रणनीति भी भारतीय राजनीति में नई नहीं है। जिन नेताओं को संगठन या सरकार में तत्काल भूमिका नहीं मिलती, उन्हें कई बार राज्यसभा, आयोगों, बोर्डों या अन्य संस्थाओं में अवसर दिया जाता है। इससे संगठनात्मक असंतोष कम होता है और अनुभव का उपयोग भी जारी रहता है। भाजपा यदि ऐसी रणनीति अपनाती है, तो यह उसके दीर्घकालिक संगठनात्मक प्रबंधन का हिस्सा माना जाएगा। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा के सामने एक और चुनौती उभरकर आई है—नई राजनीतिक परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को पुनर्संतुलित करना। भले ही एनडीए सत्ता में है, लेकिन राजनीति में स्थायित्व का कोई विकल्प नहीं होता।





**मेष राशि** : आज आपके सोचे हुए सारे काम पूरे हो जाएंगे। जो काम रुके हुये थे वो आज मन-मुताबिक पूरे होंगे। इस राशि के बिजनेसमैन अगर किसी नये बिजनेस को शुरू करने की सोच रहे हैं तो आज से इसकी शुरूआत कर दें साथ ही फायदे के कुछ नये सौदे भी हाथ आएंगे। स्वास्थ्य आज फिट रहेगा। करियर के मामले में कुछ नई उपलब्धियां मिलेंगी। शुभ अंक- 4

**वृष राशि**ः आपके लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आज आपको आपके सभी क्षेत्रों में सफलता के योग बन रहे हैं। पारिवारिक सौहार्द में बढ़ोतरी होगी। शांति पूर्ण माहौल में अपनों के साथ समय बिताएंगे। आय के कुछ नये स्रोत मिलेंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनेगी। ऑफिस के कार्यों से आज भागदौड़ लगी रहेगी। अपनी अच्छी सेहत के लिए अपने खाने में हरी सब्जियों का ज्यादा इस्तेमाल करें। शुभ अंक- 2

**मिथुन राशि** : आपके लिए आज का दिन रोज से अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आज आप कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। आपकी बात करने की कला से लोग प्रभावित होंगे। आपकी तरक्की के चांसेस बढ़ेंगे। नौकरी में अच्छे अवसर मिलेंगे। वेतन वृद्धि के योग हैं। काम का बोझ बढ़ने से ऑफिस से आप देर से निकलेंगे। अपने खान-पान का ध्यान रखें। शुभ अंक- 5

**कर्क राशि** : आपके लिए आज का दिन प्रसन्नता लेकर आएगा। आपके रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों के साथ किसी तरह के वहस करने से बचें। आपको आपकी मेहनत के अनुकूल परिणाम मिलेंगे। जिससे आपका मन खुश रहेगा। आपको मित्रों का पूरा सहयोग मिलेगा। आप कुछ नए मित्र भी बनाएंगे। आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा। कहीं से रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। शुभ अंक- 2

**सिंह राशि** : आज आपका दिन नई उम्मीद लेकर आएगा। आपके काम करने की क्षमता बढ़ेगी। नौकरी करने वालों के लिए प्रमोशन के योग बन रहें हैं। साथ ही आपका ट्रांसफर मनपसंद जगह पर हो सकता है। आपके पारिवारिक जीवन में खुशियां बनी रहेंगी। उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे लोगों को उत्तम परिणाम मिलने के योग हैं। प्रतियोगी परीक्षा में अच्छे अंक मिलने से आपके चेहरे पर प्रसन्नता बनी रहेगी। आप किसी बात को लेकर ज्यादा न सोचें। शुभ अंक- 4

**कन्या राशि** : आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी अच्छी कम्पनी से जॉब का ऑफर आएगा। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मिलाने के योग बने हुए हैं। आज आपके व्यापार में अच्छा लाभ होगा जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आपको परिवार का साथ मिलेगा, और रिश्तों में मजबूती आएगी। संतान पक्ष से खुशखबरी मिलने के संकेत है। परिवार में आपका प्रभाव बढ़ेगा। जो अविवाहित हैं उनके लिए विवाह के योग बन रहे हैं। शुभ अंक- 2

**तुला राशि** : आज का दिन आपके लिए अच्छी खबर लेकर आएगा। आज आपको ऑफिस में नई जिम्मेदारी मिलेगी, जिसे पूरा करने में आप सफल होंगे। आपको अपने करियर से रिलेटेड अपनी योजनाओं को सार्थक करने का अवसर मिलेगा। पारिवारिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा। आज नये काम की शुरूआत आपको बड़ा फायदा करायेगा। व्यापार में रुका हुआ पैसा वापस आएगा साथ ही धनलाभ के नए रास्ते भी नजर आएंगे। शुभ अंक- 2

**वृश्चिक राशि** : आज खुद पर आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। लेकिन आज आपको क्रोध करने से बचना होगा क्योंकि इससे आप के कुछ महत्वपूर्ण काम अटक सकते हैं कार्य क्षेत्र में विरोधी कुछ परेशानी खड़ी करने की कोशिश करेंगे। नौकरी में आप की स्थिति अच्छी रहेगी। आज आपको अपने बेमतलब के खर्चों पर ध्यान देना चाहिए। इसका असर आपकी आर्थिक स्थिति पर पड़ सकता है। आज आपको परिवार का पूरा सहयोग प्राप्त होगा। शुभ अंक- 2

**धनु राशि** : आपके लिए आज का दिन बेहतरीन रहेगा। आपको आज लंबी ड्राइविंग करने का मौका मिलेगा। बिजनेस से रिलेटेड की यात्राएं होंगी। जिससे आपको अच्छा लाभ मिलेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा। आपकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। अच्छे मनोबल के साथ आप व्यापार को आगे बढ़ाएंगे। शुभ अंक- 8

**मकर राशि** : आज आपका दिन लकी रहेगा। आप अपने खुद के विश्वास के दम पर बहुत कुछ कर पाएंगे। लेकिन आलस से बचना होगा। इस दौरान कुछ तनाव रहेगा आप अपनी सेहत का ध्यान रखें। राजनीति के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। उनके कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी करने वालों को नए अवसर मिलेंगे। शुभ अंक- 2

**कुंभ राशि** : आपके लिए आज का दिन खास रहेगा। आपको अपने कार्यक्षेत्र में आपके दोस्तों का साथ मिलेगा। आज आप किसी सामाजिक गतिविधि में जोर शोर से भाग लेंगे और कुछ नया करने का प्रयास करेंगे। आपकी नौकरी में पदोन्नति होने के योग बने हुये है। आप शांत और ठंडे दिमाग से कार्य करें, और धीरे-धीरे आगे बढ़ें। जीवनसाथी के साथ अच्छा ताल-मेल बना रहेगा। दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। शुभ अंक- 3

**मीन राशि** : आज आपका दिन अच्छा बीतेगा। आपके व्यापार में अच्छे विस्तार के संकेत हैं। आपका वैवाहिक जीवन खुशहाल रहेगा। आप अपनी मेहनत और प्रोफेशनलिज्म की वजह से लोगों के बीच जाने जाएंगे। आज किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह आपके लिए कारगर साबित होगा। संतान की ओर से अच्छी खुशखबरी मिल सकती है आप अपनी सेहत का भी ध्यान रखेंसकती है आप अपनी सेहत का भी ध्यान रखें। शुभ अंक- 3

# झारखंड का काला सचः अवैध कोयला खनन की सुरंगों में दफन होती ज़िंदगियां, खोता राजस्व और बढ़ता माफिया नेटवर्क

नई सोच एक्सप्रेस



» हज़ारीबाग से रामगढ़ तक लगातार हादसे दे रहे चेतावनी, फिर भी नहीं थम रहा अवैध उत्खनन
» बड़ा सवाल—कब टूटेगा 'कोल माफिया' और प्रशासनिक निष्क्रियता का गठजोड़

**रांची/हजारीबाग।** झारखंड देश का एक प्रमुख कोयला उत्पादक राज्य है। राज्य की अर्थव्यवस्था, औद्योगिक विकास और ऊर्जा सुरक्षा में कोयले की बड़ी भूमिका है। लेकिन इसी कोयले ने झारखंड के कई इलाकों में एक समानांतर और खतरनाक अर्थव्यवस्था भी खड़ी कर दी है—अवैध खनन की अर्थव्यवस्था। हजारीबाग, रामगढ़, बोकारो और उत्तरी छोटानागपुर के कई क्षेत्रों में वर्षों से चल रहा अवैध कोयला उत्खनन अब केवल राजस्व हानि का मामला नहीं रह गया है, बल्कि यह मानव जीवन, पर्यावरण, कानून व्यवस्था और शासन क्षमता के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। ताजा मामला हजारीबाग जिले के बड़कागांव क्षेत्र का है, जहां बीते रविवार को कथित अवैध कोयला खदान में चाल धंसने और मलबा गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। यह हादसा राउतपारा क्षेत्र के समीप अवैध उत्खनन के दौरान हुआ। घटना के बाद शव को हटाकर मामले को दबाने की चर्चाएं भी सामने आईं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन और कोयला तस्करी का संगठित नेटवर्क सक्रिय है। यह कोई पहली घटना नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में हजारीबाग और आसपास के जिलों में अवैध खनन से जुड़ी कई दुर्घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें दर्जनों लोगों की जान जा चुकी है। इसके बावजूद अवैध खनन का कारोबार लगातार जारी है। **नहीं थम रहा हादसों का सिलसिलाः**बड़कागांव की इस हालिया घटना से कुछ ही दिन पहले बगल के रामगढ़ जिले के अरगड्डा क्षेत्र में बंद खदान के समीप अवैध सुरंग में उतरे चार युवकों की ऑक्सीजन की कमी और जहरीली गैस के कारण मौत हो गई। इससे पहले हजारीबाग के बरियातू-खावा क्षेत्र में अवैध खदान में नदी का पानी घुसने से तीन लोगों की जान चली गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन घटनाओं की प्रकृति अलग-अलग हो सकती है, जैसे कहीं चाल धंसती है, कहीं गैस से दम घुटता है, कहीं पानी भर जाता है, लेकिन मूल कारण एक ही है- असुरक्षित और अवैध खनन। कोल क्षेत्र के विशेषज्ञों के अनुसार, बिना वैज्ञानिक योजना, सुरक्षा मानकों और तकनीकी निगरानी के संचालित खदानें "टिकिंग टाइम बम" जैसी होती हैं। इनमें काम करने वाले अधिकांश मजदूर गरीब परिवारों से आते हैं और कुछ सौ रुपये की दैनिक आय के लिए अपनी जान जोखिम में डालते हैं। **हजारीबागः अवैध कोयला कारोबार का नया केंद्रः** पिछले कई वर्षों की कार्रवाई और रिपोर्टें बताती हैं कि हजारीबाग विशेष रूप से बड़कागांव, गोंदलपुरा, बादम, मोहनपुर, चनारो, बुच्चाडीह, चुरचू, आंगो और केरेडारी जैसे क्षेत्रों में अवैध कोयला कारोबार लगातार चर्चा में रहा है। 2021 में बड़कागांव पुलिस ने 10 अवैध खदानों पर डोजरिंग की कार्रवाई की। 2022 में पुलिस ने कई जंगल क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया। 2024 में वन विभाग ने राउतपारा जंगल से 34 टन अवैध कोयला जब्त किया। 2025 में गोंदलपुरा क्षेत्र में 65 टन अवैध कोयला बरामद किया गया। एक वर्ष पूर्व वन विभाग ने 32 अवैध खदानों के मुहाने बंद किए थे। 2022 की एक रिपोर्ट के अनुसार केवल छह माह में अवैध खनन से जुड़े 50 से अधिक एफआईआर दर्ज किए गए थे। इन कार्रवाइयों से यह स्पष्ट है कि समस्या कोई नई नहीं है। सवाल यह है कि लगातार छापेमारी और जब्ती के बावजूद यह कारोबार समाप्त क्यों नहीं हो पा रहा? **अवैध खनन आखिर फल-फूल क्यों रहा है?**ःखनन विशेषज्ञों और स्थानीय जानकारों के अनुसार इसके पीछे कई कारण हैं। पहला, झारखंड में विशाल कोयला भंडार और उसकी लगातार मांग। ईंट भट्ठों, छोटे उद्योगों और स्थानीय बाजारों में सस्ते कोयले की मांग बनी रहती है। दूसरा, बंद पड़ी या अभी तक औपचारिक खनन शुरू न हुई खदानों के आसपास सुरक्षा और निगरानी की कमी। तीसरा, ग्रामीण बेरोजगारी। कई इलाकों में सीमित आय के अवसर होने के कारण स्थानीय लोग जोखिम उठाकर अवैध खनन में शामिल हो जाते हैं। चौथा, संगठित परिवहन और तस्करी नेटवर्क। स्थानीय स्तर पर कोयला निकालने से लेकर डंपिंग और अन्य राज्यों तक आपूर्ति की व्यवस्था वर्षों से विकसित हो चुकी है। पांचवां, कार्रवाई और पुनरावृत्ति का चक्र। खदानें सील होती हैं, लेकिन कुछ समय बाद नए स्थानों पर फिर उत्खनन शुरू हो जाता है। **राजस्व का भारी नुकसानः**अवैध खनन केवल कानून-व्यवस्था का मामला नहीं है, बल्कि यह राज्य के राजस्व पर भी सीधा हमला है। खनन क्षेत्र से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि वैध खनन शुरू होने पर राज्य सरकार को रॉयल्टी, डीएमएफटी, जीएसटी और अन्य करों के रूप में बड़ी आय होती है। अकेले गोंदलपुरा जैसी परियोजना से हर वर्ष सैकड़ों करोड़ रुपये के राजस्व की संभावना बताई जाती रही है। इसके विपरीत अवैध खनन से निकला कोयला बिना किसी कर या रॉयल्टी के बाजार तक पहुंचता है। परिणामस्वरूप राज्य को राजस्व हानि होती है, जबकि अवैध नेटवर्क आर्थिक रूप से मजबूत होता जाता है। **पर्यावरण और वन क्षेत्र भी खतरे मेंः**अवैध खनन केवल जमीन के नीचे नहीं हो रहा, बल्कि इसका असर जंगलों और जल स्रोतों पर भी पड़ रहा है। कई मामलों में वन भूमि के भीतर सुरंगें बनाकर कोयला निकाला जाता है। इससे मिट्टी कटाव, भू-स्खलन, भूजल स्तर में बदलाव और जैव विविधता को नुकसान पहुंचने का खतरा बढ़ जाता है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) और अदालतों के समक्ष झारखंड में अवैध खनन से जुड़े कई मामले लंबित हैं। हाल ही में झारखंड हाईकोर्ट ने भी अवैध खनन को लेकर प्रशासनिक जवाबदेही पर गंभीर टिप्पणियां की थीं। खनन उद्योग से जुड़े विशेषज्ञ मानते हैं कि जहां कोल ब्लॉक आवंटित हो चुके हैं, वहां पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से वैध खनन शुरू होने से रोजगार, राजस्व और निगरानी—तीनों में सुधार हो सकता है। वैध परियोजनाओं में सुरक्षा मानक, पर्यावरणीय शर्तें, सामाजिक दायित्व और सरकारी निगरानी लागू होती है। हालांकि विशेषज्ञ यह भी स्पष्ट करते हैं कि केवल नई परियोजनाएं शुरू कर देना पर्याप्त नहीं होगा। अवैध खनन पर प्रभावी रोक के लिए कानून प्रवर्तन, स्थानीय रोजगार, तकनीकी निगरानी और जवाबदेही तंत्र को भी मजबूत करना होगा। **झारखंड के लिए चेतावनीः**बड़कागांव, बरियातू, अरगड्डा और अन्य क्षेत्रों की घटनाएं संकेत देती हैं कि अवैध खनन अब अलग-थलग घटनाओं का मामला नहीं रहा। यह एक ऐसी संरचनात्मक समस्या बन चुकी है, जिसमें हर कुछ महीनों में किसी न किसी मजदूर की जान चली जाती है, जंगल प्रभावित होते हैं, सरकार को राजस्व नुकसान होता है और संगठित अवैध नेटवर्क मजबूत होते जाते हैं। जब तक अवैध खनन की पूरी श्रृंखला- उत्खनन, परिवहन, भंडारण और बिक्री, पर एक साथ कार्रवाई नहीं होगी, तब तक डोजरिंग, जब्ती और छापेमारी जैसी कार्रवाइयां केवल अस्थायी राहत ही दे पाएंगी। झारखंड के लिए सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या अगली दुर्घटना का इंतजार किया जाएगा, या फिर इस बार अवैध खनन के खिलाफ स्थायी और व्यापक कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी सरकार में आदिवासी विरासत को मिल रही नई पहचान : आदित्य साहू

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के साथ ओडिशा के मयूरभंज स्थित संथाली जाहेर एवं हो जाहेरा स्थल पर पूजा-अर्चना करना आदिवासी परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि किसी प्रधानमंत्री का आधिकारिक कार्यक्रम के दौरान आदिवासी आस्था स्थलों पर पूजा करना ऐतिहासिक कदम है, जो आदिवासी संस्कृति के संरक्षण और राष्ट्रीय पहचान को मजबूत करता है। साहू ने कहा कि संथाल और हो समुदाय के लिए जाहेर स्थल धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन के केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान और योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर महत्व मिला है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाना, जनजातीय संग्रहालयों की स्थापना और आदिवासी नायकों को सम्मानित करना इसके उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि द्रौपदी मुर्मु का राष्ट्रपति बनना और दिशोम गुरु शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण मिलना आदिवासी नेतृत्व को राष्ट्रीय पहचान देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। साहू ने कहा कि पीएम जनमन योजना, एकलव्य विद्यालयों का विस्तार और आदिवासी क्षेत्रों में बढ़ता निवेश सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अंत में उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज भारत की सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है और प्रधानमंत्री का आस्था स्थलों पर जाना इसी संदेश को मजबूत करता है।

### आजसू के 41वें स्थापना दिवस पर धनबाद में जनाक्रोश मार्च, सुदेश महतो ने सरकार पर साधा निशाना

**धनबाद।**आजसू पार्टी के 41वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को धनबाद में विशाल जनाक्रोश मार्च का आयोजन किया गया। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू प्रमुख Sudesh Mahto के नेतृत्व में निकाले गए इस मार्च में झारखंड के विभिन्न जिलों के अलावा ओडिशा और पश्चिम बंगाल से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। गोल्फ ग्राउंड से शुरू हुआ जनाक्रोश मार्च कोयला नगर स्थित नेहरू कॉम्प्लेक्स मैदान तक पहुंचा, जहां विशाल जनसभा आयोजित की गई। मार्च में सांसद Chandra Prakash Choudhary, विधायक Nirmal Mahto, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, पूर्व विधायक डॉ. लंबोदर महतो सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। जनसभा को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड में "वसूली की सरकार" चल रही है और सरकार झारखंडी भावना का प्रतिनिधित्व नहीं करती। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में पुलिस और अपराधियों के बीच गठजोड़ की स्थिति बनी हुई है तथा धनबाद के चर्चित गैंगस्टर मामले की जांच राष्ट्रीय एजेंसी से कराई जानी चाहिए। सुदेश महतो ने कहा कि आजसू ने लंबे संघर्ष के बाद अलग झारखंड राज्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और पार्टी जनता के हक और अधिकार की लड़ाई आगे भी जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि विस्थापितों, जमीन गंवाने वाले लोगों और युवाओं के साथ न्याय होना चाहिए। उन्होंने धनबाद को आर्थिक जोन के रूप में विकसित करने की मांग करते हुए कहा कि यदि सरकार जनता की समस्याओं पर ध्यान नहीं देती है तो आजसू आगे जेल भरो आंदोलन समेत व्यापक जनआंदोलन चलाएगी। जनसभा में पार्टी नेताओं ने संगठन को मजबूत करने और राज्यहित के मुद्दों पर संघर्ष तेज करने का आह्वान किया।

### जिला मुख्यालय में महीने की प्रत्येक माह के 1 तारीख को लगेगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**हजारीबाग।** जिला प्रशासन हजारीबाग ने जनहित और मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक बेहतरीन पहल की है। अब जिले में प्रत्येक माह की 1 तारीख को नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस मुहिम का मुख्य उद्देश्य जिला ब्लड बैंक में रक्त की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना है, ताकि थैलसीमिया, कैंसर, आपातकालीन सर्जरी और दुर्घटना में घायल जरूरतमंद मरीजों को समय पर निःशुल्क रक्त मिल सके। इसी कड़ी में आगामी 01 जुलाई 2026 को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज (सदर अस्पताल) के ओपीडी परिसर में सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक जिला स्तरीय मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रशासन का मानना है कि इस नियमित पहल से न केवल ब्लड बैंक का भंडारण मजबूत होगा, बल्कि आमजन में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। जिला प्रशासन ने सभी सरकारी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक व स्वयंसेवी संगठनों और आम नागरिकों से इस जनकल्याणकारी अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और रक्तदान को एक सामाजिक आंदोलन बनाने की अपील की है।

### कटकमसांडी थाना में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक, सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील

**कटकमसांडी (हजारीबाग)।** पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के आदेशानुसार, आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को कटकमसांडी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पेलावल अंचल के पुलिस निरीक्षक (इंस्पेक्टर), कटकमसांडी के अंचलाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति में थाना प्रभारी द्वारा बुलाई गई थी। बैठक में क्षेत्र के सभी मुहर्रम अखाड़ों के लाइसेंसधारियों, विभिन्न पंचायतों के मुखिया और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मुख्य रूप से भाग लिया। इस दौरान मुहर्रम त्योहार को पूरी तरह शांति, आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए जाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए और कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों ने अखाड़ा कमेटियों से सरकारी नियमों और रूट का पालन करने की अपील की, वहीं जनप्रतिनिधियों से किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न देने और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की बात कही।

# पहली बार डूरंड कप की मेजबानी करेगा रांची, तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।**झारखंड की खेल यात्रा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि जुड़ने जा रही है। राजधानी रांची पहली बार देश के प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप 2026 की मेजबानी के लिए तैयार है। संभावित रूप से यह टूर्नामेंट 26 जुलाई 2026 से शुरू होगा। आयोजन की तैयारियों की समीक्षा को लेकर सोमवार को पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव मुकेश कुमार की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में डूरंड कप के सफल आयोजन के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं सुनिश्चित करने, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने तथा विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई। इस दौरान स्टेडियम की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था, लॉजिस्टिक प्रबंधन, संचालन संबंधी व्यवस्थाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और दर्शकों को बेहतर अनुभव उपलब्ध कराने के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की गई। सचिव मुकेश कुमार ने कहा कि रांची में पहली बार डूरंड कप का आयोजन झारखंड में फुटबॉल के विकास और खेल संस्कृति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की सफल मेजबानी भविष्य में रांची में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मुकाबलों के आयोजन का मार्ग प्रशस्त करेगी और राज्य को बड़े खेल आयोजनों के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि डूरंड कप 2026 का उद्घाटन समारोह खेल, देशभक्ति, भारतीय सेना की गौरवशाली परंपराओं और झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अनूठा संगम होगा। समारोह में भारतीय सशस्त्र बलों के विशेष प्रदर्शन, आर्मी बैंड की प्रस्तुति तथा झारखंड की लोक एवं जनजातीय नृत्य परंपराओं की आकर्षक झलक देखने को मिलेगी। बैठक में सचिव ने सभी संबंधित विभागों और हितधारकों को समयबद्ध तरीके से तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों, अधिकारियों, फुटबॉल प्रेमियों और दर्शकों को यादगार अनुभव उपलब्ध कराना आयोजन की प्राथमिकता होगी। बैठक में खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय के निदेशक छवि रंजन, संस्कृति निदेशालय के निदेशक आसिफ एकराम, डूरंड कप के नोडल आर्मी अधिकारी कर्नल हेम चंद्रा समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने रांची में आयोजित होने वाले पहले डूरंड कप को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प व्यक्त किया।

# दक्ष प्रजापत नगर में हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ

नई सोच एक्सप्रेस



**चौपारण (हजारीबाग)** ।चौपारण प्रखंड के मानगढ़ पंचायत अंतर्गत दक्ष प्रजापत नगर (नावापर) मानगढ़ ठुठी में आयोजित हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ सोमवार को अत्यंत भव्य और आकर्षक जलयात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा के शुरू होते ही पूरा क्षेत्र जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठा और माहौल पूरी तरह से भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरही विधानसभा के पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने श्रद्धालु महिलाओं को कलश प्रदान कर इस भव्य जलयात्रा का शुभारंभ किया। गाजे-बाजे और धार्मिक भजनों के बीच निकाली गई इस जलयात्रा में बड़ी संख्या में बच्चों, महिलाओं और पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्रद्धालुओं ने पवित्र नदी से कलश में जल भरकर पूरे नियम-निष्ठा के साथ यज्ञ स्थल तक पहुंचाया। मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, प्रेम और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं। उन्होंने महायज्ञ के सफल आयोजन के लिए यज्ञ समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों और समस्त ग्रामीणों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मानगढ़ पंचायत के मुखिया अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि यह पूरी दुनिया धर्म पर ही टिकी हुई है। सनातन धर्म हमारी अमूल्य विरासत है और मंदिरों का निर्माण व अनुष्ठान करना हमारा परम कर्तव्य है। प्रभु श्री राम का नाम लेना हम सभी के लिए परम सौभाग्य की बात है। वहीं पंचायत समिति सदस्य जनार्दन सिंह ने कहा कि यज्ञ, हवन और मंत्रोच्चारण से न केवल वातावरण शुद्ध होता है, बल्कि पूरे क्षेत्र में सकारात्मकता और भक्तिभाव का संचार होता है। यज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया कि इस प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के दौरान अगले कुछ दिनों तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, विशेष पूजा-अर्चना, संगीतमय प्रवचन एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इस पावन अवसर पर मुख्य रूप से प्रवचन कर्ता शत्रुघ्न पाण्डेय, मुख्य पुजारी टेकनारायण प्रजापति, अमीन रामचन्द्र राणा, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप चन्द्रवंशी, पूर्व मुखिया प्रत्याशी देवेंद्र सिंह, केदार प्रजापति, अजीत कुमार, बालेश्वर प्रजापति, बाबुलाल प्रजापति, नंदकिशोर प्रजापति, कृष्णा प्रजापति, गोपाल प्रजापति, सीताराम प्रजापति, जितन प्रजापति, अजय सिंह, परसुराम सिंह, संदीप सिंह, अभिषेक कुमार, अनिल प्रजापति, इंद्रदेव प्रजापति समेत भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और श्रद्धालु उपस्थित थे।

# थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

नई सोच एक्सप्रेस



**इटखोरी।**आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को इटखोरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी सविता सिंह ने की। में दोनों समुदायों के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और आपसी भाईचारे तथा सामाजिक सौहार्द के साथ मुहर्रम पर्व मनाने का निर्णय लिया। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि इटखोरी थाना क्षेत्र में सभी धर्मों के लोग हमेशा से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व-त्योहार मनाते आए हैं। इस परंपरा को आगे भी कायम रखने की आवश्यकता है। बैठक में पंचायत स्तर पर लाइसेंसी एवं गैर-लाइसेंसी अखाड़ों की समीक्षा की गई। अखाड़ा समितियों के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष एवं कम से कम 10 सदस्यों का नाम और मोबाइल नंबर थाना में जमा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिन अखाड़ों का लाइसेंस समाप्त हो चुका है, उन्हें शीघ्र नवीकरण (रिन्यूअल) के लिए आवेदन देने को कहा गया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मुहर्रम जुलूस केवल निर्धारित रूट से ही निकाला जाएगा। जुलूस के दौरान असामाजिक एवं शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। सामाजिक एवं धार्मिक उन्माद फैलाने वाले नारे और गीतों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा डीजे बजाने पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। बैठक में उपस्थित लोगों से अपील की गई कि कहीं भी किसी प्रकार की समस्या या विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। बीडीओ सोमनाथ बांकिरा, भाजपा जिला महामंत्री डॉक्टर मृत्युंजय सिंह,उप्रमुख संजय गुप्ता,भद्रकाली महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दुलार हजाम, सतीश सिंह, मकसूद आलम, गुलाम रशुल, श्री राम चौरसिया, अनुज दांगी, इस मौके पर दोनों समुदायों के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# आरएसएस की आय, संपत्ति और कानूनी स्थिति सार्वजनिक हो : विजय शंकर नायक

नई सोच एक्सप्रेस



झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रवक्ता विजय शंकर नायक ने कहा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को अपनी आय, संपत्तियों, फंडिंग के स्रोतों और कानूनी स्थिति की जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में कोई भी संस्था संविधान और कानून से ऊपर नहीं हो सकती। सोमवार को जारी बयान में नायक ने कहा कि कर्नाटक सरकार द्वारा आरएसएस की कानूनी स्थिति, आय के स्रोतों और संपत्तियों की जानकारी मांगे जाने के बाद देशभर में पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर बहस शुरू हुई है। उन्होंने झारखंड सरकार से भी कर्नाटक की तर्ज पर आरएसएस एवं उससे संबद्ध संस्थाओं की वित्तीय और प्रशासनिक जानकारी सार्वजनिक करने की पहल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, ट्रस्टों और स्वयंसेवी संस्थाओं को अपनी वित्तीय जानकारी सार्वजनिक करनी पड़ती है, उसी प्रकार आरएसएस को भी अपनी आय-व्यय और फंडिंग के स्रोतों का खुलासा करना चाहिए। नायक ने कर्नाटक के भाजपा सांसद रमेश जिगाजिनगी के कथित बयान पर भी आपत्ति जताते हुए कहा कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि किसी संगठन से उसकी कानूनी स्थिति और वित्तीय स्रोतों के संबंध में जानकारी मांगना लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि संविधान सर्वोपरि है और लोकतंत्र में सवाल पूछना नागरिकों का अधिकार है। उन्होंने कहा कि जो संगठन दूसरों से जवाब मांगता है, उसे स्वयं भी जनता के सवालों का जवाब देने के लिए तैयार रहना चाहिए।

# चाड़रम देवी मंदिर प्रांगण में यादव समाज की बैठक

नई सोच एक्सप्रेस



**सिमरिया।**प्रखंड क्षेत्र के जांगी पंचायत अंतर्गत चाड़रम देवी मंदिर प्रांगण में 21 जून रविवार को यादव समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता महावीर यादव ने की। आयोजित इस बैठक में समाज के विकास और एकजुटता को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।बैठक में उपस्थित यादव समाज के सदस्यों ने समाज को संगठित करने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने पर मंथन किया गया। अध्यक्ष महावीर यादव ने समाज के लोगों से एकजुट होकर समाज हित में कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज की मजबूती के लिए आपसी सहयोग और संवाद जरूरी है। बैठक में प्रमोद यादव जिला संरक्षक, परमेश्वर यादव प्रखंड अध्यक्ष, बीरेंद्र यादव प्रखंड संरक्षक, सूरज यादव, तापेश्वर यादव, सुमन यादव, रामबाबू यादव, रामचंद्र यादव, अजय कुमार यादव, अभिषेक यादव, अमन यादव, आर्यन यादव, रोशन कुमार, सचिन यादव, सचिन कुमार, बासुदेव यादव सहित समाज के 14 प्रमुख लोग उपस्थित रहे। सभी ने समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।बैठक में शिक्षा, सामाजिक कार्यक्रमों और समाज के उत्थान से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। सदस्यों ने निर्णय लिया कि आगे भी इस तरह की बैठकें आयोजित कर समाज को जोड़ने का काम किया जाएगा।

# मनरेगा में 'बच्चा' बना मजदूर चतरा की ब्रह्मणा पंचायत में स्कूली बच्चों के नाम पर लाखों का घोटाला

नई सोच एक्सप्रेस



**चतरा।**सदर प्रखंड की ब्रह्मणा पंचायत में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) में एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। यहाँ मध्य विद्यालय दुम्बी में पढ़ने वाले 7 से 9 वर्ष के स्कूली बच्चों को कागजों पर 19 से 29 वर्ष का वयस्क दिखाकर उनके नाम पर फर्जी जॉब कार्ड जारी किए गए और विभिन्न योजनाओं के नाम पर लाखों रुपये की मजदूरी राशि निकाल ली गई। ग्रामीणों के अनुसार, यह पूरा खेल पंचायत से लेकर प्रखंड स्तर के अधिकारियों और बिचौलियों की मिलीभगत से चल रहा था। बिचौलिया 'मेठ आईडी' का उपयोग कर बच्चों की फर्जी उपस्थिति दर्ज करा रहा था। चौंकाने वाली बात यह है कि पिछले तीन महीनों से मनरेगा कर्मियों की हड़ताल के बावजूद यह भुगतान प्रक्रिया जारी रही। इसके अलावा, जिन योजनाओं में काम होना दिखाया गया है, धरातल पर उनके अस्तित्व को लेकर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। **अधिकारियों का रुख और कार्रवाईः** मामला उजागर होने के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। प्रखंड पदाधिकारी रामकुमार सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दस्तावेजों की जांच के आदेश दिए हैं। उप विकास आयुक्त अमरेंद्र सिंहा ने कहाः "यदि बच्चों के नाम पर फर्जी जॉब कार्ड बनाकर राशि की निकासी की गई है, तो यह एक अत्यंत गंभीर और संगीन अपराध है। इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जा रही है। आरोप सही पाए जाने पर संलिप्त अधिकारियों और बिचौलियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कानूनी व विभागीय कार्रवाई की जाएगी।"

## संक्षिप्त समाचार

### हजारीबाग मेडिकल कॉलेज में महीनों से एंटी सीरम गायब, सांसद के मीडिया प्रभारी ने उपायुक्त और स्वास्थ्य मंत्री को किया ट्यूट

**हजारीबाग।** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग में पिछले कई महीनों से जीवन रक्षक एंटी-रेबीज सीरम (रेबीज़ इम्युनोग्लोबुलिन) उपलब्ध नहीं है। इसके कारण अस्पताल पहुंचने वाले जरूरतमंद और गरीब मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कुत्ते या अन्य जानवरों के काटने के बाद गंभीर स्थिति में दी जाने वाली इस दवा को मरीजों को मजबूरी में बाहर से महंगे दामों पर खरीदना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के दिशा-निर्देश पर उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने जिले के उपायुक्त हेमंत सती और सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी को ट्वीट के जरिए मामले की शिकायत भेजी है। उन्होंने इस समस्या पर तत्काल संज्ञान लेते हुए अस्पताल में एंटी सीरम की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का आग्रह किया है सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि हजारीबाग और आसपास के इलाकों से हर दूसरे दिन गंभीर मरीज यहाँ पहुंचते हैं, जिन्हें डॉक्टर एंटी सीरम प्रिस्क्राइब करते हैं। महीनों से दवा गायब होने के बावजूद प्रबंधन ने इसे मंगाने के लिए कोई ठोस पहल नहीं की, जो बेहद निराशाजनक है। उन्होंने मांग की है कि स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन इस मामले में त्वरित कार्रवाई करे ताकि गरीब मरीजों को मुफ्त इलाज का लाभ मिल सके।

### दारू प्रशासन की कार्रवाई गाड़िसाडम में अवैध महुआ शराब जब्त,जावा महुआ को किया गया नष्ट

**दारू (हजारीबाग)।** दारू थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गाड़िसाडम में दारू थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार ने अपने दल बल के साथ अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस को मिली सूचना के आधार पर गाड़िसाडम स्थित बैजनाथ राम के घर पर छापेमारी की गई, जहाँ अवैध महुआ शराब का निर्माण किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से करीब 5 लीटर तैयार महुआ शराब जब्त की, जबकि शराब बनाने के लिए रखे गए लगभग 50 किलोग्राम जावा महुआ को मौके पर ही नष्ट (विनिष्ट) कर दिया। इस मामले में पुलिस द्वारा थाना में सन्हा दर्ज किया गया है। कार्रवाई के उपरांत पुलिस अधिकारियों द्वारा गाँव के लोगों को एकत्र कर जागरूक किया गया। पुलिस ने ग्रामीणों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अवैध शराब बनाने या बेचने जैसे कार्यों में संलिप्त पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी और दोषी कानूनन दंड के भागीदार बनेंगे। पुलिस ने क्षेत्र में शांति और नशामुक्त माहौल बनाए रखने के लिए ग्रामीणों से जागरूक रहने और पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

### नीट मामले में केंद्र पर JMM के आरोप राजनीतिक, झारखंड सरकार अपने यहां की परीक्षा गड़बड़ियों पर दे ध्यान : भाजपा

भाजपा प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा ने नीट परीक्षा को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM) द्वारा केंद्र सरकार पर लगाए गए आरोपों को राजनीतिक करार देते हुए कहा कि छात्रों के भविष्य से जुड़े मामलों में राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे संवेदनशील विषयों पर राजनीतिक बयानबाजी से छात्रों पर अनावश्यक दबाव पड़ता है और वे भ्रमित होते हैं। गणेश मिश्रा ने कहा कि यदि JMM वास्तव में छात्रों के हितों को लेकर गंभीर है तो उसे केवल आरोप-प्रत्यारोप करने के बजाय सकारात्मक सुझाव देने चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार परीक्षा में गड़बड़ी की सूचना मिलते ही सक्रिय हुई और जांच एजेंसियों को तत्काल जांच में लगाया। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई भी शुरू की गई है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। भाजपा नेता ने झारखंड में आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में हुई कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाते हुए कहा कि JPSC, JSSC CGL समेत कई परीक्षाएं विवादों और पेपर लीक के आरोपों से घिरी रही हैं। उन्होंने सवाल किया कि राज्य सरकार ने इन मामलों में अब तक कितनी ठोस कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि JMM और उसकी सहयोगी पार्टियों को पहले राज्य में हुई परीक्षा गड़बड़ियों की निष्पक्ष जांच करानी चाहिए, उसके बाद ही केंद्र सरकार पर सवाल उठाने चाहिए। झारखंड सरकार को केंद्र की चिंता छोड़ राज्य में होने वाली गड़बड़ियों को रोकने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। गणेश मिश्रा ने विपक्ष द्वारा केंद्रीय मंत्री के इस्तीफे की मांग पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि किसी भी मामले में जवाबदेही तथ्यों और जांच के आधार पर तय होनी चाहिए, न कि केवल राजनीतिक आरोपों के आधार पर। उन्होंने कहा कि भाजपा छात्रों के हितों की रक्षा और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बेंगलुरु में कांग्रेस की एक रैली के कारण कुछ अभ्यर्थियों के परीक्षा से वंचित होने के मुद्दे पर भी JMM की चुप्पी पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जब परीक्षा की तिथि पहले से निर्धारित थी, तब कांग्रेस को अपने कार्यक्रम के समय में बदलाव करना चाहिए था, ताकि छात्रों को परेशानी न होती। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों का छात्र हित केवल बयानों में नहीं, बल्कि व्यवहार में भी दिखना चाहिए।

### चतरा जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक संपन्न, 842 प्रारंभिक विद्यालयों का जोन निर्धारण



**चतरा।** उपायुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया तथा कई आवश्यक प्रशासनिक बिंदुओं की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान चतरा जिले में संचालित कुल 842 प्रारंभिक विद्यालयों के जोन निर्धारण संबंधी प्रस्ताव पर गहन चर्चा की गई। नियमों और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से विद्यालयों का जोन निर्धारण किया गया। इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों के प्रशासनिक प्रबंधन को मजबूत करना और शिक्षा व्यवस्था के प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करना है। **गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए समयबद्ध कार्य करने का निर्देश:** उपायुक्त रवि आनंद ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि वे शैक्षणिक गतिविधियों के सुचारू संचालन और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए आपसी समन्वय (तालमेल) के साथ कार्य करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि शिक्षा क्षेत्र से जुड़े सभी प्रशासनिक कार्यों का समयबद्ध और प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को एक बेहतर और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण मिल सके। **बैठक में ये रहे उपस्थित:** इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार समेत शिक्षा विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ व पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण

नई सोच एक्सप्रेस

**जमशेदपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के सफल क्रियान्वयन को लेकर रविवार को टाउन हॉल सिदगोड़ा एवं आरवीएस स्कूल डिमना में बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राजीव रंजन एवं झारखंड के अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार



ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। उपायुक्त राजीव रंजन ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता एवं पारदर्शिता लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती का आधार है। उन्होंने बीएलओ को घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करने तथा पात्र मतदाताओं का नाम सूची में शामिल कराने का निर्देश दिया।अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार ने कहा कि आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बीएलओ को अपने क्षेत्र के सभी परिवारों तक पहुंचकर मतदाता विवरण का सत्यापन सुनिश्चित करना होगा। प्रशिक्षण में विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 की प्रक्रिया, घर-घर सत्यापन, गणना प्रपत्र भरने, आवश्यक दस्तावेजों के संकलन, दावे-आपत्तियों के निष्पादन एवं ईसीआईनेट के माध्यम से ऑनलाइन प्रविष्टि की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि 30 जून से 29 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। इस मौके पर एसडीएम धालभूम अर्नव मिश्रा, अपर उपायुक्त अनुराग तिवारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह सहित अन्य पदाधिकारी, मास्टर ट्रेनर, बीएलओ पर्यवेक्षक एवं बीएलओ उपस्थित थे।

## एसपी ने मुहर्रम को लेकर पुलिस अधिकारियों संग की बैठक, दिये निर्देश

नई सोच एक्सप्रेस

**लातेहार।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने मुहर्रम पर्व को लेकर सोमवार को पुलिस अधिकारियों के साथ में बैठक की। बैठक में जिले के सभी एसडीपीओ, पुलिस इंसपेक्टर व थाना प्रभारी मौजूद रहे। एसपी ने अधिकारियों को मुहर्रम पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाये हुये रखने को लेकर जुरूरी दिशा-निर्देश दिये। साथ ही सड़कों से अतिक्रमण शीघ्र हटाने को लेकर निर्देश दिया है ताकि मुहर्रम जुलूस के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित करें कि ताजिया निर्धारित रूट से ही निकलें। संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस



बल की व्यवस्था करने और फ्लैग मार्च निकाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने लोगों से शांति व सौहार्दपूर्ण के साथ पर्व मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। भ्रामक और तथ्यहीन पोस्ट करने वालों को चिह्नित करते हुये कार्रवाई की जायेगी।

## चतरा मुहर्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट,चतरा सदर थाना में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

नई सोच एक्सप्रेस

**चतरा।** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था के अनुरूप संपन्न कराने के उद्देश्य से चतरा सदर थाना परिसर में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों,पुलिस पदाधिकारियों,अखाड़ा समितियों के प्रतिनिधियों,दोनों समुदायों के प्रबुद्ध नागरिकों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर आपसी सद्भाव और भाईचारे के साथ पर्व मनाने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता सदर अंचलाधिकारी (सीओ) अनिल कुमार ने की, जबकि संचालन सदर थाना प्रभारी अवधेश कुमार सिंह ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) सन्नी वर्धन उपस्थित रहे। इसके अलावा विभिन्न चौकों एवं अखाड़ों के मोजाबर (अध्यक्ष), सचिव, समिति के सदस्य तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीपीओ सन्नी वर्धन ने कहा कि मुहर्रम केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि त्याग, बलिदान, सत्य, न्याय और मानवता के लिए संघर्ष की अमर गाथा है। यह पर्व हमें सत्य के मार्ग पर चलने, अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने तथा समाज में प्रेम और भाईचारे को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि मुहर्रम के मूल संदेश को आत्मसात करते हुए इसकी गरिमा और परंपरा को बनाए रखें। उन्होंने कहा कि चतरा की पहचान हमेशा से सामाजिक समरसता, सांप्रदायिक सौहार्द और गंगा-जमुनी तहजीब के लिए रही है। यहां सभी समुदायों के लोग एक-दूसरे के पर्वों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं और यही परंपरा जिले की सबसे बड़ी ताकत है। इस परंपरा को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता है। **कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई:** एसडीपीओ ने स्पष्ट किया कि मुहर्रम के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। किसी भी प्रकार से माहौल बिगाड़ने,अफवाह फैलाने या सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करने का प्रयास करने वालों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर स्थिति पर नजर रखेगी। यदि कोई व्यक्ति अमन-चैन में खलल डालने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। **सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी, भ्रामक पोस्ट से बचने की अपील:** बैठक में सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई। एसडीपीओ ने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया अफवाह फैलाने का सबसे तेज माध्यम बन चुका है। इसलिए किसी भी तरह की भ्रामक,आपत्तिजनक अथवा किसी समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली पोस्ट साझा करने से बचें। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदेश, फोटो या वीडियो को बिना सत्यापन के आगे फॉरवर्ड न करें। यदि किसी को कोई संदिग्ध या भड़काऊ सामग्री दिखाई दे तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। **जुलूसों की होगी कड़ी मॉनिटरिंग,रूट चार्ट का पालन अनिवार्य:** एसडीपीओ सन्नी वर्धन ने अखाड़ा समितियों और जुलूस आयोजकों को प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट चार्ट, समय-सारणी और सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जुलूस निर्धारित मार्ग और समय के अनुसार ही निकाले जाएं ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सीओ अनिल कुमार ने कहा कि मुहर्रम शहादत, त्याग और इंसानियत के लिए संघर्ष का प्रतीक पर्व है। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निकलने वाले सभी जुलूसों की लगातार निगरानी की जाएगी तथा आवश्यक सुरक्षा एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। **प्रशासन को सहयोग का भरोसा:** बैठक में मौजूद अखाड़ा समितियों के प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और दोनों समुदायों के गणमान्य लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया। सभी ने एक स्वर में कहा कि चतरा की सामाजिक एकता, भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द की परंपरा को अक्षुण्ण रखते हुए मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं अनुशासित तरीके से संपन्न कराया जाएगा। बैठक का समापन आपसी सहयोग, सामाजिक सद्भाव और शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या प्रशासन को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके और जिले का अमन-चैन कायम रहे। "मुहर्रम के दौरान सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रहेगी। भ्रामक पोस्ट, अफवाह या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएग।

## झरपो पंचायत सचिवालय में उत्साह के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



नई सोच एक्सप्रेस

**टाटीझरिया।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के झरपो पंचायत सचिवालय परिसर में योग शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व स्थानीय मुखिया सह 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी ने किया। शिविर में पंचायत के ग्रामीण, महिलाओं और स्थानीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भारी संख्या में हिस्सा लिया। मुखिया शिबू प्रसाद सोनी ने सभी उपस्थित लोगों और बच्चों के साथ मिलकर विभिन्न योगासनों और प्राणायाम का अभ्यास किया। शिविर को संबोधित करते हुए मुखिया शिबू प्रसाद सोनी ने कहा कि "स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। योग केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की कला है। यदि हम सब प्रतिदिन अपनी दिनचर्या में योग को शामिल कर लें, तो कई बीमारियों से दूर रह सकते हैं।" उन्होंने विशेषकर स्कूली बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि योग से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि मानसिक एकाग्रता और स्मरण शक्ति भी बढ़ती है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने अपने दैनिक जीवन में कम से कम आधा घंटा योग करने का संकल्प लिया। इस मौके पर मुख्य रूप से उपमुखिया राजेंद्र कुमार उर्फ राजा, ऋषिकांत कुमार, मुकेश कुमार, गणेश राम समेत कई गणमान्य लोग एवं भारी संख्या में स्कूल के छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## भद्रकाली महाविद्यालय में बीए/बीएससी/बीकॉम के नए सत्र 2026-2030 के लिए नामांकन प्रारंभ



नई सोच एक्सप्रेस

**इटखोरी।** भद्रकाली महाविद्यालय,इटखोरी में विनोबा भावे विश्वविद्यालय , हजारीबाग के पत्रांक vbu/cp/01/R/26R/1153/26 के निर्देशानुसार भद्रकाली महाविद्यालय इटखोरी में नए सत्र 2026/2030 में बीए/बीएससी/बीकॉम सेमेस्टर 1 में नामांकन दिनांक 13/06/2026 से चांसलर पोर्टल के माध्यम से नामांकन प्रारंभ कर दी गई है।इस आशय की जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर ने बताया कि कला संकाय में अर्थशास्त्र,इतिहास,भूगोल,राजनीति विज्ञान,समाजशास्त्र,गृहविज्ञान,दर्शनशास्त्र,अंग्रेजी,हिंदी,उर्दू,संस्कृत ,खोरठा, मनोविज्ञान,मानवविज्ञान विषयों में,विज्ञान संकाय में गणित,भौतिकी,रसायन विज्ञान, लाइफ़ साइंस तथा वाणिज्य विभाग में सभी ग्रुप में नामांकन लिया जा रहा है। इच्छुक विद्यार्थी चांसलर पोर्टल के माध्यम से भद्रकाली कॉलेज में नामांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की तिथि 30 जून तक है।जो छात्र/छात्राएं cuet की परीक्षा में शामिल नहीं हुए हैं वे भी 12 वीं के प्राप्तांक के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। छात्र छात्राओं को नामांकन में कोई कठिनाई नहीं हो इसके लिए महाविद्यालय में एक हेल्प डेस्क बनाया गया है। विशेष जानकारी के लिए महाविद्यालय कार्यालय से संपर्क करें। नामांकन संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विषय के व्याख्याता प्रो० ललित मोहन चौधरी 9525453625 प्रधान सहायक दशरथ राणा 9430310446 से संपर्क किया जा सकता है।

## चतरा बीडीओ हरिहंत महतो को दी गई भावभीनी विदाई



नई सोच एक्सप्रेस

**चतरा।** ब्लॉक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिहंत महतो के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत और मंच का कुशल संचालन देवरिया पंचायत के कृष्ण कुमार दुबे उर्फ गुड्डू दुबे ने किया। इस विदाई समारोह में ब्लॉक प्रमुख धनवा देवी, जिला परिषद सदस्य चंद्रदेव गोप सहित क्षेत्र के सभी मुखिया और ब्लॉक कार्यालय के कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभी ने बीडीओ महतो के कार्यकाल की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने विदाई संबोधन में भावुक होते हुए बीडीओ हरिहंत महतो ने कहा, "चतरा में मेरा कार्यकाल बेहद शानदार रहा। मेरी सफलताओं में ब्लॉक के सभी कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों का बहुत बड़ा और अहम योगदान रहा है। सभी के सहयोग के बिना यह सफर आसान नहीं होता।" उन्होंने उपस्थित सभी सहकर्मियों और क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान कार्यालय कर्मियों और जनप्रतिनिधियों ने बीडीओ को अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

## घड़ा खरीद रही महिला के गले से दिनदहाड़े सोने की चेन की छिनतई



नई सोच एक्सप्रेस

**चतरा।** शहर के खैनी गोला स्थित कुम्हार टोली में घड़ा खरीद रही महिला के गले से दिनदहाड़े 18 ग्राम सोने की चेन की छिनतई हो गयी. इस संबंध में भुक्तभोगी महिला गुदरी बाजार रामनगर निवासी ममता गुप्ता (पति मनोज कुमार गुप्ता) ने सदर थाना में आवेदन दिया है. बताया कि एक कुम्हार के घर पर घड़ा खरीद रही थी. इस दौरान एक युवक वहां पहुंचा और एक व्यक्ति के बारे में पूछताछ कर निकल गया. कुछ मिनट के बाद वह दोबारा लौटा और मौका पाकर उनके गले से सोने की चेन झपट कर भाग निकला. जब उसके पीछे दौड़ी, तो देखा कि बाहर पहले से बाइक स्टार्ट कर एक युवक खड़ा था, जिसमें वह बैठ कर फरार हो गया. छीनी गयी सोने की चेन की कीमत एक लाख 80 हजार रुपये बतायी गयी. दिनदहाड़े हुई इस घटना के बाद लोगों में दहशत का माहौल है. लोगों ने पुलिस से अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी व शहर में गश्त बढ़ाने की मांग की है. इस संबंध में थाना प्रभारी अवधेश सिंह ने कहा कि आवेदन के आधार पर मामला दर्ज किया जा रहा है. घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरा को खंगाल कर छिनतई करने वाले युवकों की पहचान की जा रही है.

## दैहर पंचायत में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस

**चौपारण (हजारीबाग)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चौपारण प्रखंड के दैहर पंचायत में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायत के जनप्रतिनिधि नागेंद्र कुशवाहा, शिक्षक उपेंद्र वर्मा, स्थानीय विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में उपस्थित लोगों ने प्राणायाम, ध्यान और कई महत्वपूर्ण योगासनों का अभ्यास किया। इस मौके पर वक्ताओं ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की एक अमूल्य धरोहर है, जो हमारे शारीरिक, मानसिक और



आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाता है। जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से मानसिक तनाव दूर होता है और शरीर पूरी तरह स्वस्थ व ऊर्जावान बना रहता है। इसलिए सभी को अपने दैनिक जीवन में योग को अवश्य अपनाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने योग को जन-जन तक पहुंचाने और एक स्वस्थ समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

## हजारीबाग डीसी ने नवनिर्मित पुस्तकालय का किया निरीक्षण,व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के दिए निर्देश

नई सोच एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** जिला उपायुक्त हेमन्त सती ने सोमवार को पुराना समाहरणालय परिसर स्थित नवनिर्मित पुस्तकालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुस्तकालय में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विस्तृत जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने पुस्तकालय में लगाए गए पुस्तक रैक, बेंच-डेस्क, कुर्सियां, सीढ़ियों की रेलिंग, शौचालय, वॉशरूम, बालकनी, विद्यार्थियों के बैठने की क्षमता सहित बिजली, प्रकाश और पेयजल जैसी सभी मूलभूत सुविधाओं को देखा। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पुस्तकालय में एपीपी स्थापित कराया जाए, सीढ़ियों



की रेलिंग को दुरुस्त किया जाए और पूरे पुस्तकालय को व्यवस्थित व गुणवत्तापूर्ण तरीके से अंतिम रूप दिया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि यहाँ आने वाले विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित, सुविधाजनक और पढ़ाई के अनुकूल प्रेरणादायी वातावरण सुनिश्चित होना चाहिए। इस अवसर पर जिला योजना पदाधिकारी श्री पंकज तिवारी, जिला परिषद के कार्यपालक अभियंता, कनीय अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### हंगामा ओटीटी पर रिलीज हुई 'पर्सनल ट्रेनर 2', सस्पेंस और ड्रामा से भरपूर कहानी

**मुंबई।** हंगामा ओटीटी ने अपनी चर्चित ओरिजिनल वेब सीरीज 'पर्सनल ट्रेनर 2' को 18 जून 2026 को लॉन्च कर दिया है। पहले सीजन को मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया के बाद दर्शकों के बीच इस नए सीजन को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। सीरीज में टीना दत्ता, आकांक्षा पुरी, राहुल सुधीर और पूनम पांडे प्रमुख भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। मुंबई की ग्लैमरस और प्रतिस्पर्धी फिटनेस इंडस्ट्री की पृष्ठभूमि पर आधारित यह सीरीज महत्वाकांक्षा, आकर्षण, सस्पेंस, धोखे और रिश्तों के उतार-चढ़ाव की कहानी प्रस्तुत करती है। कहानी एक हाई-प्रोफाइल जिम के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां सेलिब्रिटी, इन्फ्लुएंसर और प्रभावशाली लोग आते हैं। चमक-दमक से भरी इस दुनिया के पीछे ताकत, प्रभाव और निजी महत्वाकांक्षाओं का जटिल खेल चलता रहता है। सीरीज में बदलते रिश्ते, टूटते भरोसे और कई चौंकाने वाले मोड़ दर्शकों को अंत तक बांधे रखते हैं। कहानी यह दिखाती है कि इस दुनिया में केवल शारीरिक शक्ति ही नहीं, बल्कि समझदारी, रणनीति और सही समय पर लिए गए फैसले भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अपने किरदार नेहा के बारे में टीना दत्ता ने कहा कि यह एक बहुआयामी और अप्रत्याशित चरित्र है, जिसके कई पहलू कहानी के साथ धीरे-धीरे सामने आते हैं। वहीं माया की भूमिका निभा रहीं आकांक्षा पुरी ने बताया कि उनका किरदार महत्वाकांक्षी, निडर और चुनौतियों का सामना करने वाला है, जिसमें मजबूती के साथ कुछ अनदेखी कमजोरियां भी हैं। अभिनेता राहुल सुधीर ने कहा कि 'पर्सनल ट्रेनर 2' केवल फिटनेस जगत की कहानी नहीं है, बल्कि इसमें हर किरदार अपने रहस्यों, महत्वाकांक्षाओं और भावनात्मक संघर्षों के साथ आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि उनके किरदार ऋषि के सामने ऐसे हालात आते हैं, जहां भरोसा और निर्णय दोनों ही चुनौती बन जाते हैं। सस्पेंस, ड्रामा और भावनात्मक उतार-चढ़ाव से भरपूर 'पर्सनल ट्रेनर 2' अब हंगामा ओटीटी पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है। यह सीरीज दर्शकों को मनोरंजन के साथ रोमांचक अनुभव देने का दावा करती है।

### तुलसी फाउंडेशन इंडिया की पर्यावरणीय पहल को पंजाब विधानसभा से सम्मान

**मुंबई/नई दिल्ली।** पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही तुलसी फाउंडेशन इंडिया को हाल ही में पंजाब विधानसभा द्वारा सम्मानित किया गया। संस्था के संस्थापक एवं समाजसेवी किशोर कुमार की पहल से शुरू हुआ यह अभियान आज एक व्यापक जनआंदोलन का रूप ले चुका है। तुलसी फाउंडेशन इंडिया का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को व्यक्तिगत और सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में स्थापित करना है। संस्था "हर घर तुलसी अभियान", "हर गांव हरित पहल", "शहरी हरियाली मिशन", "मिनी जंगल परियोजना" और "निजी वन निर्माण अभियान" जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण से जोड़ रही है। किशोर कुमार का कहना है कि पर्यावरण संकट से निपटने के लिए केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उनका मानना है कि जलवायु परिवर्तन भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान की चुनौती है और इसके समाधान के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। संस्था के प्रयासों से विभिन्न क्षेत्रों में पर्यावरण जागरूकता बढ़ी है तथा लोगों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना मजबूत हुई है। पंजाब विधानसभा से मिला सम्मान संस्था के कार्यों की राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती पहचान और प्रभाव का प्रमाण माना जा रहा है। तुलसी फाउंडेशन इंडिया का लक्ष्य पर्यावरण संरक्षण को जन-जन की जीवनशैली का हिस्सा बनाकर एक हरित और टिकाऊ भविष्य का निर्माण करना है।

### योग अपनाएं, स्वस्थ, निरोग और ऊर्जावान जीवन पाएं: राजेश खुराना

» योग से स्वस्थ तन, शांत मन और सफल जीवन का संदेश

» अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजेश खुराना ने क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की



**आगरा।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर समाजसेवी राजेश खुराना ने योगाभ्यास कर लोगों को स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन के लिए योग अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने वाली एक वैज्ञानिक एवं श्रेष्ठ जीवनशैली है। राजेश खुराना ने क्षेत्रवासियों के उत्तम स्वास्थ्य, सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए कहा कि भारत की प्राचीन योग परंपरा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक पहचान दिलाई है, जिसके कारण आज पूरा विश्व योग के महत्व को स्वीकार कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते तनाव, चिंता और असंतुलित जीवनशैली के बीच योग, प्राणायाम और ध्यान व्यक्ति को शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से नियमित योगाभ्यास को अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि योग अपनाएं, स्वस्थ, निरोग और ऊर्जावान जीवन पाएं।

### बंगाल दिवस समारोह में भाजपा नेताओं ने विकास और जनकल्याण पर दिया जोर



**पश्चिम बंगाल।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा, नदिया बांगो जिला इकाई द्वारा आयोजित बंगाल दिवस समारोह में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में केंद्रीय जहाजरानी एवं जल परिवहन मंत्री शांतनु ठाकुर, विधायक अनुपम विश्वास, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा पश्चिम बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष सुदीत विश्वास, प्रदेश महामंत्री दिन मदन रविदास, प्रदेश सचिव जय किशन सिंह वाल्मीकि तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने राज्य के विकास, सुशासन और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन पर जोर देते हुए कहा कि सरकार जनता से किए गए वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। विधायक अनुपम विश्वास ने भी क्षेत्र के विकास और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। प्रदेश अध्यक्ष सुदीत विश्वास ने अनुसूचित जाति समाज के कल्याण, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने तथा सामाजिक विकास के लिए कार्य करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने पश्चिम बंगाल के विकास, सामाजिक समरसता और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। समारोह में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## माता खीर भवानी मेले में JKTF कुपवाड़ा ने श्रद्धालुओं की सेवा की

नई सोच एक्सप्रेस



**कुपवाड़ा।** जम्मू-कश्मीर टीचर्स फोरम (JKTF) कुपवाड़ा ने जिला अध्यक्ष साहिल बशीर के नेतृत्व में टिक्कर स्थित पवित्र माता खीर भवानी मंदिर में आयोजित मेले के दौरान श्रद्धालुओं के लिए स्वागत एवं सुविधा स्टॉल लगाया। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं को निशुल्क पेयजल उपलब्ध कराया गया। फोरम की इस पहल का उद्देश्य साम्प्रदायिक सद्भाव, सामाजिक एकता और भाईचारे को बढ़ावा देना था। श्रद्धालुओं, स्थानीय नागरिकों और समाज के विभिन्न वर्गों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे सामाजिक सौहार्द का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इस अवसर पर साहिल बशीर ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की सह-अस्तित्व और आपसी सम्मान की परंपरा को मजबूत बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि JKTF शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सेवा और मानवीय कार्यों के लिए भी प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम को सफल बनाने में JKTF के उपाध्यक्ष नजीर अहमद भट, जिला सचिव सैयद जावेद मसरूर, जिला कोषाध्यक्ष एवं कानूनी सलाहकार इकबाल शौकत, राजा जाकिर, अब रशीद लोन, ताहिर हमीद, मो. रफीक खान और इरफान-उल-हक सहित कई सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में JKTF के मुख्य प्रवक्ता डॉ. अब्दुल्ला तथा प्रांतीय मीडिया सचिव ज़हूर अहमद भट भी उपस्थित रहे। फोरम ने सभी श्रद्धालुओं और आम नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए समाज में मानवता, एकता, सहिष्णुता और भाईचारे के मूल्यों को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## सुलह एवं समझौते के आधार पर सर्वोच्च न्यायालय में लंबित वादों का किया जायेगा निस्तारण - राजीव मुकुल पाण्डेय

नई सोच एक्सप्रेस



**वाराणसी।** न्याय को सरल, सुलभ एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से आम जन तक पहुंचाने तथा आपसी सहमति एवं समझौते के माध्यम से विवादों का शांतिपूर्ण निस्तारण करने के उद्देश्य से मुख्य न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशन में समाधान समारोह, 2026 के अंतर्गत संपूर्ण भारत वर्ष में विशेष लोक अदालत अभियान संचालित किया जा रहा है | इस अभियान के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय में लंबित वादों का निस्तारण सुलह एवं समझौते के आधार पर किया जायेगा | उक्त जानकारी देते हुए सिविल जज (सी0डि0)/ पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाराणसी, राजीव मुकुल पाण्डेय ने बताया कि जनपद न्यायाधीश संजीव शुक्ला के निर्देशन में न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से 21,22 एवं 23 अगस्त 2026 को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा | इस आयोजन में ऐसे वाद जो सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है तथा जिनमें समझौते की संभावना है उन्हें आपसी सहमति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में निस्तारित किये जाने का प्रयास किया जायेगा | उन्होंने बताया कि समाधान समारोह, 2026 का उद्देश्य केवल वादों का निस्तारण करना ही नही बल्कि पक्षकारों के मध्य आपसी संबंधों को बनाये रखते हुए त्वरित सस्ता एवं सरल न्याय उपलब्ध कराना भी है | विशेष लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों को वर्षों तक न्यायालयों के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी तथा समय एवं धन दोनों की बचत होगी | समाधान समारोह 2026 (विशेष लोक अदालत) में पक्षकारों को शामिल होने हेतु अगली प्री-सिटिंग की तिथि 25 जून 2026, 30 जून 2026 एवं 3 जुलाई 2026 निर्धारित की गयी है | पक्षकारों के बीच सुलह- समझौता हेतु बैठक जनपद न्यायालय वाराणसी परिसर स्थित एडीआर सेन्टर के मीडियेशन हॉल में किया जायेगा | अधिक जानकारी हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाराणसी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है | पक्षकार आनलाईन मोड से लिंक https://meet.jit.si/dlsavaranasi पर भी सुलह-समझौते हेतु जुड़ सकते है ||

## 1932 से चली आ रही परंपरा का होगा भव्य निर्वहन, सावन के प्रथम सोमवार को बाबा विश्वनाथ सहित नौ शिवालयों में यादव बन्धु करेंगे जलाभिषेक - राधा कृष्ण संजय यादव

नई सोच एक्सप्रेस



» सावन में शिवभक्ति का अद्भुत संगम, 94वें जलाभिषेक महोत्सव को सफल बनाने के लिए जुटे यादव बंधु

**वाराणसी।** सावन के प्रथम सोमवार को काशी विश्वनाथ सहित नगर के अन्य नौ प्राचीन शिवालयों में यादव बंधुओं द्वारा किए जाने वाले पारंपरिक जलाभिषेक के संबंध में पांडेयपुर खजूरी स्थित राधा कृष्ण संजय यादव के आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक का किया गया आयोजन | बैठक में यादव बंधुओं ने जलाभिषेक के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित समस्याओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया | मुख्य रूप से श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन एवं साफ-सफाई जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई ताकि शिव भक्तों का जलाभिषेक सुचारू रूप से, हर्ष और उल्लास के साथ सम्पन्न हो सके | यह ऐतिहासिक परम्परा वर्ष 1932 से अबाध रूप से चली आ रही है इसी मार्ग और पद्धति के अनुसार जलाभिषेक आज भी सम्पन्न होता है | समिति के अध्यक्ष लालजी चन्द्रवंशी ने बताया कि इस वर्ष जलाभिषेक का 94वां वर्ष है उन्होंने कहा कि हम सभी यादव बंधु पूर्ण श्रद्धा भाव, विश्व कल्याण की कामना और समाज सेवा की भावना के साथ इस पवित्र कार्य को करेंगे | शासन-प्रशासन के सहयोग से हम अपनी परम्परागत मर्यादा के अनुरूप बाबा विश्वनाथ सहित नौ शिवालयों पर भव्य जलाभिषेक करेंगे | इस पवित्र परम्परा का शुभारम्भ स्व. भोला सरदार व स्व. चुन्नी सरदार द्वारा किया गया था उनके संकल्प को आगे बढ़ाते हुए काशी के यादव बंधु आज भी इस परम्परा का भव्यतापूर्वक निर्वहन करते हैं | बैठक की अध्यक्षता राधा कृष्ण संजय यादव ने की, संचालन आयुष्मान चंद्रवंशी ने किया तथा बैठक के अंत में धन्यवाद ज्ञापन दुर्गा यादव द्वारा प्रस्तुत किया गया | बैठक में उपस्थित प्रमुख लोग समिति के पदाधिकारी, वरिष्ठ यादव बंधु एवं बड़ी संख्या में युवा श्रद्धालु उपस्थित रहे | सभी ने इस परम्परा को पूर्व की भांति शांतिपूर्ण और भव्य बनाने का संकल्प लिया | बैठक में मुख्य रूप से प्रभाकर यादव महानगर अध्यक्ष चंद्रवंशी गोप सेवा समिति जलाभिषेक वाराणसी यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद यादव, वरिष्ठ बबलू यादव कोषाध्यक्ष महानगर, बाबू पहलवान, भरत यादव कबीर मठ, सागर यादव, कुणाल यादव, नीरज पहलवान, संतोष पहलवान सहित काफ़ी संख्या में यादव बन्धु शामिल रहे |||

## अटल आवासीय विद्यालय आगरा में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



नई सोच एक्सप्रेस

**आगरा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर अटल आवासीय विद्यालय (एवीएस) आगरा में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य, शिक्षकगण, छात्र-छात्राओं एवं अन्य कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग के माध्यम से स्वास्थ्य, संतुलन और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। योग सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। विद्यालय प्रशासन ने योग के जरिए शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सुनीता वशिष्ट ने "करे योग, रहे निरोग" के संदेश के साथ विद्यार्थियों को योग के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है और इसे जीवन का अभिन्न अंग बनाकर स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जिया जा सकता है। योग दिवस कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्री सैनी (शारीरिक शिक्षक) एवं श्रीमती भारद्वाज (महिला शारीरिक शिक्षिका) का विशेष योगदान रहा। वहीं छात्र चिंटू एवं छात्रा लक्ष्मी ने योगाभ्यास का नेतृत्व करते हुए अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा नियमित योग अभ्यास अपनाने का संदेश दिया।

## योग क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए गुलशन कुमार ग्रोवर सम्मानित

नई सोच एक्सप्रेस



**कुरुक्षेत्र।** भारतीय योग संस्थान (पंजीकृत) की हरियाणा प्रांत इकाई के संगठन मंत्री एवं प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर को योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें पंचकूला में आयोजित 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के राज्य स्तरीय समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. आरती राव तथा अन्य गणमान्य अधिकारियों की उपस्थिति में प्रदान किया। हरियाणा योग आयोग की संस्तुति पर दिए गए इस सम्मान में ग्रोवर की योग के प्रचार-प्रसार, जनजागरण, सामाजिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी तथा विभिन्न योग अभियानों में योगदान को सराहा गया। प्रशस्ति पत्र में उनके योग क्षेत्र में सराहनीय कार्यों और विशेष उपलब्धियों का उल्लेख किया गया है। गुलशन कुमार ग्रोवर पिछले दस वर्षों से भारतीय योग संस्थान से जुड़े हुए हैं और योग शिक्षक, केंद्र प्रमुख, जिला उपप्रधान, कार्यकारी जोन प्रधान तथा प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता जैसे विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। वर्तमान में वे संस्थान के प्रांतीय संगठन मंत्री एवं प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता के रूप में कार्यरत हैं। ग्रोवर ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय संस्थान के योग शिक्षकों, वरिष्ठ पदाधिकारियों और साधकों को दिया। उन्होंने हरियाणा योग आयोग के प्रति भी आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य, वाइस चेयरमैन डॉ. रोशनलाल और रजिस्ट्रार डॉ. राजकुमार वैद सहित अनेक गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी। डॉ. जयदीप आर्य ने कहा कि ग्रोवर योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं और यह सम्मान उनके उत्कृष्ट योगदान की उचित पहचान है। भारतीय योग संस्थान के अखिल भारतीय महामंत्री ललित गुप्ता, हरियाणा प्रांत के प्रधान ओमप्रकाश तथा संस्थान के अन्य पदाधिकारियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी ग्रोवर को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## क्रेसेंट इंटरनेशनल स्कूल, गोविंदपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 का भव्य आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**गोविंदपुर।** क्रेसेंट इंटरनेशनल स्कूल, गोविंदपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर एक भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री लालजी त्रिपाठी ने किया तथा योग प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व विद्यालय की योग प्रशिक्षिका श्रीमती रंजिता कुमारी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक श्री ईसा शमीम, प्राचार्या महोदया :विजेता दास, क्रीड़ा भारती की प्रतिनिधि श्रीमती शकुंतला मिश्रा, श्री मुकुल जी तथा लायंस क्लब गोविंदपुर के प्रतिनिधि श्री अनुराग प्रदीप जी एवं उच्च विद्यालय बरियो के प्राचार्य डॉ. आर. के. शर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कु. प्रतिमा पंडित ने भावपूर्ण प्रार्थना गीत "तेरा शुक्रिया" प्रस्तुत कर वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। तत्पश्चात श्रीमती रंजिता कुमारी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अतिथियों ने सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया। योग सत्र के अंतर्गत कटिचक्रासन, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, पश्चिमोत्तानासन, गोमुखासन, वज्रासन एवं बालासन का अभ्यास कराया गया। साथ ही कपालभाति एवं अनुलोम-विलोम प्राणायाम का भी अभ्यास कराया गया। विद्यालय के सब-जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार एवं एरोबिक व्यायाम की आकर्षक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। इसके पश्चात आमंत्रित अतिथियों ने योग के महत्व, स्वस्थ जीवनशैली तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर अपने प्रेरक विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान निदेशक श्री ईसा शमीम द्वारा सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा के संतुलन का माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से योग अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या महोदया ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान "जन गण मन" के सामूहिक गायन के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

## 25 वर्षों के भरोसे के साथ नए स्वरूप में शुरू हुआ लक्ष्मी हॉस्पिटल, अब मिलेगी अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं

नई सोच एक्सप्रेस




» न्यूनतम खर्च में बेहतर इलाज का संकल्प लक्ष्मी हॉस्पिटल में 24×7 इमरजेंसी से लेकर आयुष्मान तक की सुविधा

**वाराणसी।** चिकित्सा क्षेत्र में 25 वर्षों से सेवाएं दे रहा लक्ष्मी हॉस्पिटल अब नए कलेवर में मरीजों की सेवा के लिए शुरू हो गया है | अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉ. अशोक राय ने बताया कि अस्पताल में 24×7 इमरजेंसी सेवा, अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर, आईसीयू, एनआईसीयू, आधुनिक लैब एवं डायग्नोस्टिक सुविधाएं उपलब्ध हैं उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र मरीजों को कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी | साथ ही सामान्य मरीजों के लिए भी ओपीडी, जांच और ऑपरेशन की दरें किफायती रखी गई हैं | अस्पताल में जनरल मेडिसिन, सर्जरी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, न्यूरोलॉजी, यूरोलॉजी और हृदय रोग सहित विभिन्न विभागों की सुविधाएं उपलब्ध हैं | डॉ. अशोक राय ने कहा कि अस्पताल का उद्देश्य न्यूनतम खर्च में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है | इसी क्रम में एक जुलाई (डॉक्टर्स डे) को महिलाओं के लिए एक विशेष स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया जाएगा | | इस अवसर पर डॉ. विकास भटनागर, डॉ. शशि शेखर सिंह, डॉ. शशिकांत सिंह, डॉ. अमीर शम्स, डॉ. विकास मौर्य, डॉ. शगुफ्ता अफरीन अंसारी, डॉ. शम्स तबरेज, समर जायसवाल सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे ||

## पूर्व सांसद डॉ. सुनील गायकवाड के आत्मचरित्र का पुणे में लोकार्पण

नई सोच एक्सप्रेस



**पुणे।** लातूर के पूर्व सांसद एवं संसद रत्न सम्मानित प्रो. डॉ. सुनील बलिराम गायकवाड के जन्मदिन के अवसर पर उनके जीवन और सार्वजनिक योगदान पर आधारित दो पुस्तकों "माझा संसदेतील प्रवास" और "पार्लियामेंट टू सुप्रीम कोर्ट" का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सिने अभिनेता राणा जंग बहादुर, पूर्व मंत्री दिलीप कांबळे, भूमाता ब्रिगेड की संस्थापक तृप्ती देसाई सहित अनेक सामाजिक, राजनीतिक और साहित्यिक हस्तियां मौजूद रहीं। लेखक कुंतल अरोरा द्वारा लिखित "पार्लियामेंट टू सुप्रीम कोर्ट" में डॉ. गायकवाड के जीवन संघर्ष और सार्वजनिक जीवन की यात्रा को रेखांकित किया गया है, जबकि "माझा संसदेतील प्रवास" उनका आत्मचरित्र है। इस अवसर पर डॉ. गायकवाड ने कहा कि जीवन में प्रेम, विश्वास और रिश्ते सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। उन्होंने पुस्तक के लेखक कुंतल अरोरा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके जीवन सफर को जिस आत्मीयता से शब्दों में पिरोया गया है, वह उनके लिए अमूल्य है। समारोह में परिवार के सदस्यों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, साहित्यकारों एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य लोगों ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. गायकवाड का संघर्ष, सामाजिक प्रतिबद्धता और संसद से न्यायालय तक का सफर नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा।

संक्षिप्त समाचार

## म्यूज़िक डे, फ़ादर्स डे और योग दिवस पर सितारों का संदेश



**मुंबई।** विश्व संगीत दिवस, फ़ादर्स डे और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर टीवी जगत की चर्चित हस्तियों ने अपने विचार साझा किए। इंडियाज़ बेस्ट डांसर सीज़न 5 के जज टेरेंस लुईस ने कहा कि योग केवल शरीर को लचीला बनाने का माध्यम नहीं, बल्कि सांस, शरीर और आत्मा के संतुलन का उत्सव है। उन्होंने युवाओं और प्रतिभागियों को योग अपनाकर मानसिक और शारीरिक संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया। वहीं 'तुम हो ना – घर की सुपरस्टार' के होस्ट राजीव खंडेलवाल ने विश्व संगीत दिवस पर कहा कि संगीत उनकी ज़िंदगी का अहम हिस्सा है। उनके अनुसार संगीत अभिव्यक्ति, भावनाओं और खुशी का माध्यम है, जो लोगों को जोड़ने और प्रेरित करने की शक्ति रखता है। फ़ादर्स डे पर राजीव ने कहा कि पिता परिवार की ताकत और मार्गदर्शक होते हैं, जिनके त्याग और प्रेम से बच्चों का भविष्य संवरता है। उन्होंने इस दिन को पिता के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का अवसर बताया।

## एनपीए खातों के खिलाफ सख्त अभियान उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ने दो संपत्तियों पर किया कब्ज़ा,नीलामी की तैयारी

» कर्ज नहीं चुकाने पर बैंक का शिकंजा,दो मकानों पर प्रशासनिक टीम के साथ हुआ कब्ज़ा



**वाराणसी।**उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के प्राधिकृत अधिकारी चंदन कुमार व नायब तहसीलदार व पुलिस दल बल के साथ पहुँचे और संगीता गुप्ता तथा रूबी अग्रहरी के मकान पर कब्ज़ा प्राप्त कर लिया | संगीता गुप्ता द्वारा माँ गौरी इंटरप्राइजेज के नाम से शाखा सेनपुरा से वर्ष 2017 में 20 लाख लाख रूपये का कर्ज लिया था जिसमे जमानत के तौर पे अपना मकान बैंक के पक्ष में बंधक रखा था समय पर कर्ज ना चुकाने पर वर्ष 2021 से ऋण खाता एनपीए चल रहा था | बैंक अधिकारी द्वारा बार-बार नोटिस देने के बाद भी जब उनके द्वारा कर्ज का भुगतान नहीं किया गया तो बैंक द्वारा सरफेसी एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए मकान पर कब्ज़ा प्राप्त कर लिया | इसी प्रकार एक अन्य ऋणी रूबी अग्रहरी द्वारा शाखा भारलाई से वर्ष 2019 में 20 लाख रूपये का कर्ज लिया था जिसमे जमानत के तौर पे अपना मकान बैंक के पक्ष में बंधक रखा था समय पर कर्ज ना चुकाने पर वर्ष 2023 से ऋण खाता एनपीए चल रहा था | इस ऋण खाते में बंधक मकान पर भी बैंक द्वारा सरफेसी एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए मकान पर कब्ज़ा प्राप्त कर लिया । बैंक अधिकारियों द्वारा यह भी अवगत कराया गया की इस समय बैंक के एनपीए खातों में बंधक सम्पतियों पर कब्ज़ा प्राप्त करने और उन्हें नीलाम करने हेतु एक विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं ||

## आश्रय फाउंडेशन ट्रस्ट ने चिकित्सकों के सम्मान में "द क्लिनिक एक्सीलेंस अवार्ड का किया आयोजन

**गिरिडीह** । आश्रय फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से होटल ऑर्बिट में चिकित्सकों के सम्मान में "द क्लिनिक एक्सीलेंस अवार्ड 2026" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरिडीह महापौर प्रमिला मेहरा और उप महापौर सुमित कुमार रहे। शहर के नामी चिकित्सक डॉ. एस.के. डोकानिया तथा रेड क्रॉस के पूर्व चेयरमैन मदन लाल विश्वकर्मा विशेष रूप से उपस्थित हुए। आयोजन का स्वागत समारोह सॉल भेंट तथा फूलमालाओं के साथ किया गया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर श्री साईं हॉस्पिटल के संचालक डॉ. अरविंद कुमार ने गंभीर फिस्टुला रोग के सफल उपचार पर विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया और स्थानीय स्तर पर विविध रोगों के इलाज की संभावनाओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गिरिडीह में अनुभवी चिकित्सक उपलब्ध हैं और कम खर्च में बेहतर उपचार संभव है, किंतु जानकारी के अभाव में कई लोग उच्च खर्च वाले शहरों का रुख कर रहे हैं। प्रेजेंटेशन के पश्चात उपस्थित डॉक्टरों के बीच विभिन्न रोगों के इलाज और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के प्रावधान पर विचार-विमर्श हुआ। सभी चिकित्सकों ने मिलकर मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य सुविधा देने का संकल्प लिया। अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कई चिकित्सकों को पुरस्कार, प्रमाणपत्र व किट देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित डॉक्टरों में डॉ. शैलेंद्र कुमार चौधरी, डॉ. विकास लाल, डॉ. अजय कुमार, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. मनीष कांत, डॉ. साकेत कुमार, डॉ. स्मिता कुमारी, डॉ. आरती लाल, डॉ. अमरदीप कुमार, डॉ. लखी गुप्ता, डॉ. नीरज दुकानिया, डॉ. आनंद कपिवे, डॉ. दीपक पंडा, डॉ. सरवन कुमार, डॉ. संजय कुमार रूपांशु, डॉ. राजकिशोर वर्मा, डॉ. रूपांशू स्वाति व डॉ. साकेत कुमार शामिल थे। ट्रस्ट के चेयरमैन रंजन कुमार सिन्हा, सूरज कुमार लाला, महिमा विश्वकर्मा, क्षेत्रीय अधिकारी अनंत पांडेय, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार व सुमन कुमार भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे और कार्यक्रम की सफलता पर संतोष व्यक्त किया। आयोजन का उद्देश्य स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देना तथा नागरिकों को गिरिडीह में उपलब्ध बेहतर और किफायती चिकित्सा विकल्पों के प्रति जागरूक करना बताया गया। आयोजक उम्मीद करते हैं कि इस तरह के कार्यक्रमों से मरीजों को उचित जानकारी मिलकर समय पर और किफायती इलाज मिलने में मदद मिलेगी।

## लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह टाउन की नई कार्यकारिणी का गठन, अनिल अग्रवाल बने अध्यक्ष, सचिव साहिल कुमार, अंकित सरावगी को बनाया गया कोषाध्यक्ष




**गिरिडीह** । सामाजिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों के लिए प्रसिद्ध लायंस क्लब ऑफ़ गिरिडीह टाउन की वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। नई टीम में लायन अनिल अग्रवाल को अध्यक्ष, लायन साहिल कुमार को सचिव तथा लायन अंकित सरावगी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवगठित कार्यकारिणी ने समाज सेवा, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी एवं व्यापक स्तर पर संचालित करने का संकल्प लिया है। क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि आगामी कार्यकाल में जरूरतमंदों की सहायता, स्वास्थ्य शिविर, शैक्षणिक सहयोग तथा विभिन्न सामाजिक अभियानों को प्राथमिकता दी जाएगी। क्लब के सदस्यों ने नई टीम को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी क्लब की सेवा परंपरा को आगे बढ़ाते हुए समाजहित में उल्लेखनीय कार्य करेगी।

# राष्ट्रीय पीडियाट्रिक पल्मोनोलॉजी अधिवेशन में बच्चों के स्वास्थ्य पर हुई विस्तृत चर्चा

नई सोच एक्सप्रेस




» बुखार और मामूली घावों के उपचार में कैलपोल व नियोस्पोरिन की उपयोगिता बताई गई

**वाराणसी।**नदेसर स्थित होटल ताज गंगेज में पीडियाट्रिक पल्मोनोलॉजी का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया गया | अधिवेशन में देशभर से आए बाल रोग विशेषज्ञों ने बच्चों के स्वास्थ्य,श्वसन संबंधी रोगों तथा आधुनिक उपचार पद्धतियों पर विस्तृत चर्चा की | विशेषज्ञों ने बताया कि बच्चों में बुखार,दर्द तथा छोटी-मोटी चोटों के उपचार में कैलपोल (पैरासिटामोल सिरप) और नियोस्पोरिन ऑइंटमेंट का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है | कैलपोल बुखार कम करने के साथ-साथ सिरदर्द, दांत दर्द एवं शरीर दर्द में राहत प्रदान करने में प्रभावी है जबकि नियोस्पोरिन छोटे कट,खरोंच,मामूली जलन और घावों को संक्रमण से बचाने में सहायक होती है | बाल रोग विशेषज्ञों ने अभिभावकों को सलाह दी कि बच्चों को किसी भी दवा का सेवन चिकित्सकीय परामर्श एवं निर्धारित मात्रा के अनुसार ही कराया जाए। दवा की मात्रा बच्चे की आयु और वजन के अनुरूप तय की जानी चाहिए | किसी प्रकार की एलर्जी,दुष्प्रभाव अथवा गंभीर स्वास्थ्य समस्या होने पर तत्काल चिकित्सक से संपर्क करना आवश्यक है | अधिवेशन के दौरान बच्चों में श्वसन रोगों की रोकथाम,आधुनिक चिकित्सा तकनीकों तथा बेहतर स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े विभिन्न वैज्ञानिक सत्र आयोजित किए गए | विशेषज्ञों ने कहा कि समय पर निदान और उचित उपचार से बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाया जा सकता है | कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भाग लिया | इस अवसर पर विश्व की अग्रणी फार्मास्युटिकल कंपनी जीएसके (ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन) से क्षेत्रीय अधिकारी शिशिर श्रीवास्तव,संदीप मिश्रा तथा मेडिकल बिज़नेस एसोसिएट्स सौरभ सिंह,आशुतोष सिंह,विवेक मिश्रा, अमित सिंह,रोहित जायसवाल,वासु तिवारी एवं अभिषेक मिश्रा उपस्थित रहे ||

# वाडीपोरा में एडवांस्ड डेंटल क्लिनिक का उद्घाटन

नई सोच एक्सप्रेस




**वाडीपोरा राजवार।** PHC वाडीपोरा के पास स्थित डॉ. फैसल के एडवांस्ड डेंटल क्लिनिक का उद्घाटन सोमवार को एक समारोह के दौरान किया गया। कार्यक्रम में मुफ्ती शफीक-उर-रहमान, डॉ. हाजिब नज़ीर (श्रीनगर) तथा डॉ. ज़ाकिर हुसैन (AIDSA स्टेट इंचार्ज) सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अतिथियों ने क्षेत्र के लोगों को आधुनिक एवं किफायती दंत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस क्लिनिक के शुरू होने से स्थानीय लोगों को बेहतर दंत उपचार के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। क्लिनिक में डेंटल कंसल्टेशन, स्केलिंग एवं पॉलिशिंग, टूथ फिलिंग, रूट कैनाल ट्रीटमेंट, दांत निकालना, क्राउन एवं ब्रिज, डेंचर, ब्रेसेस, कॉस्मेटिक डेंटिस्ट्री, टीथ व्हाइटनिंग, बच्चों की दंत चिकित्सा, डेंटल इम्प्लांट, मसूड़ों के रोगों तथा मुंह से संबंधित अन्य बीमारियों के उपचार की सुविधाएं उपलब्ध हैं। **पता:** डॉ. फैसल एडवांस्ड डेंटल क्लिनिक, PHC वाडीपोरा के पास। **संपर्क:** 7006030331।

## अपराधी को मारने से नहीं,अपराध पैदा करने वाली परिस्थितियों को बदलने से मिलेगा समाधान- एडवोकेट अजय सिंह (बागी)

नई सोच एक्सप्रेस



अजय सिंह (बागी) अधिवक्ता जिला व सत्र न्यायालय वाराणसी

**वाराणसी।**एक पेड़ की पत्तियाँ तोड़ने से पेड़ नहीं मरता,उसकी जड़ काटनी पड़ती है यही सच अपराध के मामले में भी है आज जब भी कोई जघन्य वारदात होती है,समाज का एक बड़ा वर्ग चिल्लाता है "एनकाउंटर कर दो","फाँसी पर लटका दो" | माना कि एनकाउंटर से जनता को दो दिन की राहत मिलती है टीवी पर डिबेट होती है लोग मिठाई बाँटते हैं लेकिन आँकड़े झूठ नहीं बोलते | एनसीआरबी की रिपोर्ट बताती है कि जिन राज्यों में सबसे ज्यादा एनकाउंटर हुए वहाँ अपराध का ग्राफ नीचे नहीं आया | डर की उम्र बहुत छोटी होती है। जब तक गरीबी,भ्रष्टाचार,धीमा न्याय सिस्टम जिंदा है,नए अपराधी पैदा होते रहेंगे अपराध व्यक्ति नहीं,परिस्थिति की पैदाइश है | अपराध आसमान से नहीं टपकता वो पैदा होता है भूख से, बेरोजगारी से,अशिक्षा से,नशे से,बदले की आग से अगर कोई व्यक्ति पेट की आग बुझाने के लिए रोटी चुराता है और आप उसे गोली मार देते हैं,तो क्या चोरी रुक जाएगी? नहीं | कल कोई दूसरा भूखा फिर चोरी करेगा क्योंकि आपने चोर को मारा,भूख को नहीं | भारत का संविधान बदले की भावना पर नहीं,सुधार की भावना पर टिका है इसीलिए जेल को "कारागार" नहीं,"सुधार गृह" कहा जाता है अनुच्छेद 21 हर व्यक्ति को चाहे वह अपराधी ही क्यों न हो जीवन का अधिकार देता है उसे यह अधिकार सिर्फ कानून की स्थापित प्रक्रिया से ही छीना जा सकता है | सुप्रीम कोर्ट ने भी "रेयरेस्ट ऑफ रेयर" सिद्धांत दिया है यानी मृत्युदंड सिर्फ उसी केस में जहाँ समाज का सामूहिक विवेक हिल जाए क्योंकि मकसद खून का बदला खून नहीं,बल्कि समाज को सुरक्षित बनाना है एनकाउंटर तात्कालिक राहत स्थायी समाधान नहीं हो सकता ||

# ब्रह्माकुमारीज केंद्र में योग एवं नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस



**छपरा।**12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की छपरा शाखा द्वारा भगवान बाजार स्थित मुख्य सेवा केंद्र पर विशेष योग एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों एवं ब्रह्माकुमारीज परिवार के सदस्यों ने भाग लिया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को राजयोग ध्यान का अभ्यास कराया गया। ध्यान सत्र में प्रतिभागियों ने मानसिक शांति, सकारात्मकता और आत्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। साथ ही योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी गई। छपरा सेवा केंद्र की संचालिका बीके अनामिका दीदी ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए शरीर के साथ-साथ मन का स्वस्थ होना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नियमित योग, व्यायाम, आत्मज्ञान और परमात्म ज्ञान को अपनाकर व्यक्ति मानसिक रूप से सशक्त एवं सकारात्मक बन सकता है। उन्होंने राजयोग को शांति, पवित्रता और आत्मिक शक्ति प्राप्त करने का प्रभावी माध्यम बताया। योग दिवस के साथ नशामुक्ति अभियान के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। बीके अरविंद भाई ने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए समाज को नशामुक्त बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों को नशा न करने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में बीके देवानंद भाई, बीके पहलाद भाई, बीके अशोक भाई, बीके ज्योति बहन, बीके प्रियांशु बहन, बीके पिंकी बहन, बीके धर्मशीला बहन, बीके अनीता बहन, बीके पूजा बहन एवं बीके रिंकू बहन सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# अंडर -17 आयु वर्ग में आर्यन पोद्दार के तुफानी शतकीय प्रहार से आरसीबी सेमीफाइनल में

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**राजधानी पटना के जगजीवन स्टेडियम दानापुर में सरदार पटेल इवेंट्स कम टैलेंट सर्च के तत्वाधान में आयोजित बिहार इंस्टीट्यूट प्रीमियर लीग का पहला लीग मैच बारिश से मैदान अधिक गीला होने के कारण अंडर-13 आयु वर्ग के राजगीर रॉयल्स और दरभंगा कैपिटल के बीच खेले जाने वाले मैच को रद्द करते हुए अगले दिन मंगलवार 23 जून को प्रातः 7:30 बजे से रीशेड्यूल किया गया है। जबकि आज अंडर -13 आयु वर्ग में पहला मुकाबला दोपहर 12:15 बजे से रॉयल चैलेंजर बेगूसराय बनाम किंग्स इलेवन पटना के बीच 16-16 ओवरों का मैच खेला गया। जिसमें आरसीबी ने निर्धारित ओवरों में एक विकेट होकर 97 रनों का स्कोर खड़ा किया और किंग्स इलेवन पटना के सामने जीत के लिए 98 रनों का लक्ष्य रखा। आरसीबी के बल्लेबाज वेद नारायण ने 44 रन जबकि कारण ने 45 रनों की उपयोगी पारी खेली और किंग्स इलेवन पटना के एकमात्र सफल गेंदबाज समग्र श्रेष्ठ ने एक बल्लेबाज को अपना शिकार बनाया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी किंग्स 11 पटना की टीम सुमन यादव की ताबड़तोड़ 29 गेंद पर नाबाद 47 रन की विस्फोटक पारी और समर आनंद के 47 गेंदों पर केवल 17 रन की धीमी पारी के बाद आरसीबी के गेंदबाजों द्वारा दिए गए 26 अतिरिक्त रनों के सहारे 14.5 ओवरों में विजयी लक्ष्य को हासिल कर लिया। जिसमें आरसीबी के एकमात्र गेंदबाज आरव आर्यन ने एक विकेट चटकाए। जबकि अंडर -17 आयु वर्ग में रॉयल चैलेंजर बेगूसराय ( आरसीबी )और मुंगेर इंडियन ( एमआई ) के बीच खेले गए बिहार आईपीएल मुकाबला में आरसीबी की ओर से रनों की बारिश हुई जिसमें निर्धारित 17 ओवर के खेले गए इस मैच में आरसीबी के विकेटकीपर बल्लेबाज आर्यन पोद्दार ने 38 गेंद पर 12 चौके और 7 गगनचुंबी छक्के लगाकर विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 107 रनों की शतकीय पारी खेली। जबकि प्रियांशु ने 41 गेंद पर 67 रन और देवराज राणा ने मात्र 20 गेंद पर 48 रनों की तेज तर्रार पारी खेलते हुए तीन विकेट खोकर आरसीबी को 285 रनों के विशाल स्कोर पर खड़ा कर दिया। मुंगेर इंडियंस के गेंदबाज वैभव राज ने दो विकेट और हिमांशु ने एक विकेट चटकाए।जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंगेर इंडियंस के बल्लेबाज 285 रनों के विशाल स्कोर के तले दबाव में ताश के पत्तों की तरह बिखर गई और महज 10.2 ओवरों में 47 रन पर पूरी टीम को आरसीबी के गेंदबाज देवराज राणा और निशांत गौतम ने 3-3 बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया जबकि अंश और कुलदीप ने दो-दो विकेट अपनी झोली में डालते हुए ढेर करते हुए पूल - ( ए ) के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आर्मी कैंट में योग शिविर का आयोजन किया

नई सोच एक्सप्रेस



एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू योगा प्रभारी धर्मा कुमारी के नेतृत्व में संस्था के माध्यम से बारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हल्द्वानी आर्मी कैंट में योग शिविर का आयोजन किया गया इस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगन्द्र कुमार साहू योगा प्रभारी धर्मा कुमारी ने संयुक्त रूप से कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए हमें योग को अपनाना बहुत ही जरूरी है क्योंकि योग वह क्रिया है जो शरीर के सभी अंगों की गतिविधियों और सांसों को नियंत्रित कर शरीर के साथ मन मस्तिक को प्रकृति से जोड़कर आन्तरिक और बाहरी ताकत को बढ़ावा देने का कार्य करता है और नियमित रूप से योग करने वाले व्यक्तियों के लिए योग एक बहुत ही अच्छा अभ्यास है जो सभी प्रकार की बीमारियों से मुक्ति दिलाकर स्वस्थ जीवन शैली के साथ बेहतर जीवन जीने में हमारी सहायता कर हमें योग एकाग्रता सहनशीलता अध्यात्मिकता सामाजिकता से परिपूर्ण कर धर्महित समाजहित भारतहित में कार्य करने के लिए हमेशा प्रेरित करता है इसलिए योग प्राचीन समय से मनुष्य को प्रकृति द्वारा दिया गया बहुत ही महत्वपूर्ण और अनमोल उपहार है जो जीवन भर मनुष्य को दृढ़ संकल्पित कर प्रकृति के साथ हमेशा जोड़कर रखता है इसीलिए तो योग व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का कार्य स्थापित करता है इस दौरान योग करने में समस्त सैन्य अधिकारी गण सहित सैकड़ों जवान उपस्थित रहे इस दौरान योगा कराने में एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू योगा प्रभारी धर्मा कुमारी मार्गदर्शिका पूर्णिमा रजवार मनीष साहू मनीषा आर्या रोहतास प्रजापति सूरज मिस्त्री दीपक कुमार सुशील राय उपस्थित रहे

# अंतर्राष्ट्रीय 21वें योग दिवस पर भारत विकास परिषद वाराणसी सिटी का भव्य योग शिविर

नई सोच एक्सप्रेस



» योग गुरु चक्रवर्ती विजय नावड ने बताया स्वस्थ जीवन का मंत्र

**वाराणसी।**भारत विकास परिषद वाराणसी सिटी शाखा के तत्वावधान में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर मडुआडीह स्थित होटल एलीगेंस में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया | कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ | इस अवसर पर काशी योग संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष एवं सुप्रसिद्ध योग गुरु श्री चक्रवर्ती विजय नावड मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे | उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मानसिक शांति,एकाग्रता एवं सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार करता है | योग शिविर में श्री नावड ने उपस्थित जनों को विभिन्न योगासन,प्राणायाम एवं मुद्राओं का अभ्यास कराया तथा ऋतु के अनुरूप आहार-विहार एवं स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की | उपस्थित सभी लोगों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में भाग लिया और योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया | कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया | इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष अमित कुमार सोनी,नितिन बंसाली,संजीव कुमार, कार्यक्रम संयोजक राजकुमार अग्रवाल, निधि अग्रवाल,संदीप कपूर,दीपाली कपूर सहित भारत विकास परिषद वाराणसी सिटी शाखा के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे ||

## भरत तिवारी की मौत पर वाराणसी में उबाल,बिहार सरकार के खिलाफ केसरिया भारत का जोरदार प्रदर्शन

नई सोच एक्सप्रेस




» भरत तिवारी हत्याकांड की निष्पक्ष जांच की मांग,वाराणसी में प्रदर्शन कर सौंपा गया ज्ञापन

**वाराणसी।**बिहार भोजपुर में दलित, पिछड़ों के घर बाढ़ में बह जाने के बाद उनके पुनर्वास व व्यवस्था के लिए आंदोलनरत भरत तिवारी की बिहार पुलिस द्वारा हत्या के अक्रोस में वाराणसी जिला मुख्यालय पर केसरिया भारत के प्रमुख संयोजक कृष्णा नन्द पाण्डेय के नेतृत्व मे विरोध प्रदर्शन व प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन ज़िलाधिकारी के माध्यम से दिया गया | विरोध प्रदर्शन में केसरिया भारत के प्रदेश अध्यक्ष गौरिश सिंह व् धरोहर संरक्षण सेवा संगठन के राकेश त्रिपाठी ने कहा कि यह हत्या बिहार पुलिस व बिहार सरकार की सुनियोजित साजिश है इसमें शामिल लोगों के ऊपर अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं हुआ, सरकार आज अंग्रेजी हुकूमत की याद दिला रही है तो भारत का नौजवान आज़ाद,भगत सिंह बनने के लिए तैयार है जिसकी शुरुआत भरत तिवारी ने कर दी है | शिवम उपाध्याय ने कहा कि आज पूरे देश में सरकार व सिस्टम दोनों अपनी नैतिकता खो चुके हैं,समय रहते सुधार नहीं हुआ तो यह देश के लिए गंभीर समस्या बन जाएगा | कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आनन्द मिश्र शुभम,जितेन्द्र सिंह,डा. चन्द्रदेव पटेल, उपेंद्र सिंह,राजन मिश्र अविनाश आनन्द, अनिल मिश्र,देवेश तिवारी,ऋषभ सिंह, अश्वनी पाण्डेय,संदीप मिश्र सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे ||

फिल्म

# जैकलीन के नए प्रोजेक्ट को लेकर फैंस में बढ़ी उत्सुकता

ज जल्द ही अपने करियर की पहली पूर्ण हॉरर फिल्म के साथ बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज दर्शकों के सामने आने वाली हैं। अभिनेत्री इस प्रोजेक्ट को लेकर बेहद उत्साहित बताई जा रही हैं। फिल्म से जुड़ी शुरुआती जानकारियों ने ही दर्शकों और फिल्म प्रेमियों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। फिल्म से जुड़े सूत्रों के अनुसार, यह केवल डर और रोमांच तक सीमित नहीं होगी, बल्कि इसमें भावनात्मक पहलुओं और संगीत का भी महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। निर्माताओं का उद्देश्य एक ऐसा सिनेमाई अनुभव प्रस्तुत करना है, जिसमें हॉरर के साथ कहानी और भावनाओं का भी गहरा प्रभाव देखने को मिले। बताया जा रहा है कि जैकलीन इस फिल्म में केंद्रीय भूमिका निभाएंगी, जबकि दो प्रमुख पुरुष कलाकारों का चयन भी किया जा चुका है। हालांकि फिल्म के शीर्षक, निर्देशक और अन्य कलाकारों के नामों को फिलहाल गोपनीय रखा गया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण ख्याति मदान के बैनर 'नॉट आउट एंटरटेनमेंट' के तहत बड़े पैमाने पर किया जाएगा। फिल्म की आधिकारिक घोषणा जल्द किए जाने की संभावना है। उद्योग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि फिल्म की तैयारियां तेजी से चल रही हैं और कलाकार इन दिनों विशेष वर्कशॉप्स में हिस्सा ले रहे हैं, ताकि अपने किरदारों को बेहतर ढंग से समझ सकें और कहानी की मांग के अनुरूप प्रदर्शन कर सकें। जानकारी के मुताबिक, फिल्म का एक टीज़र और एक गीत पहले ही शूट किया जा चुका है। इससे संकेत मिलता है कि निर्माता जल्द ही दर्शकों के सामने फिल्म की पहली झलक पेश कर सकते हैं। वहीं, मुख्य शूटिंग इसी महीने के अंत तक शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। फिल्म की टीम इसे एक बड़े और अलग तरह के हॉरर अनुभव के रूप में विकसित करने में जुटी हुई है। दिलचस्प बात यह है कि जैकलीन इससे पहले फिल्म 'भूत पुलिस' में दिखाई दे चुकी हैं, लेकिन वह एक हॉरर-कॉमेडी थी, जिसमें डर और हास्य का मिश्रण था। इसके विपरीत यह नया प्रोजेक्ट पूरी तरह हॉरर शैली पर आधारित होगा। ऐसे में यह फिल्म अभिनेत्री के करियर में एक नए अध्याय की शुरुआत मानी जा रही है और दर्शकों को उनका बिल्कुल अलग रूप देखने को मिल सकता है। कामकाज के मोर्चे पर जैकलीन हाल ही में फिल्म 'हाउसफुल 5' में नजर आई थीं। इसके अलावा वह आगामी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का भी हिस्सा हैं, जो 26 जून 2026 को रिलीज होने वाली है। अब उनकी पहली पूर्ण हॉरर फिल्म को लेकर बढ़ती चर्चाओं ने प्रशंसकों की उत्सुकता और भी बढ़ा दी है।





# फीफा वर्ल्ड कप में परफॉर्मेंस के बाद नोरा फतेही ने कहा

## मैं खुशकिस्मत रही कि मुझे करियर में यादगार पल मिले

बॉ बॉलीवुड की डांसिंग दिवा नोरा फतेही ने कहा है कि वह खुशकिस्मत हैं कि उन्हें अपने करियर में कई यादगार पल देखने को मिले। फिर भी, फीफा वर्ल्ड कप में परफॉर्म करने जैसी बड़ी कामयाबी का जश्न अपने करीबी लोगों के साथ मनाने के इमोशनल अनुभव से किसी चीज की तुलना नहीं की जा सकती। नोरा ने टोरंटो में दूसरे फीफा वर्ल्ड कप ओपनिंग सेरेमनी की कई तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनकी बहन, मां, भाई, हाई-स्कूल टीचर और दोस्त शामिल थे। मोरक्कन मूल की इस एक्ट्रेस ने वहां परफॉर्म किया था। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैं आप लोगों के साथ यह शेयर करना चाहती थी। मैं एक दशक से ज़्यादा समय से परफ़ॉर्म कर रही हूं, मैं खुशकिस्मत रही हूं कि मुझे अपने करियर में कई बड़े पल मिले और मैंने उन्हें अपने कुछ पसंदीदा लोगों के साथ शेयर किया है! 34 साल की डांसिंग दिवा ने कहा कि एक दशक से अधिक समय तक परफॉर्म करने के बाद, यह पहली बार था जब उनकी मां, भाई-बहन, बचपन के दोस्त, करीबी दोस्त और यहां तक कि उनके हाई-स्कूल के टीचर भी उन्हें लाइव परफॉर्म करते हुए देखने के लिए एक साथ आए थे। नोरा फतेही ने कहा, मेरा पूरा परिवार और मेरे करीबी लोग कभी भी एक साथ नहीं थे। यह पहली बार था जब मैंने अपनी परफॉर्मेंस खत्म की और अपने सभी करीबी लोगों को मुझे गले लगाने के लिए एक साथ इंतजार करते हुए पाया! यह सच में मेरे लिए एक इमोशनल पल था। मैं हमेशा अकेले काम पर जाती हूं और परफॉर्मेंस खत्म होने के बाद घर चली जाती हूं, लेकिन इस बार कुछ अलग था। मेरे करीबी लोग पहली बार मुझे लाइव देखने के लिए इक_l हुए और पहली बार मेरे साथ जश्न मनाया। नोरा ने कहा, मैंने इस पल के लिए अपनी पूरी जिंदगी मेहनत की है। इस एहसास को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। मेरी बहन, मेरी मां और मेरा भाई पहली बार वहां मौजूद थे! मेरे हाई-स्कूल टीचर, जो मेरे बहुत करीबी हैं, भी वहां मौजूद थे! मेरे बचपन के दोस्त और आज के करीबी दोस्त भी वहां थे!





# भाभी के बनाए भोजन का भरपूर आनंद ले रही हीना खान

छो छोटे परदे की मशहूर अभिनेत्री हिना खान ने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ खास 'फूडी मोमेंट्स' साझा किए, जिनमें उनकी भाभी नीलम द्वारा तैयार किए गए स्वादिष्ट व्यंजन नजर आए। अभिनेत्री ने एक बार फिर अपने प्रशंसकों को अपने निजी जीवन की झलक दिखाई है। अभिनेत्री हिना ने इन तस्वीरों के जरिए न केवल खाने के प्रति अपने प्रेम को जाहिर किया, बल्कि अपनी भाभी के प्रति स्नेह और आभार भी व्यक्त किया। अभिनेत्री द्वारा साझा की गई तस्वीरों में सबसे अधिक ध्यान घर पर तैयार किए गए चिकन बर्गर ने आकर्षित किया। खास बात यह थी कि इस बर्गर का बन और मेयोनेज भी घर पर ही तैयार किया गया था। तस्वीर साझा करते हुए हिना ने अपनी भाभी की सराहना करते हुए लिखा कि यह स्वादिष्ट भोजन उनके लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। उनकी पोस्ट से साफ झलक रहा था कि वह घर के बने खाने का भरपूर आनंद ले रही हैं। इसके अलावा हिना ने एक और तस्वीर साझा की, जिसमें पारंपरिक सिंधी व्यंजन 'दाल पकवान' दिखाई दिया। यह लोकप्रिय स्नैक भी उनकी भाभी ने ही बनाया था। स्वाद और पारंपरिक व्यंजनों के प्रति अपने लगाव को दर्शाते हुए हिना ने इस खास पकवान की भी जमकर तारीफ की। उनके प्रशंसकों ने इन तस्वीरों पर प्रतिक्रिया देते हुए घर के बने भोजन की अहमियत और पारिवारिक रिश्तों की गर्मजोशी की सराहना की। यह पहली बार नहीं है जब हिना खान ने अपनी भाभी के प्रति अपना स्नेह सार्वजनिक रूप से व्यक्त किया हो। इससे पहले भी वह कई अवसरों पर बता चुकी हैं कि उनकी भाभी उनके खानपान का विशेष ध्यान रखती हैं, खासकर तब जब वह अपने व्यस्त शूटिंग शेड्यूल में उलझी होती हैं। हिना अक्सर यह साझा करती रही हैं कि परिवार का सहयोग उनके जीवन और काम दोनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कुछ समय पहले अभिनेत्री ने एक वीडियो भी साझा किया था, जिसमें वह शूटिंग के दौरान अपनी वैनिटी वैन में बैठकर बंगाली व्यंजनों का आनंद लेती नजर आई थीं। उस भोजन में दाल, चावल, अंडा करी, बैंगन फ्राई, रोटी, सलाद और दही जैसी कई पारंपरिक चीजें शामिल थीं। उस दौरान उन्होंने बताया था कि उनकी शूटिंग उनकी भाभी के घर के पास चल रही थी, इसलिए उन्हें घर का बना स्वादिष्ट बंगाली भोजन खाने का अवसर मिला। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा था कि उनकी भाभी दुनिया की सबसे बेहतरीन भाभियों में से एक हैं और हमेशा उनका विशेष ख्याल रखती हैं। हिना ने यह भी बताया था कि उनकी भाभी उनके लिए शाम के स्नैक्स और रात के खाने की व्यवस्था भी करती हैं। इनमें बटर चिकन और शोरषे बाटा जैसे व्यंजन शामिल थे। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने समोसे और पकौड़ों से सजे स्नैक्स की तस्वीरें भी साझा की थीं, जिन्हें उनके प्रशंसकों ने काफी पसंद किया। निजी जीवन की बात करें तो हिना खान ने रॉकी जायसवाल के साथ विवाह किया है। हाल ही में दोनों ने अपनी शादी की पहली वर्षगांठ भी मनाई। सोशल मीडिया पर साझा किए गए इन पोस्ट्स को फैंस का भरपूर प्यार मिल रहा है।

# कैप्टन इंडिया से देशभक्ति का संदेश देने आएंगे कार्तिक आर्यन, आई रिलीज तारीख



का कार्तिक आर्यन के फैंस के लिए साल 2027 काफी खास होने वाला है। एक तरफ करण जौहर के साथ उनकी चर्चित फिल्म नागजिला वैलेंटाइन सप्ताह में दर्शकों का दिल जीतने आएगी। वहीं दूसरी तरफ अभिनेता की बहुप्रतीक्षित फिल्म कैप्टन इंडिया पर एक बड़ी खुशखबरी आ गई है। बता दें, इस फिल्म का ऐलान 5 साल पहले किया गया था और तब से फैंस इसपर अपडेट पाने के लिए उत्साहित थे।

आखिरकार निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज तारीख बता दी है। चक दे! इंडिया और रॉकेट सिंहः सेल्समैन ऑफ द ईयर जैसी फिल्मों के लिए मशहूर शिमित अमीन ने कैप्टन इंडिया के निर्देशन की जिम्मेदारी




# चेतना पांडे हॉरर फिल्म हॉन्टेड-3डी में मचा रहीं धमाल, रियल लाइफ में हैं बेहद ग्लैमरस



हॉ हॉरर फिल्म हॉन्टेड 3डी रिलीज के बाद से ही सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं. इसके साथ ही फिल्म की एक्ट्रेस चेतना पांडे भी खूब सुर्खियां बटोर रही हैं. फिल्म में अपने किरदार से दर्शकों का ध्यान खींचने वाली चेतना रियल लाइफ में बेहद ग्लैमरस और स्टाइलिश हैं. आइए जानते हैं आखिर कौन हैं चेतना पांडे. चेतना पांडे ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 2013 की फिल्म आई डोंट लव यू से की थी. इसके बाद वो शाहरुख खान और काजोल की सुपरहिट फिल्म दिलवाले (2015) में जेनी के किरदार और मुन्ना माइकल (2017) में भी काम कर चुकी हैं. फिल्मों के अलावा, चेतना एमटीवी के ऐस ऑफ स्पेस (सीज़न 1) और कलर्स टीवी के रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 12 में भी एक कंटेस्टेंट के रूप में नजर आ चुकी हैं. वो क्लास ऑफ 2020 और होम जैसी पॉपुलर वेब सीरीज में भी अभिनय कर चुकी हैं. चेतना पांडे की सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है. इंस्टाग्राम पर उन्हें 2.5 मिलियन लोग फॉलो करते हैं. चेतना पांडे रियल लाइफ में बेहद ग्लैमरस हैं. चेतना पांडे इन दिनों विक्रम भट्ट की हॉरर फिल्म हॉन्टेड 3डीः इकोज़ ऑफ द पास्ट में सुनहरी के किरदार में नज़र आ रही हैं. हॉन्टेड 3डीः इकोज़ ऑफ द पास्ट बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई कर रही है. फिल्म ने अब तक, सैकनिल्क के मुताबिक, 16.41 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है.

# मेडिटेशन के दौरान न करें ये 5 गलतियां, लाभ नहीं मिल सकता

मे मेडिटेशन एक ऐसी प्रक्रिया है, जो हमें मानसिक शांति और आंतरिक शांति प्रदान करती है। हालांकि, कई लोग मेडिटेशन करते समय कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिनसे उन्हें पूरा लाभ नहीं मिल पाता। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी सामान्य गलतियों के बारे में बताएंगे, जिन्हें मेडिटेशन करते समय करने से बचना चाहिए ताकि आप अपने मेडिटेशन सत्रों का पूरा लाभ उठा सकें और मानसिक शांति प्राप्त कर सकें।



**सही जगह का चयन न करनाः** मेडिटेशन करते समय सही जगह का चयन करना बहुत जरूरी है। ऐसी जगह चुनें जहां शांति हो और कोई बाहरी शोर-गुल न हो। अगर आप किसी व्यस्त जगह पर मेडिटेशन करेंगे तो आपका ध्यान भंग होगा। इसके अलावा ऐसी जगह चुनें जहां आपको आरामदायक महसूस हो और आपको कोई परेशानी न हो। सही माहौल में मेडिटेशन करने से आपकी मानसिक शांति बढ़ेगी और आप अधिक प्रभावी ढंग से मेडिटेशन कर पाएंगे।

समय का ध्यान न रखना : मेडिटेशन करते समय समय का ध्यान रखना भी जरूरी है। अगर आप जल्दी में हैं या समय की कमी महसूस कर रहे हैं तो आपका ध्यान भंग होगा और आप पूरी तरह से ध्यान में नहीं लग पाएंगे। इसलिए एक निश्चित समय तय करें और उसी दौरान मेडिटेशन करें ताकि आप पूरी तरह से इस प्रक्रिया में शामिल हो सकें। इससे आपका मानसिक शांति और आंतरिक शांति प्राप्त करने का अनुभव बेहतर होगा।

मेडिटेशन करते समय सही तरह से बैठना बहुत जरूरी है। अगर आपकी मुद्रा सही नहीं होगी तो इससे आपकी पीठ में दर्द हो सकता है या शरीर में अकड़न आ सकती है, जिससे आपका ध्यान भंग होगा। इसलिए मेडिटेशन करते समय बैठने की सही मुद्रा अपनाएं और सुनिश्चित करें कि आपका शरीर आरामदायक स्थिति में हो ताकि मानसिक शांति प्राप्त कर सकें। सही मुद्रा से आपका मेडिटेशन अधिक प्रभावी ढंग से होगा।

सांसों पर ध्यान न देना : मेडिटेशन करते समय सांसों पर ध्यान देना बहुत अहम होता है। अगर आप अपनी सांसों की गति पर ध्यान नहीं देंगे तो आपका मन भटक सकता है। इसलिए मेडिटेशन करते समय अपनी सांसों की गहराई और नियमितता पर ध्यान दें ताकि आपका



मन स्थिर रहे और आप मानसिक शांति प्राप्त कर सकें। इससे आपकी ध्यान प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी और आप बेहतर अनुभव कर सकेंगे। आजकल मोबाइल फोन हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन गया है, लेकिन मेडिटेशन करते समय इसका उपयोग करना सही नहीं है। मोबाइल फोन से आने वाली कॉल्स या संदेशों से आपका ध्यान भंग होगा। इसलिए मेडिटेशन करते समय मोबाइल फोन को दूर रखें या इसे साइलेंट मोड पर रख दें ताकि आपका ध्यान स्थिर रहे और आप मानसिक शांति प्राप्त कर सकें।

हर खबर पर पैनी नज़र
# नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



# टेबल टॉपर को हराकर जमशेदपुर स्टीलर्स फाइनल में

**रांची।** झारखंड टी-20 क्रिकेट लीग 2026 के पहले क्वालिफायर में जमशेदपुर स्टीलर्स ने बड़ा उलटफेर करते हुए टेबल टॉपर कोयलांचल सुपर किंग्स को 79 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में खेले गए मुकाबले में स्टीलर्स ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में शानदार प्रदर्शन किया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी कोयलांचल सुपर किंग्स ने शुरुआती सफलता हासिल करते हुए स्टीलर्स को 5.2 ओवर में 47 रन पर दो विकेट के स्कोर पर रोक दिया था। इसके बाद कुमार करण और रवि शर्मा ने मैच का रुख बदल दिया। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए नाबाद 203 रन की साझेदारी कर टीम को 20 ओवर में 250 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया। कुमार करण ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 63 गेंदों पर नाबाद 143 रन बनाए, जो टूर्नामेंट का सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर है। वहीं रवि शर्मा ने 46 गेंदों पर नाबाद 81 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। कोयलांचल की ओर से हर्ष राज और जुनैद अशरफ को एक-एक विकेट मिला।







251 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोयलांचल सुपर किंग्स की शुरुआत खराब रही और टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही। कप्तान उत्कर्ष सिंह ने अकेले संघर्ष करते हुए 46 गेंदों पर 101 रन की शानदार शतकीय पारी खेली, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। रॉबिन मिंज ने 14 रन का योगदान दिया। पूरी टीम 17.3 ओवर में 171 रन पर सिमट गई।

जमशेदपुर स्टीलर्स की ओर से प्रतीक रंजन और एमडी कौनेन कुरैशी ने तीन-तीन विकेट झटके। अमन कुमार सिंह ने दो विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई।

कुमार करण को उनके शानदार शतक के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। इस जीत के साथ जमशेदपुर स्टीलर्स फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है।

गौरतलब है कि लीग चरण में इन दोनों टीमों के बीच हुए मुकाबले में कोयलांचल सुपर किंग्स ने 250/2 का स्कोर बनाकर जमशेदपुर को हराया था। नॉकआउट मुकाबले में स्टीलर्स ने उसी स्कोर के साथ जोरदार वापसी करते हुए पिछली हार का बदला ले लिया।

# एक ही गलती दोहराने के कारण शतक नहीं लगा पा रहे वैभव सूर्यवंशी

**एजेंसी, मुम्बई**



भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी पदार्पण के बाद से ही अपने शानदार प्रदर्शन से छाये हुए हैं पर लगातार एक गलती दोहराने के कारण अपना शतक पूरा नहीं कर पा रहे हैं। अब तक वह चार बर शतक के करीब आकर भी उसे बनाने में विफल रहे हैं। जिससे प्रशंसक भी निराश हैं। भारत ए टीम की ओर से श्रीलंका दौरे में भी वैभव ने यही गलती की है। इससे 94 रनों पर पहुंचने के बाद भी वह शतक नहीं लगा पाये। इसका कारण उनमें धैर्य की कमी को माना जा रहा है। वैभव अगले माह होने वाले इंग्लैंड और आयरलैंड दौरे के लिए सीनियर टीम में शामिल किये गये हैं। ऐसे में प्रशंसक उम्मीद कर रहे हैं कि वह एक ही गलती अब नहीं करेंगे। वैभव ने हाल ही में श्रीलंका दौरे पर त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल में केवल 29 गेंदों में ही 94 रनों की आतिशी पारी खेली थी जिससे सभी हैरान हो गये थे। इस आक्रामक पारी के बाद भी वैभव शतक के बेहद करीब पहुंचकर भी उसे पूरा नहीं कर पाये। इससे एक बार फिर दिखा कि वह शतक के करीब जाकर गलती कर जाते हैं।श्रीलंका ए के खिलाफ हुए उस फाइनल मुकाबले में वैभव ने पहली गेंद से ही आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। उन्होंने केवल 11 गेंदों में ही अपने 50 रन पूरे कर लिए। 64 रन तक पहुंचने तक वैभव ने एक भी सिंगल नहीं लिया, जो यह संकेत दे रहा था कि वह एक बड़े शतक की ओर बढ़ रहे हैं पर एक बार फिर इस बल्लेबाज ने वही पुरानी गलती दोहराई जिससे वह शतक से केवल 6 रन दूर रह गए। आक्रामक रवैये के चलते वह कब अर्धशतक पूरा कर लेते हैं और कब शतक के करीब पहुंच जाते हैं, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल होता है। हालांकि, यही आक्रामकता कभी-कभी उनके लिए नुकसानदेह साबित होती है, खासकर जब वह बड़ी व्यक्तिगत उपलब्धि के करीब होते हैं। उन्हें शतक के करीब पहुंचकर अपना धैर्य न खोने की कला सीखनी होगी।

# रोहित के आलोचकों पर बरसे कैफ, ऐसे लोग चाहते हैं वह विफल हो जाएं

**एजेंसी, मुम्बई**



पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा है कि कुछ लोग ऐसे हैं तो अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा को असफल होने देखना चाहते हैं जिससे कि उन्हें एकदिवसीय विश्वकप से बाहर करने का अवसर मिल जाये। कैफ के अनुसार रोहित ने अफगानिस्तान के खिलाफ अंतिम एकदिवसीय मैच में 79 रनों की पारी खेलकर साबित कर दिया है कि अभी उनमें काफी क्रिकेट बचा है और वह बड़े स्कोर बनाने में किसी से पीछे नहीं हैं। इसी कारण वह 39 साल की उम्र में भी जमकर रन बना रहे हैं। इस प्रकार जहां एक ओर रोहित अगले साल होने वाल एकदिवसीय विश्वप कप के लिए अपनी दावेदारी पक्की कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कुछ ऐसे आलोचक भी हैं जो उनकी बढ़ती उम्र का हवाला देकर उन्हें रोकना चाहते हैं। ऐसे लोग नहीं चाहते कि रोहित विश्वकप खेलें। साथ ही कहा कि ऐसे लोगा चाहते हैं कि रोहित असफल हो जाएं जिससे उन्हें बाहर करने का अवसर मिल जाये। वहीं रोहित ने अपनी पिछली 10 पारियों में एक शतक, दो बार 75 या उससे अधिक रन, एक 57 रनों की पारी और एक 48 रनों की पारी खेली है, जो उनकी बेहतरीन लय को दिखाती है जबकि आलोचक एक पारी में विफल होने पर ही इनके खिलाफ अभियान चलाना शुरु कर देते हैं। कैफ ने कहा कि चयन का पैमान उम्र नहीं, बल्कि फॉर्म होनी चाहिए। विशेष रुप से रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के मामले में।

# शाहिदी एक विशेष कलब का हिस्सा बने

**एजेंसी, चेन्नई।** अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी अपने एकदिवसीय करियर में 13 साल के बाद पहला शतक लगाने के साथ ही दिग्गज क्रिकेटरों के खास क्लब का हिस्सा बन गये हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारी दबाव के बीच ही एक दशक से भी अधिक समय तक अपने को लगातार साबित करते रहना और अपने पहले शतक के लिए इतने लंबे इंतजार के बाद सफलता प्राप्त करना आसान नहीं है पर शहिदी निराश नहीं हुए। इसी कारण वह भारत के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में 102 रनों की यादगार पारी खेलने में सफल रहे। साल 2013 में अंतरराष्ट्रीय वनडे क्रिकेट में कदम रखने वाले शाहिदी को अपने पहले शतक तक पहुंचने में पूरे 4644 दिन का अविश्वसनीय रूप से लंबा सफर तय करना पड़ा। यह यात्रा इतनी लंबी और संघर्षपूर्ण थी कि इसने क्रिकेट प्रेमियों को गुजरे दौर के उन महान बल्लेबाजों की याद दिला दी जिन्होंने भी अपने करियर में ऐसे ही किसी खास मुकाम के लिए लंबा इंतजार किया था। एकदिवसीयच डेब्यू से लेकर पहले शतक के बीच सबसे ज्यादा दिनों के इंतजार के मामले में, शाहिदी अब दुनिया के चौथे बल्लेबाज बन गए हैं।

# मनिका ने एशियाई खेलों के लिए टीम चयन की प्रकिया पर उठाये सवाल

### अधिक पारदर्शिता की जरुरत बतायी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत की शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा 2026 एशियाई खेलों के लिए टीम में जगह नहीं मिलने के बाद से ही निराशा हैं। मनिका ने चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा है कि इसमें अधिक पारदर्शिता होनी चाहिये है।आइची-नागोया एशियाई खेलों के लिए 10 सदस्यों की भारतीय टीम में मनिका जगह की प्रबल दावेदार थी पर जिस प्रकार से उन्हें बाहर रखा गया है उससे प्रशंसक भी हैरान हैं। मनिका को केवल रिजर्व खिलाड़ियों की सूची में जगह मिली है। इस ओलंपियन ने सोशल मीडिया पर नाराजगी जताते हुए कहा कि एशियाई खेल 2026 की टीम में चयन नहीं होने से वह हैरान है। इसके लिए उन्हें कोई तर्कसंगत कारण भी नहीं बताया गया है। उन्होंने चयन मापदंडों में विसंगति की ओर संकेत करते हुए कहा, प्रदर्शन में निरंतरता को लेकर सवाल उठते हैं, क्योंकि मेरे मामले में पिछले चयन चक्र के मुकाबले अलग-अलग पैमाने और बातों को ध्यान में रखा गया है। अगर वही नियम लागू होने थे जो पिछले एशियाई खेलों के चयन में लागू हुए थे, तो स्थिति अलग होती। उन्होंने खेल मंत्री और भारतीय ओलंपिक संघ से अनुरोध किया कि वे इस मामले का संज्ञान लें और चयन के नियमों को पारदर्शी व निष्पक्ष तरीके से लागू करना सुनिश्चित करें।

## बिजनेस

# शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**एजेंसी, नई दिल्ली**



घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान मजबूती का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही मुनाफा वसूली के चक्कर में हुई बिकवाली के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक की चाल में थोड़ी गिरावट भी आई, लेकिन थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया। खरीदारों की लिवाली की वजह से दोनों सूचकांकों की चाल में सुधार होने लगा। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.52 प्रतिशत और निफ्टी 0.55 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एटरनल, भारती एयरटेल, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, एनटीपीसी और नेस्ले के शेयर 2.22 प्रतिशत से लेकर 1.03 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, इन्फोसिस, टीसीएस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजी और एचडीएफसी बैंक के शेयर 6.75 प्रतिशत से लेकर 2.41 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,783 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 2,011 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 772 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 10 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 35 शेयर हरे निशान में और 15 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 357.77 अंक की मजबूती के साथ 77,160.67 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही मुनाफा वसूली के चक्कर में हुई बिकवाली की वजह से यह सूचकांक फिसल कर 77,008.02 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। पहले 10 मिनट के कारोबार में ही सेंसेक्स उछल कर 77,249.27 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद एक बार फिर बिकवाली का दबाव बनने की वजह से इस सूचकांक की चाल में मामूली कमजोरी आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 398.81 अंक की तेजी के साथ 77,201.71 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी में आज 93.50 अंक उछल कर 24,106.60 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी उतार-चढ़ाव होने लगा। बिकवाली का दबाव बनने पर निफ्टी 24,073.15 अंक के स्तर तक गिर गया, वहीं खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर इसने 24,148.70 अंक तक छलांग भी लगाई।

### ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशियाई बाजारों में मिश्रित रुख

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान बढ़त के साथ बंद हुए थे। हालांकि, डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजार में भी आज मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता में प्रोग्रेस होने की खबर की वजह से अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान खरीदारी का माहौल बना रहा। एस एंड पी 500 इंडेक्स 80.48 अंक यानी 1.08 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,500.58 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 496.28 अंक यानी 1.91 प्रतिशत कि छलांग लगा कर 26,517.93 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 110 अंक यानी 0.21 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 51,454.70 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है।

# सीएसएम टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का आईपीओ 24 जून को खुलेगा

### प्राइस बैंड 107-113 रुपये प्रति शेयर

**एजेंसी, नई दिल्ली**




ओडिशा स्थित सरकारी आईटी समाधान प्रदाता कंपनी सीएसएम टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बुधवार, 24 जून, 2026 को खुलेगा। इसमें निवेश के लिए 29 जून तक बोली लगा सकते हैं। इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 107–113 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। निवेश के लिए एंकर निवेशक 23 जून को बोली लागा सकेंगे। सीएसएम टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के 10 रुपये फेस वैल्यू वाले इस इश्यू के लिए निवेशक कम से कम 132 इक्विटी शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं और उसके बाद 132 इक्विटी शेयरों के मल्टीपल में बोली लगाई जा सकती है। यह आईपीओ पूरी तरह फ्रेश इश्यू है। कंपनी इस इश्यू के जरिए 1.29 करोड़ के नए इक्विटी शेयर जारी करेगी। इसमें कोई भी ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) हिस्सा नहीं है। इस आईपीओ से जुटाई गई पूरी धनराशि कंपनी के पास जाएगी, जिसका उपयोग कारोबार विस्तार के लिए किया जाएगा। कंपनी के मुताबिक आईपीओ से जुटाई गई धनराशि में से 53 करोड़ रुपये वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने में खर्च किए जाएंगे। वहीं, 25.88 करोड़ रुपये कर्ज को चुकाने में लगाए जाएंगे। इसके अलावा कुछ राशि संभावित अधिग्रहण और अन्य कॉर्पोरेट आवश्यकताों के लिए रखी जाएगी। शेयरों का अलॉटमेंट 30 जून को होने की संभावना है। इसके शेयरों की लिस्टिंग 2 जुलाई को एनएसई और बीएसई संभावित है। सीएसएम टेक्नोलॉजीज लिमिटेड 1998 में बनी उन चुनिंदा आईटी सॉल्यूशंस कंपनियों में से एक है, जिन्होंने सरकारी और प्राइवेट सेक्टर के लिए अपनी तरह के अनोखे प्रोजेक्ट पूरे किए हैं। यह कंपनी सरकारी टेक सॉल्यूशंस और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन सर्विसेज देने में भी माहिर है। यह माइनिंग और उससे जुड़ी सर्विसेज़, सरकारी और पब्लिक सर्विसेज़ और टूरिज़्म जैसे सेक्टर में टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस देती है।

# मारुति सुजुकी गुजरात के पांच आईटीआई में बनाएगी मैन्युफैक्चरिंग लैब

**एजेंसी, नई दिल्ली**



मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) गुजरात के 5 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में (एडवांस्ड) उन्नत विनिर्माण प्रयोगशालाएं स्थापित करेगी। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इसके लिए कंपनी ने गुजरात सरकार के रोजगार एवं प्रशिक्षण निदेशालय (डीईटी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह उन्नत विनिर्माण प्रयोगशालाएं (एएमएल) पालनपुर, भावनगर, सुरेंद्रनगर, गोधरा और दाहोद के आईटीआई में स्थापित की जाएंगी। पैसेंजर कार निर्माता कंपनी एमएसआईएल के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (कॉरपोरेट मामलों) राहुल भारती ने कहा, ''उन्नत विनिर्माण प्रयोगशालाओं के माध्यम से हम छात्रों को व्यावहारिक शिक्षा एवं आधुनिक उपकरणों के उपयोग का प्रशिक्षण देंगे। इससे ऐसे पेशेवर तैयार होंगे जो विकसित हो रहे मोटर वाहन परिवेश में सहजता से काम कर सकें।'' मारुति सुजुकी इंडिया वर्तमान में देशभर में विनिर्माण से जुड़े 31 आईटीआई का सहयोग कर रही है। कंपनी ने देशभर में 18 एएमएल स्थापित किए हैं। एमएसआईएल गुजरात में पांच नए एएमएल जुड़ने के बाद वह गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, पंजाब और चंडीगढ़ सहित सात राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 23 एएमएल संचालित करेगी।

# सोना-चांदी बाजार में हल्की गिरावट, देशभर में कीमतों में नरमी का रुख

**एजेंसी, नई दिल्ली** । घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सांकेतिक कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। भाव में आई गिरावट के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,46,070 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,48,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। 22 कैरेट सोना आज 1,33,890 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,35,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी मामूली कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,49,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,46,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,34,040 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,46,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,33,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,46,120 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,33,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

# कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट, ब्रेंट क्रूड का भाव 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**एजेंसी, नई दिल्ली**




अमेरिका और ईरान के बीच स्विट्जरलैंड में हुई शांति वार्ता के बाद वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में सोमवार को गिरावट दर्ज हुई है। क्रूड ऑयल की सप्लाई में रुकावट की आशंका कम होने और ईरान के तेल निर्यात बढ़ने की उम्मीद के चलते कच्चे तेल की कीमतें 3 फीसदी तक की गिरावट आई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज कारोबार के दौरान अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड का भाव 0.94 डॉलर यानी 1.17 फीसदी की गिरावट के साथ 79.63 डॉलर प्रति बैरल के करीब ट्रेंड कर रहा है। शुरुआत कारोबार में यह 82 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गया था। अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड अभी 0.11 डॉलर यानी 0.15 फीसदी की तेजी के साथ 75.96 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई यह गिरावट भारत जैसे तेल आयातक देशों के लिए राहत की बात है, लेकिन कच्चा तेल सस्ता होने के बावजूद पेट्रोल और डीजल के दामों में तुरंत कमी की संभावना कम है। इसकी वजह यह है कि तेल कंपनियां पहले अपनी लागत और पुराने नुकसान की भरपाई करेंगी। वैश्विक बाजार की नजर पश्चिम एशिया के हालात और कच्चे तेल की आपूर्ति पर रहेगी, क्योंकि आगे की दिशा भी इसी पर निर्भर करेगी।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।